वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 282, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 319 अंकों की गिरावट

कमजोर रुख के बीच शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सेंसेक्स 319 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 25,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। } 14

पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। } 16

संक्षेप

नौ जिलों में लागू हुई आचार संहिता

लखनऊ। विधानसभा उपचुनाव वाले यूपी के 9 जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है। इन सीटों के लिए 18 अक्तूबर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उपबंध मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी, कानपुर नगर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर और मिर्जापुर में लागू हो गए हैं। बता दें कि राज्य राजधानी क्षेत्र और नगर निगम क्षेत्र की विधानसभा सीट पर चुनाव होने पर उस विधानसभा क्षेत्र में ही आचार संहिता लागू होती है। जबकि, इसके अलावा अन्य क्षेत्रों ...शेष पृष्ठ 14 पर

सात और विमानों में बम की अफवाह

नई दिल्ली। इंडियन एयरलाइंस की सात और फ्लाइट्स में बुधवार को बम होने की धमकी मिली। इसमें इंडिगो की चार, स्पाइसजेट की 2 और अकासा की एक फ्लाइट शामिल है। पिछले 3 दिन में 19 विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। 15 अक्टूबर को 7 फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली थी। इन फ्लाइट्स में एअर इंडिया एक्सप्रेस का दिल्ली से शिकागो जाने वाला विमान भी शामिल था। उसे कनाडा डायवर्ट कर इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया था। जांच में इन फ्लाइट्स में बम की खबर झूठी निकली थीं। हालांकि, सभी एयरपोर्ट्स पर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लगातार मिल रही धमकियों के बीच केंद्र ने बुधवार को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या को दोगुना करने का फैसला किया है। ये विमान में सादे कपड़े में रहेंगे। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली पुलिस ने इन मामलों में 6 एफआईआर दर्ज की हैं। मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के रहने वाले नाबालिग को हिरासत में लिया है।

नायब सिंह सैनी ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

चंडीगढ़। नायब सिंह सैनी बृहस्पतिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे और समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के अलावा अन्य लोग भी शामिल होंगे। सैनी ने बुधवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और पंचकूला में पार्टी कार्यालय में आयोजित एक बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। पंचकूला में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मोदी व शाह के अलावा राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 21.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करेगी सरकार (पृष्ठ-02)
- उपचुनाव को लेकर सरकार की तैयारी पूरी (पृष्ठ-02)
- सब्सिडी से नहीं आएगी: गोयल ने उद्योगों से कहा (पृष्ठ-14)
- सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी में भी आया उछाल (पृष्ठ-14)
- देश का निर्यात 34.58 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)

न्याय की देवी की आंखों से हटायी गयी पट्टी

मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर हुआ बदलाव

एजेंसी

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय में बुधवार को न्याय की देवी की नयी प्रतिमा लगाई गई। न्याय की देवी की मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गयी है और उसके एक हाथ में तलवार की जगह संविधान ...शेष पृष्ठ 14 पर

राजधानी में बनेगा इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मेजबानी कर सकेगा लखनऊ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन कम एग्जीबिशन सेंटर

- सीएम के निर्देश 02 वर्ष में तैयार करें भव्य कन्वेंशन सेंटर
- 32 एकड़ में बनेगा 10 हजार की क्षमता वाला सेंटर

के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया और कहा कि राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त, विश्वस्तरीय हाईटेक कन्वेंशन-सह-एग्जीबिशन सेंटर की आवश्यकता है।

कन्वेंशन सेंटर का निर्माण आवास विकास और एलडीए के संयुक्त तत्वावधान में किया जाना चाहिए। राज्य सरकार भी इसमें वित्तीय सहयोग करेगी। निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने दो वर्ष की अवधि तय की है। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को बहुउपयोगी बनाया जाना चाहिए। कन्वेंशन सेंटर ऐसा हो जहां बड़े सांस्कृतिक,

राजनीतिक, राजकीय, धार्मिक समारोह गीत-संगीत के कंसर्ट पूरी भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित हो सकें। एग्जीबिशन सेंटर सभी प्रकार के मेलों/प्रदर्शनियों की मेजबानी करने में सक्षम हो, यहां ओपन थियेटर भी हो, समीप ही होटल इंडस्ट्री के लिए भूमि आरक्षित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन की वास्तुकला में भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब हो, साथ ही जल और ऊर्जा संरक्षण का उदाहरण प्रस्तुत करने वाला हो। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पाद, हमारे विशिष्ट खान-पान, लोककला, लोकसंगीत का सतत प्रदर्शन भी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर में छोटे, बड़े और भारी वाहनों की बेहतर पार्किंग, फायर सेफ्टी, प्रसाधन और फूड कोर्ट आदि की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। हाल ही में सम्पन्न यूपी

- सरकार के सहयोग से आवास विकास परिषद व लखनऊ विकास प्राधिकरण करायेगा निर्माण

इंटरनेशनल ट्रेड शो की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों में लाखों की संख्या में लोगों का आगमन होता है। ऐसे मौकों पर क्राउड मैनेजमेंट की जरूरत होती है, कन्वेंशन सेंटर में प्रदर्शनी हॉल की रूपरेखा तय करते समय इसका ध्यान रखा जाए। कन्वेंशन सेंटर के प्रस्तावित स्वरूप पर जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि वृंदावन योजना में जहां वर्ष 2020 में डिफेंस एक्सपो का आयोजन हुआ था, वहां 32 एकड़ की भूमि उपलब्ध है, जिस पर इसका निर्माण कराया जा सकता है। यहां चारों ओर से अच्छी कनेक्टिविटी है। लगभग ...शेष पृष्ठ 14 पर

केंद्रीय कर्मियों को दिवाली का तोहफा

महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा, पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतनापेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है।

वहीं एक अन्य निर्णय में सरकार ने 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के

एमएसपी में 130 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। उधर मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रेलवे बोर्ड में दो सदस्यों और दो महानिदेशकों की नियुक्ति से संबंधित रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा मंगलवार को जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, ब्रज मोहन अग्रवाल को सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टाफ) नियुक्त किया गया है, जबकि नवीन गुलाटी को रेलवे बोर्ड में सदस्य (बुनियादी ढांचा) का कार्यभार सौंपा गया है।

वहीं सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के इरादे से पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करना और उपभोक्ताओं के लिए बाजार मूल्य को स्थिर करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को फसलों की कटाई के समय जल्दबाजी में आकर अपनी फसल बेचने से रोकना है। इससे दलहन, तिलहन और अन्य जरूरी कृषि एवं बागवानी वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर

वाराणसी में बनेगा सबसे चौड़ा रेल-रोड पुल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंगा पर देश का सबसे चौड़ा रेल और रोड पुल बनाया जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को इसकी मंजूरी दे दी। गंगा पर 137 साल पुराने मालवीय पुल के ठीक बगल में बनने वाले इस पुल पर ऊपर छह लेन की सड़क और नीचे चार लाइन का रेल ट्रैक होगा। पीएम मोदी इसी रविवार वाराणसी को अरबों की सौगात देने भी आ रहे हैं। माना जा रहा है कि इस दौरान पुल का शिलान्यास भी हो सकता है। इस पुल के बनने से यूपी से बिहार और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में रेल और सड़क मार्ग से आवागमन आसान और किफायती हो जाएगा। करीब 2642 करोड़ की लागत से बनने वाले नए पुल से हर साल 8 करोड़ लीटर डीजल यानी 638 करोड़ रुपये की भी बचत होगी। अभी चंदौली से वाराणसी आने वाले बड़े वाहनों को 137 साल पुराने मालवीय पुल पर चढ़ना प्रतिबंधित है। ऐसे में इन वाहनों ...शेष पृष्ठ 14 पर

वीवीआईपी सुरक्षा से हटाये जायेंगे एनएसजी कमांडो

एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व सीएम मायावती की सुरक्षा में केंद्र सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने का फैसला लिया है। उनकी जगह अब सीआरपीएफ के जवान कमान संभालेंगे।

- सीआरपीएफ जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान

गृह मंत्रालय से जारी आदेश के मुताबिक विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दे दी गई है। इस बटालियन को हाल में संसद सुरक्षा से हटाया गया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 'ब्लैक कैट' कमांडो द्वारा संरक्षित 'जेड प्लस' श्रेणी के नौ वीआईपी लोगों में सीएम योगी आदित्यनाथ और पूर्व सीएम मायावती भी शामिल हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सबानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में भी बदलाव किया गया है। इन सभी को सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार गृह मंत्रालय के अधीन दो बलों के बीच जिम्मेदारियों का हस्तांतरण एक महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है। राजनाथ और योगी आदित्यनाथ को एएसएल प्रोटोकॉल भी मिलेगा एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ जिसमें छह वीआईपी सुरक्षा बटालियन हैं, से इस काम के लिए एक और सातवीं बटालियन को शामिल करने को कहा गया है। नई बटालियन वह होगी जो कुछ महीने पहले तक संसद की सुरक्षा में लगी थी। अधिकारी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

उमर अब्दुल्ला ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

जम्मू-कश्मीर की नवगठित सरकार में शामिल नहीं हुई कांग्रेस

एजेंसी

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें जम्मू से सुरिंदर चौधरी भी शामिल हैं, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है।

दूसरी बार मुख्यमंत्री बने उमर अपने दादा शेख अब्दुल्ला और पिता फारूक अब्दुल्ला के बाद इस पद पर आसीन होने वाले अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। वह इससे पहले

2009 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे, जब यह पूर्ण राज्य हुआ करता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगी। अब्दुल्ला के साथ पांच मंत्रियों - सकीना मसूद (इटू), जावेद डार, जावेद राणा, सुरिंदर चौधरी और सतीश शर्मा ने भी पद की शपथ ली। इटू एवं डार कश्मीर घाटी से हैं जबकि राणा, चौधरी और शर्मा जम्मू क्षेत्र से हैं। जम्मू क्षेत्र से तीन मंत्री बनाया जाना क्षेत्र के लोगों की आशंकाओं को दूर करने का एक स्पष्ट प्रयास है। इटू एकमात्र महिला मंत्री हैं। अब्दुल्ला ने अंग्रेजी जबकि चौधरी ने हिंदी में शपथ ली। शेर-ए-इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित समारोह के तुरंत बाद नए मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, मैंने कहा था कि हम जम्मू को यह महसूस नहीं होने देंगे कि इस सरकार में उनकी कोई आवाज या प्रतिनिधि नहीं है। मैंने जम्मू से एक उपमुख्यमंत्री चुना है, ताकि जम्मू के लोगों को लगे ...शेष पृष्ठ 14 पर

क्षेत्रीय सहयोग में बाधा बन रहा आतंकवाद

व्यापार, ऊर्जा और संपर्क बढ़ाने के लिए अलगाववाद व उग्रवाद पर लगायें लगाम : जयशंकर

एजेंसी

इस्लामाबाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि व्यापार और संपर्क पहल में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में

आयोजित एससीओ देशों के एक शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।

जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की। सम्मेलन से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने जयशंकर से हाथ मिलाया और शिखर सम्मेलन स्थल जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में उनका और एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। शरीफ और जयशंकर ने कल रात्रिभोज के दौरान भी हाथ मिलाया और संक्षिप्त बातचीत की। सम्मेलन में अपने संबोधन में जयशंकर ने आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों से ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर पन्नू ने ट्रूडो के ऑफिस को भारतीय उच्चायोग के 'जासूसी नेटवर्क' का विवरण देते हुए साझा की थी अहम जानकारी

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के ट्रूडो से संबंध

एजेंसी

ओटावा। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा है कि उसका संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के ऑफिस से संपर्क में है। उसके संगठन ने ही निज्जर हत्याकांड में ट्रूडो ऑफिस को भारत के खिलाफ जानकारी मुहैया कराई थी। कनाडा में खालिस्तानियों को पनाह देने के आरोप ट्रूडो सरकार पर बीते काफी समय से लग रहे है। इन आरोपों को अब पन्नू ने पुख्ता करने का काम किया है, उसने ट्रूडो संग रिश्तों को सार्वजनिक तौर पर कबूल कर लिया है।

पन्नू ने कहा है कि एसएफजे कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के ऑफिस के संपर्क में रहा है और हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत के खिलाफ जानकारी भी साझा की थी। कनाडाई समाचार चैनल के साथ एक इंटरव्यू पन्नू ने दावा

किया है। पन्नू ने कहा कि ट्रूडो ऑफिस को भारतीय उच्चायोग के 'जासूसी नेटवर्क' का विवरण देते हुए अहम जानकारी उसके संगठन ने ही दी थी। पन्नू का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस पिछले करीब तीन वर्षों से कनाडाई प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ संवाद कर रहा है।

पन्नू ने यह भी कहा कि भारत के खिलाफ कनाडा का आरोप देश की कानून के राज और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। पन्नू का यह बयान भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के समय आया है। संबंधों में गिरावट की वजह कनाडा का खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया जाना है। निज्जर की जून 2023 में सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

गुरपतवंत सिंह पन्नू बीते काफी समय से चर्चा में है। पन्नू सिखों के लिए अलग देश खालिस्तान की मांग करता है और भारत के खिलाफ बयान देता रहता है। पेशे से वकील पन्नू का परिवार पहले पंजाब में पैदा हुआ और पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई करने के बाद अमेरिका चला गया। न्यूयॉर्क में वॉल स्ट्रीट में सिस्टम विश्लेषक के रूप में काम कर चुके पन्नू ने साल 2007 में पन्नू ने सिख फॉर जस्टिस नाम से संगठन शुरू किया। सिख फॉर जस्टिस नाम ...शेष पृष्ठ 14 पर

फतेहपुर, झांसी व कुशीनगर में सड़क हादसे, नौ की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। फतेहपुर, झांसी और कुशीनगर में हुए सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के नजदीक बुधवार सुबह एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रॉला को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कल्याणपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक रमा शंकर ने बताया कि हादसे में कन्नौज जिले के रहने वाले मनोज शुक्ला (65) और अविनाश चंद्र दुबे (64) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल कौशल तिवारी (39) को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। कार सवार लोग कानपुर से फतेहपुर की ओर आ रहे थे। वहीं, झांसी जिले के गुरसराय थाना क्षेत्र के सरसेंडा गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गोपीनाथ सोनी ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

- एक दर्जन से अधिक मजदूर हुए घायल
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज

निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी में आने वाले निवेशकों के चलते योगी सरकार उनकी सहूलियतों में और इजाफा करने की तैयारी कर रही है। प्रदेश में औद्योगिक प्राधिकरणों में प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (पीएमआईएस) को लागू करने और उसके जरिए निवेशकों से चरणबद्ध

- **प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम को लागू करने और उसके जरिए निवेशकों से चरणबद्ध संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की योजना पर काम शुरू**

संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की योजना पर काम शुरू भी हो गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करने की दिशा में व्यापक कदम उठा रही है। इस क्रम में, निवेश मित्र एक बड़ा माध्यम बन रहा है। वहीं प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्राधिकरणों ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) व ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रमुख हैं।

उन्होने बताया कि पीएमआईएस को लागू करने, उसके फ्रेमवर्क को विकसित व सुदृढ़ करने और सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के रूप में कार्यरत निवेश मित्र पोर्ट के साथ इंटीग्रेट करके लैंड बैंक समेत विभिन्न प्रकार की जानकारियां तक एक्सेस को बढ़ाया जाएगा। तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, प्रक्रिया पूरी होने पर हाउसिंग, रेजिडेंशियल, इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशनल, कॉमर्शियल व ग्रुप हाउसिंग स्कीमों के लिए आवेदन व संचालन

गतिविधियों की सीधी मॉनीटरिंग हो सकेगी। वहीं, सीआईसीए बिल्डिंग मैप अप्रूवल, एक्सटेंशन लेटर तथा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट समेत विभिन्न दस्तावाजों के जारी होने और उनकी निगरानी को ट्रैक करने का फ्रेमवर्क भी प्रक्रिया के जरिए तैयार हो जाएगा। सूत्रों ने बताया कि निवेश मित्र से इंटीग्रेट होने के साथ ही नोएडा प्राधिकरण के लैंड बैंक समेत विभिन्न जानकारियां निवेश मित्र से एक्सेस हो सकेंगी। वहीं इससे नोएडा प्राधिकरण में भी चरणबद्ध तरीके से परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में हर अपडेट निवेशकों को पता लग सकेगी। पीएमआईएस के जरिए निवेशकों के हर अप्रूवल व क्वेरी की जानकारी उनके द्वारा रजिस्टर्ड एसएमएस, ई-मेल व व्हॉट्सऐप पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को बढ़ावा देने वाला कदम होगा बल्कि इससे निवेशकों को भी सरकारी कार्यप्रणाली सीधा संवाद करती प्रतीत होगी। प्रक्रिया के अंतर्गत, नोएडा की लगभग 96 हजार प्रॉपर्टी का विस्तृत लेखा-जोखा नोएडा प्राधिकरण द्वारा विकसित कराए जा रहे वेब बेस्ड एप्लीकेशन पैकेज पर उपलब्ध होगा। इसके देखरेख को सुनिश्चित करने के लिए वेब बेस्ड मॉड्यूल का भी विकास किया जाएगा। इसके साथ ही, एप्लिकेशन डाटा प्रोसेसिंग (ऑनलाइन, ऑफलाइन), नई प्रॉपर्टी के पंजीयन व डाटा प्रोसेसिंग, अलॉटमेंट लेटर समेत अलॉटी व प्रॉपर्टी से जुड़े विवरणों का संकलन और समयबद्ध व चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी प्रपत्रों को जारी करने की अद्यतन स्थिति, ऑनलाइन पेमेंट के लिए बैंक गेटवे के साथ इंटीग्रेशन जैसी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि यूपीसीडा द्वारा बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) को लागू करने पर काम हो रहा है। यह डीटेल्ड मैकेनज्मि की तरह कार्य करेगा जो यूपीसीडा के ऑफिशियल्स की परफॉर्मेंस में इजाफा करने, ऑनलाइन सर्विसेस के मॉडिफिकेशन व निवेश मित्र के साथ उसके इंटीग्रेशन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (आईपीआरएस रैंकिंग) का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। वहीं, निवेश मित्र पोर्टल को भी बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली से युक्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

योगी सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू की नयी योजना

लखनऊ। योगी सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की है, जिसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जायेगा। इस योजना का प्रदेश के 18 जिलों में शुरूआत की गई है, जिसमें उद्यान

- **18 जिलों के किसानों को मिलेगा 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान**
- **लखनऊ सहित प्रत्येक चिन्हित जनपद में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य**

विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के नवान्मेषी कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है।

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी है कि मखाना खेती की विभाग द्वारा अनुमन्य इकाई की लागत 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार रुपये का अनुदान देगी। इसके लिए किसानों को जिला उद्यान अधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा। योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित जिले में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में कुल 180 हेक्टेयर में मखाने की खेती होगी। प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मिजार्पुर, बरेली, अयोध्या और गोरखपुर जिलों में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इन जिलों में मखाने की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और संसाधन उपलब्ध हैं, जहां तालाबों और निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति मखाना उत्पादन के लिए अनुकूल है।

नये कॉलेजों और पाठ्यक्रमों की शुरूआत के लिए समय सारिणी तय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शैक्षिक सत्र 2025-26 में बीएड पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना और मौजूदा कॉलेजों में नए स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरूआत के लिए समय सारिणी निर्धारित कर दी गई है। इस समय सारिणी के तहत 15 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालयों में नए पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा

- **नये बीएड कॉलेजों और स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तय**

करने की अंतिम तिथि तय की गई है। 16 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक भूमि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। प्राप्त अनापत्ति प्रस्तावों को 7 दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा जाएगा और एक महीने के भीतर सत्यापन रिपोर्ट संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन भेजनी होगी। 31 जनवरी 2025 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि यदि विश्वविद्यालय के निर्णय के विरुद्ध अपील करनी हो तो 10 फरवरी 2025 तक शासन में अपील की जा सकती है, जिसकी निस्तारण तिथि 20 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। 28 फरवरी 2025 तक निरीक्षण मण्डल के गठन के लिए आवेदन किया जाएगा और 5 मार्च 2025 तक विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा। 5 अप्रैल 2025 तक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, और 20 अप्रैल 2025 तक सम्बद्धता दी जायेगी। सम्बद्धता से संबंधित अपीलें 31 मई 2025 तक निपटायी जायेंगी। प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश दिए, जिसमें खतौनी का सत्यापन, संयुक्तता प्रमाण पत्र और स्थलीय सत्यापन शामिल हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई आपत्ति अनुचित पाई गई, तो इसे अनुचित समझा जाएगा। निरीक्षण मण्डल के पैनल के गठन के संबंध में, विशेषज्ञों और सदस्य सचिव की उपस्थिति अनिवार्य होगी और निरीक्षण तिथियों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पैनल की तिथि पर निरीक्षण न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

पूरे देश में उत्तर प्रदेश विधानसभा की हो रही चर्चा

विधायक और विधायिका के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी : सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा समितियां संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत होती हैं और इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। 18वीं विधानसभा में इन समितियों की भूमिका और भी अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जनता से चुनकर आता है, वह बहुत ही कठिन परिस्थितियों में विधानसभा पहुंचता है। इसलिए इन समितियों के माध्यम से उनकी कार्यक्षमता और भी बढ़ाई जाती है।

बुधवार को विधानभवन के समिति कक्ष में आयोजित याचिका समिति और नियम समिति की बैठकों के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि आज के समय में पूरे देश में उत्तर प्रदेश विधानसभा की चर्चा हो रही है और उनकी कोशिश है कि विधायक और विधायिका के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समितियां सरकार के सहयोग के लिए होती हैं, इसलिए विधायकों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में यह जानकारी दी जानी चाहिए कि सदन के अंदर क्या-क्या कार्य होते हैं। विकास कार्यों

और जनसेवा के साथ-साथ लोगों को यह भी समझाने की आवश्यकता है कि विधायिका किस प्रकार काम करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों को विधानसभा लेकर आएं ताकि विधाायिका के प्रति उनकी नकारात्मक धारणाएं बदल सकें। जब लोग प्रत्यक्ष रूप से विधानसभा और विधायकों के कार्यों को देखेंगे, तो उनकी समझ और दृष्टिकोण में बदलाव आएगा। महाना ने कहा कि विधानसभा का सुंदर भवन बनने के बाद लोग अब इसके बारे में अधिक जानने लगे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में लोग विधायिका के महत्व को नहीं समझते हैं। इसलिए वर्षों पुरानी इस धारणा को बदलने की जरूरत है, और यह जिम्मेदारी हम सबकी है कि हम अपने क्षेत्र के लोगों को विधानसभा लाएं और उन्हें विधायिका की कार्यप्रणाली से अवगत कराएं। महाना ने कहा कि विधानसभा की समितियों का कार्य केवल विधायकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। विधानसभा में जो मुद्दे उठते हैं, वे सरकार के विचारार्थ भेजे जाते हैं और समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वे इन मुद्दों पर पूरी गंभीरता से कार्य करें। इस मौके पर याचिका समिति के सदस्य अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि जिस प्रकार अध्यक्ष ने नगर विकास और औद्योगिक विकास के मंत्री पद पर रहते हुए खूब विकास कार्य कराए थें। उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए अब वह विधानसभा के विकास की दिशा में काम कर रहे है। जो हमारे ज्ञानवर्धन के साथ-साथ राज्य की विधायिका की प्रतिष्ठा को भी बढ़ा रहा है।

28 लाख दीयों को रखने के लिए 'मार्किंग' प्रक्रिया शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अयोध्या में शुरू हुआ दीपोत्सव अब आठवीं बार कीर्तिमान बनाने को तैयार है। प्रशासन ने कमर कस ली है और काउंटडाउन भी शुरू हो गया है। अब बस इंतजार है 30 अक्टूबर को होने वाले मुख्य आयोजन का। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की तरफ से दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए दो दर्जन से अधिक कर्मियों के साथ राम की पैड़ी के घाटों पर मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया है।

बुधवार को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव मोहम्मद सहील ने दूसरी बार मार्किंग की कमान सम्भाली। उन्होंने माइक्रोबायोलाजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रंजन सिंह व कर्मियों के साथ दीपोत्सव के दिन 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित किए जाने को लेकर 28 लाख दीए सजाने के लिए घाटों पर मार्किंग का कार्य कराया। उप कुलसचिव सहील ने बताया कि एक सप्ताह में घाटों पर मार्किग का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशन तथा कुलपति के कुशल प्रबंधन में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव और भव्य होगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंटर कालेज व एनसीओ के स्वयंसेवक पुनः पिछड़ा रिकार्ड तोड़कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में रामनगरी अयोध्या का नाम फिर से दर्ज कराने के लिए कमान संभाल चुके हैं। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि एक सप्ताह में राम की पैड़ी के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर तक स्वयंसेवकों के आई कार्ड देर शाम से वितरित होना शुरू हो जायेगा। राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित करने व 28 लाख दीए बिछाने के लिए 30 हजार स्वयंसेवकों को क्यूआर कोड से सुसज्जित आईकार्ड दिया जायेगा। इस आई कार्ड को फुलप्रूफ बनाने के लिए कई फीचर्स भी शामिल किए गए हैं। इससे स्वयंसेवकों के आईकार्ड में डुप्लीकेसी नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस क्यूआर कोड से लैस आईकार्ड में स्वयंसेवकों का नाम, फोटो, मोबाइल नम्बर, तैनाती स्थल एवं क्रमांक अंकित रहेगा। इसके अतिरिक्त आईकार्ड में जिला प्रशासन के प्राधिकृत अधिकारी, दीपोत्सव नोडल अधिकारी के साथ प्राधिकृत संस्था या इकाई के हस्ताक्षर रहेंगे।

भाजपा ने मिल्कीपुर में चुनाव कराने को लेकर सौंपा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भेंट की। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, संजय राय और राम प्रताप सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को प्रदेश

- **भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की भेंट**

की 9 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के साथ ही मिल्कीपुर (सु) विधानसभा का उपचुनाव संपन्न कराने को लेकर पत्र सौंपा।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग को मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव भी 9 विधानसभा सीटों के साथ ही संपन्न कराने के लिए सौंपे पत्र में कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में याचिका संख्या 68 इलेक्शन पिटिशन-2022 योजित है। गोरखनाथ द्वारा दायर की गई याचिका, जिसमें मिल्कीपुर (सु.) विधानसभा 2022 के चुनाव में विजयी प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की वैधता को चुनौती दी गई है। यह याचिका में उच्च न्यायालय द्वारा कोई भी स्थगन आदेश या अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है इसलिए मिल्कीपुर (सु.) विधानसभा का उपचुनाव भी शेष 9 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के साथ ही संपन्न कराना नितांत आवश्यक है। माना जा रहा है कि भाजपा ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के तंज को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर चुनाव कराने की मांग उठायी है।

सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ को ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में विधान सभाओं के उप-निर्वाचनों की घोषणा के बाद जनपद मिजार्पुर में 397-मझवां उप-निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत पुलिस थाना कछवां, पुलिस चौकी थाना कछवां, पुलिस थाना पड़री के पुलिस प्रभारियों तथा कई पुलिस कर्मियों सहित पूरे जिले में 35 पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर किये जाने की ओर ध्यान आकर्षित किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मिजार्पुर के मूल निवासी पुलिस अधीक्षक अभिनंदन का अपने गृह जनपद में पुलिस अधीक्षक के पद पर रहते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने व जिला कार्यक्रम अधिकारी वीणा वर्मा द्वारा भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन कराने के विरूद्ध कठोर, दण्डात्मक कार्यवाही करने और आदर्श आचार संहिता का सख्ती के साथ पालन कराने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह ज्ञापन केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र यादव और राधेश्याम सिंह ने सौंपकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

सपा के ज्ञापन में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर को

- **जिले में 35 पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर किये जाने पर जतायी आपत्ति**
- **अधीक्षक अभिनंदन का अपने गृह जनपद में पुलिस अधीक्षक के पद पर रहते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का लगाया आरोप**

प्रदेश में विधान सभा के उप-निर्वाचन की घोषणा किये जाने के बाद मिजार्पुर में 397-मझवां विधानसभा उप-निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कछवा पुलिस थाना प्रभारी पहले त्रिवेणी सेन थे, जिन्हें बदलकर अब अंजनी राय और पहले चौकी प्रभारी अविनाश कुमार को बदलकर अब दिलीप गुप्ता बनाये गये है। पड़री पुलिस थाना प्रभारी पहले विजय शंकर पटेल थे जिन्हें बदलकर अब दयाशंकर ओझा बना दिये गये हैं। मिजार्पुर में 35 से अधिक पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर चुनाव की घोषणा के बाद किया गया है जो कि आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन हैं ज्ञापन में कहा गया है कि मिजार्पुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन मूल रूप से मिजार्पुर के स्थायी निवासी हैं, अपने गृह जनपद मिजार्पुर में तैनाती के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनंदन नियम विरूद्ध कार्य कर रहे है, जिससे चुनाव प्रभावित हो रहा है, इन्हे तत्काल प्रभाव से मिजार्पुर से बाहर ट्रांसफर किया जाये ताकि भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। यह भी शिकायत है कि मिजार्पुर में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कार्यरत वीणा वर्मा भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन आयोजित करवा रही हैं। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती रही हैं। चुनाव प्रभावित हो रहा इन्हें तत्काल मिजार्पुर से बाहर ट्रांसफर किया जाय।

भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवायें ध्वस्त हो गयीं हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ है। उन्हें ठीक से दवा इलाज नहीं मिल रहा है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में डेंगू मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियां फैली हुई हैं। लखनऊ में कई दर्जन लोग हर दिन डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। पिछले एक महीने में लखनऊ में ही एक हजार से ज्यादा लोग डेंगू के शिकार हो चुके हैं।

लखनऊ में मंगलवार को ही डेंगू के 61 मरीज पाए गए। इसी तरह से मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों से बड़ी संख्या में लोग बीमार और पीड़ित हैं। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। शहरों में साफ सफाई का अभाव है, गंदगी की भरमार है। भाजपा सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। राजधानी

लखनऊ में डेंगू के कारण लोगों की मौतें हो चुकी हैं। सैकड़ों की संख्या में लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। प्लेटलेट्स और ब्लड की कमी को लेकर मारामारी है। भाजपा सरकार आम जनता की लगातार उपेक्षा कर रही है। मरीज और तीमारदार भटक रहे हैं। शासन प्रशासन को पता रहता है कि इस सीजन में संक्रामक बीमारियां और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड बढ़ जाती हैं लेकिन उसके बाद भी सरकार कोई उपाय नहीं करती। फागिंग और दवाओं की उचित व्यवस्था नहीं है। राजधानी लखनऊ के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमराई हुई है। बीएचयू अस्पताल में मरीजों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी रहती है। मरीजों को जांच दवाई और इलाज के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी और 2027 में सत्ता से बाहर करके ही दम लेगी।

उपचुनाव को लेकर सरकार और संगठन की तैयारी पूरी, विपक्ष ने भी कमर कसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरकार और संगठन ने पहले चरण की तैयारी काफी पहले पूरी कर चुकी है। पार्टी की तैयारियों के लिहाज से देखा जाए तो सरकार और संगठन ने मिलकर प्रदेश की सभी 10 सीटों पर रोजगार मेला, जनसभा, बूथ प्रबंधन समेत सभी तैयारियों पूरी कर चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

- **इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर असमंजस से कांग्रेस दोराहे पर**

खुद उप चुनाव की जिम्मेदारी खुद के कंधों पर ले रखी है और उन्होंने अब तक सभी 10 सीटों पर दो से चार बार चक्कर लगा चुके हैं। यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव का कार्यक्रम जारी होने के साथ ही चुनावी जंग में कूदने वाले सभी सियासी दलों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी थी जबकि इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर असमंजस से कांग्रेस दोराहे पर खड़ी दिख रही है। सपा तो पांच सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर चुकी है। सीएम ने अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ करीब एक महीने पहले ही सीएम ने सरकार के 30 मंत्रियों की टीम बनाकर मैदान में उतार चुके हैं। हर सीट की तीन-तीन मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सीएम, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने भी

बैठक करके फीडबैक ले चुके हैं। बूथ तक के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके चुनावी रणनीति पर चर्चा करने के साथ ही सीएम जिला, तहसील और ब्लाक स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। यहीं नहीं दो-दो सीटों का प्रभार ले रखा है।

यूपी में विधानसभा की 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर अभी उपचुनाव नहीं होगा। नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। यूपी में करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), मिल्कीपुर (अयोध्या), कटेहरी (अंबेडकरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), गाजियाबाद, फूलपुर (प्रयागराज), मझवा (मिर्जापुर) और मीरापुर (मुजफ्फरनगर) पर उपचुनाव होने हैं। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है जबकि 9 विधायक, लोकसभा सदस्य बन चुके हैं। विधानसभा उप चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही भाजपा अगले चरण की चुनावी तैयारी में जुट गई है। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में हैं। प्रदेश संगठन की ओर से हर सीट के लिए तीन-तीन नाम का पैनल केन्द्रीय नेतृत्व को भेजा जा चुका है। संभावना है कि जल्द ही केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक होने वाली है। इसलिए माना जा

रहा है कि एक-दो दिन में भाजपा भी प्रत्याशियों की सूची जारी कर देगी।

गौरतलब है कि प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी सबसे पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी मिल्कीपुर समेत छह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार चुकी हैं, हालांकि फिलहाल मिल्कीपुर का चुनाव टल गया है। यदि कांग्रेस से सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बनी तो सपा बाकी चार सीटों पर भी अपने प्रत्याशी घोषित कर सकती है। हालांकि कांग्रेस को दो सीट देने पर बातचीत का दौर जारी है। बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सांसद बनने के बाद रिक्त हुई मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह सीसामऊ सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी की सदस्यता समाप्त होने की वजह से रिक्त हुई सीट पर उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को टिकट दिया है। इसके अलावा फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मझवां सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया है। प्रदेश की नौ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में पांच सीटों पर सपा उम्मीदवार उतार चुकी है। अब कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाने की दुहाई देते हुए बची चार सीटों पर निगाह लगाए हुए हैं। उसे उम्मीद है कि कम से कम दो सीटें उसे मिल सकती है। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने मझवां, फूलपुर, गाजियाबाद, खैर, कुंदरकी और मीरापुर सीट पर दावा किया था। सपा ने मझवां, फूलपुर सहित पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। ऐसे में अब कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाने की दुहाई दे रही है। साथ ही बाकी बची चार सीटों में से कुछ सीटों मिलने की बात कह रही है। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसे कम से कम दो सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि उन्होंने पांच सीटों पर प्रस्ताव भेजा था। अभी चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। कुछ सीटों उन्हें जरूर मिलेंगी। हालांकि वह कहते हैं कि भाजपा के शासन से प्रदेशवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए सपा के साथ गठबंधन जरूरी है। कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाते हुए निरंतर भाजपा के खिलाफ संघर्ष करेगी।

बसपा बना चुकी है प्रभारी, तैयारियां जोरों पर

बहुजन समाज पार्टी बीते तीन माह से उपचुनाव की तैयारियों में जुटी है। पार्टी ने सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं, जिन्हें अब उपचुनाव की तारीख की घोषणा के बाद प्रत्याशी बना दिया जाएगा। बता दें कि बसपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान 5 सीटों पर हुए उपचुनाव में भी अपने प्रत्याशी उतारे थे। अपने अस्तित्व को बचाने को जूझ रही बसपा आगामी उपचुनाव में पूरी दमदारी के साथ उतरने जा रही है ताकि उसके हिस्से में भी कुछ सीटें आ सकें। जल्द ही बसपा सुप्रीमो मायावती इस संबंध में अहम घोषणा कर सकती हैं।

संक्षेप

कायाकल्प टीम ने सीएचसी सांगीपुर में किया औचक निरीक्षण

प्रतापगढ़। स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत खंगालने अचानक पहुंची कालाकल्प टीम को लेकर सांगीपुर सीएचसी में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य योजनाओं के कल्याणकारी क्षेत्र में ढांचागत सुधार को लेकर प्रदेश मुख्यालय से कायाकल्प टीम अचानक बुधवार को सीएचसी आ धमकी। डा. तारिक इकबाल की अगुवाई में यहां पहुंची टीम ने ओपीडी ऑपरेशन कक्ष आपात सेवाए वार्ड एवं दवाओं के वितरण आदि का अवलोकन किया। टीम ने लैब में भी पहुंचकर रक्त सम्बन्धी जांचों की प्रक्रिया को देखा। टीम ने निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. आनन्द तिवारी को परिसर में साफ सफाई के प्रबन्ध को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुधांशु शेखर डा. सत्येन्द्र सिंह ब्लाक पर्यवेक्षक आशीष पाण्डेय अनुभव शुक्ला मौजूद रहे।

जगन्नाथपुर के खाद्यान्न की दुकान में प्रीती का हुआ चयन

प्रतापगढ़। जगन्नाथपुर में सरकारी खाद्यान्न की दुकान की बुधवार को हुई चयन प्रक्रिया में प्रीती को सफलता मिली। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विमलेश कुमार मिश्र की देखरेख में कोटे की दुकान के चयन को लेकर मतदान कराया गया। मतदान में गांव के सिकंदर की पत्नी प्रीती को दो सौ चौहत्तर मत मिले। वहीं निकटतम जितेन्द्र पुत्र रामसुमेर को सत्तावन मत प्राप्त हुए। चयन प्रक्रिया में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी आईएसबी आत्माराम मौर्य व ग्राम विकास अधिकारी पूनम शुक्ला शामिल रहीं। चयन प्रक्रिया के दौरान प्रधान शान्ती देवी, राहुल सिंह राकेश सिंहए सुनील सिंहए अजय सिंह पवन पटेलए जीवन लाल सरोज गंगाराम भीम सरोज कमलेश सिंह कमाल सिंह आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

देशी बम के साथ धराया आरोपी गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने बुधवार की सुबह एक आरोपी को चार देशी बम के साथ धर दबोचा। दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। वर्मा नगर पुलिया से पचास मीटर दूर एक संदिग्ध आरोपी पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के पड़री निवासी जगराम सरोज के पुत्र सचिन के पास से पुलिस ने चार देशी बम बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद दोहपर जेल भेज दिया गया।

अपने वाहन पर हमला मामले में गवाही देने हापुड़ पहुंचे ओवैसी

हापुड़। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदउद्दीन ओवैसी दो साल पहले पिलखुवा टोल प्लाजा पर अपने वाहन पर हुए हमले के मामले में गवाही देने के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार सुबह हापुड़ की अदालत पहुंचे। पिलखुआ के थानाध्यक्ष मुनीश प्रताप ने पुष्टि की कि बुधवार को हैदराबाद से सांसद ओवैसी अपनी गवाही देने के लिए अपर जिला न्यायाधीश की अदालत में पेश हुए। वह बृहस्पतिवार को दोबारा आ सकते हैं, क्योंकि कार्यवाही अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि तीन फरवरी 2022 को सचिन शर्मा और शुभम नामक व्यक्तियों ने दिल्ली जा रहे ओवैसी की कार पर गोलियां चलाईं।

आटे में पेशाब मिलाने वाली मेड गिरफ्तार

गाजियाबाद। जिले में एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर में काम करने वाली सहायिका को आटे में पेशाब मिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शांति नगर कॉलोनी की रहने वाली रीना (32) नामक घरेलू सहायिका की यह हरकत कैमरे में कैद हो गयी। उनके मुताबिक, यह घटना तब सामने आई जब घर के मालिक नितिन गौतम की पत्नी रूपम ने देखा कि उनके परिवार के सदस्यों को यकृत में समस्या हो रही है तथा गड़बड़ी का संदेह होने पर उसने रसोई में घरेलू सहायिका की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

गौतम ने चुपके से अपने मोबाइल फोन से एक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जिसमें सहायिका आटे में पेशाब मिलाती हुई नजर आयी।

उन्होंने बताया कि परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सुबूतों के आधार पर पुलिस ने सोमवार को मामले में प्राथमिकी दर्ज की और मंगलवार को रीना को गिरफ्तार कर लिया। वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) लिपि नगाइच ने बताया, पूछताछ के दौरान घरेलू सहायिका ने शुरू में आरोपों से इनकार किया। हालांकि, वीडियो सामने आने पर उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। उनके मुताबिक, आरोपी ने दावा किया कि वह छोटी-छोटी गलतियों के लिए अक्सर डांटे जाने के कारण अपने मालिक से नाराज थी और बदला लेने की नीयत से उसने आटे में पेशाब मिलाया था। नगाइच ने बताया कि रीना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 272 (जीवन के लिए खतरनाक बीमारी का संक्रमण फैलाने की संभावना वाला घातक कार्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है। राज्य में हाल में कई जगहों से खाद्य पदार्थों में मूत्र और थूक सहित मानव अपशिष्ट मिलाए जाने की ऐसी ही घटनाएं सामने आई हैं। इसके मद्देनजर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि वह जल्द ही उन विक्रेताओं के खिलाफ एक नया कानून लाएगी जो अपनी पहचान छिपाते हैं और खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों में मानव अपशिष्ट या अखाद्य सामग्री मिलाते हैं।

कालाबाजारी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

किसान दिवस पर डीएम ने किसानों से की गहन वार्ता

बलरामपुर। कृषि एवं कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी कृषक भाईयो को प्रदान किए जाने एवं कृषक भाईयो की समस्या एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन में किसान दिवस संपन्न हुआ।

इस दौरान किसान दिवस में सभी विकास खंडों से आए कृषक बंधुओ से डीएम द्वारा कृषि एवं कृषि संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन वार्ता की गई एवं उनके सुझाव एवं शिकायते सुनी गई। उन्होंने कृषक बंधुओ द्वारा दिए गए बेहतर सुझावों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्रियान्वयन एवं शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कृषकों को सुपर यूरिया उर्वरक का प्रयोग किए जाने को जागरूक किया। डीएम ने कहा की जनपद में रबी फसलों की बुवाई हेतु समस्त प्रकार के खाद एवं उर्वरक की कोई भी कमी नहीं है, सभी कृषक भाईयो को मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उर्वरक की निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर विक्री करने, घटतौली अथवा कालाबाजारी पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं संबंधित अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान डीएम ने किसान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता नलकूप को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के साथ-साथ कृषि संबंधी विभागों के अधिकारी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कृषक भाईयो को योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, उपनिदेशक कृषि, लीड बैंक मैनेजर, डीडीएम नाबार्ड, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

प्रधानों ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन ज्ञापन के जरिए कमीशन का लगाया आरोप

प्रतापगढ़। मनरेगा सामाग्री मद हेतु आवंटित धनराशि में कमीशन के आरोप को लेकर नाराज प्रधानों ने बुधवार को यहां ब्लाक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह की अगुवाई में प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय पर एकत्र होकर मनरेगा सामाग्री मद हेतु आवंटित धनराशि में खण्ड विकास अधिकारी पर कमीशन मांगने का कथित आरोप लगाया है। विरोध कर रहे प्रधानों ने उपायुक्त श्रम रोजगार को संबोधित ज्ञापन में आरोप लगाया है कि कमीशन न देने पर प्रधानों को भुगतान नही हो सका है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि दो वर्ष से भुगतान न होने के कारण फर्म वाले पैसे के लिए प्रधानों पर लगातार दबाव बनाये हुए है। गांव में भुगतान न होने की स्थिति में विकास कार्य बाधित होने को लेकर प्रदर्शनकारी प्रधानों में आक्रोश देखा गया। इस मौके पर दिनेश सिंहए विजयलक्ष्मीए कल्पना देवी निशा देवेन्द्र सिंह आदि प्रधान रहे। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ समेत अधिकारियों की नामौजूदगी को लेकर प्रधानों का जत्था ज्ञापन देने जिला मुख्यालय रवाना हुआ बताया गया।

चोरी गयी बैटरी बरामद, चार आरोपी भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने बैटरी चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव व दीपक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कोतवाली क्षेत्र की एक बाग के समीप पुलिस ने चार संदिग्धों को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी पड़ोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के किठावा निवासी भीमशंकर पाण्डेय के पुत्र शुभम पाण्डेय तथा इसी गांव के देव प्रदीप सिंह के पुत्र रौनक सिंह तथा जिले के अंतू थाना के किठावर बाजार निवासी शिवप्रसाद के पुत्र अमित पाण्डेय उर्फ मोहित व किठावर बाजार निवासी अछितानंद पाण्डेय के पुत्र पीयूष पाण्डेय के पास से पुलिस ने चोरी गयी दो बैटरी तथा सब्बल, पेंचकस व चाबी का गुच्छा बरामद किया है। पकड़े गये आरोपियों पर बीती तेरह अक्टूबर को सलोन के किठावां में दो बैटरी चोरी करने का केस दर्ज हुआ है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गयी बैटरी बरामद कर ली है। पकड़े गये आरोपी शुभम सिंह व रौनक के खिलाफ रायबरेली के सलोन थाने में पहले से भी आपराधिक मुकदमा दर्ज हैं।

डॉ. अतुल कृष्ण ने की सीएम से शिष्टाचार भेंट

मेरठ। शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सुभारती समूह के संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। डॉ. अतुल कृष्ण ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तथ्य आधारित पोस्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया। पोस्टर में इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री एटली ने वर्ष 1956 में बंगाल के गवर्नर श्री पीबी चक्रवर्ती को बताया था कि अंग्रेजों ने भारत को स्वतंत्रता मुख्य रूप से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं आईएनए के कारण दी थी। इस तथ्य को उजागर करने वाले पोस्टर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सप्रेम स्वीकार करते हुए गर्व प्रकट किया। डॉ.अतुल कृष्ण ने मुख्यमंत्री को सुभारती समूह के शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से जनमानस के कल्याण हेतु अपने निजी प्रयासों से किये जा रहे समस्त कार्यों से रूबरू कराया। उन्होंने विशेष रूप से सुभारती शहीद स्मारक के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किये जा रहे शिक्षा व स्वास्थ्य सहित राष्ट्र निर्माण के कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुभारती समूह के राष्ट्र चरित्र निर्माण कार्यों सहित शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने डॉ.अतुल कृष्ण को प्रेरित करते हुए कहा कि वें राष्ट्रहित के मार्ग पर अनवरत चलते रहे।

बहराइच में सामान्य हो रहे हालात

- तीसरे दिन भी इंटरनेट बंद
- नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ायी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बहराइच के हिंसा प्रभावित महाराजगंज कस्बे और उसके आसपास हालात बुधवार को सामान्य होते दिख रहे हैं। हालांकि लगातार तीसरे दिन भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं और नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करने वाले बहराइच में हालात को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल ने सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है।

रविवार को बहराइच में दुर्गा पूजा के मौके पर मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़कने पर 22 वर्षीय युवक राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई और पथराव तथा गोलीबारी में करीब छह लोग घायल हो गए थे। जिले में, खासकर महसी तहसील के महाराजगंज कस्बे के 20 किलोमीटर के दायरे में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। मंगलवार शाम तक 50 से अधिक संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया और हिंसा तथा आगजनी के मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गईं। पुलिस के एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि रविवार और सोमवार को हिंसा के बाद अब स्थिति नियंत्रण में है।

जिले के अन्य हिस्सों में स्थिति सामान्य बताई गई, बाजार खुले रहे और लोग अपने कामकाज में लगे हैं। एसएसबी की 42वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने कहा कि मुख्यालय की ओर से मिले निर्देश के तहत रविवार की घटना के तुरंत बाद सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। उदावत ने बताया कि हमने नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल से भी बात की है और उनसे रुपईडीहा (बहराइच) के माध्यम से भारत-नेपाल सीमा पर लोगों की किसी भी अनावश्यक आवाजाही की जांच करने और वहां तलाशी बढ़ाने को कहा है। एसएसबी अधिकारी ने कहा कि यहां सीमा पर आवाजाही आमतौर पर दशहरा के समय बढ़ जाती है, जो नेपाल में भी एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इंटरनेट सेवाओं के बंद होने से स्थानीय कारोबार भी प्रभावित हुआ है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के बहराइच चैप्टर के अध्यक्ष गौरी शंकर भानीरामका ने कहा कि इंटरनेट सेवाओं के निलंबन से जिले में व्यापार प्रभावित हुआ है। इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के कारण करोड़ों का कारोबार प्रभावित हुआ है। हिंसा के संबंध में अब तक पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और ज्यादातर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हैं। मुख्य आरोपी अब्दुल हामिद, उसके बेटे रिंकू उर्फ सरफराज उर्फ सलमान और फहीम की तलाश जारी है। इस बीच, रविवार की हिंसा में घायल हुए दिव्यांग सत्यवान मिश्रा (45) को मंगलवार शाम इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि उन्हें पहले जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि वे अपने घर में ही घायल हुए थे।

परिवार रजिस्टर की नकल जारी होने में असुविधा को लेकर महिलाओं ने जताया आक्रोश

प्रतापगढ़। पंचायत भवन में ग्राम विकास अधिकारियों के न मिलने से परिवार रजिस्टर की नकल जारी होने में असुविधा को लेकर महिलाओं ने बुधवार को ब्लाक दिवस में विरोध प्रदर्शन किया। नारी संघ की पदाधिकारियों ने ब्लाक दिवस में आरोप लगाया कि पंचायत भवनों में पंचायत सचिव नहीं मिला करते हैं। इससे परिवार रजिस्टर की नकल को लेकर जरूरतमंद परेशान हो रहे हैं। वहीं आक्रोशित महिलाओं का आरोप है कि ब्लाक दिवस में भी जिम्मेदार अधिकारी नही मिला करते। विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहना है कि शासन की अनेक योजनाओं से महिलाएं अधिकारियों की उदासीनता के कारण लाभान्वित नही हो पा रही है। इस मौके पर मीनाए सुनीताए रीनाए पिंकीए राजकली आदि रहीं। नारी संघ की संयोजिका रीना ने ब्लाक दिवस में दिये गये ज्ञापन में कहा है कि मांगों पर विचार नही किया गया तो मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत दर्ज करायी जाएगी।

3 चोर गिरफ्तार, नगदी व मोबाइल बरामद

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर अशोक सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना तुलसीपुर के उ0नि0 राजीव कुमार मिश्रा मय हमराह का0 अमित यादव, का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 मनीष कुमार पुलिस टीम के द्वारा थाना तुलसीपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 225/24 धारा 303(2)/317(4) इठर से सम्बन्धित अभियुक्तगण अली हुसैन उर्फ भुर्रे पुत्र शमशेर. हबीब पुत्र मजीद. नजरे उर्फ नजर मोहम्मद पुत्र मो0 तकी नि0गण टेडवा थाना को0 जरवा जनपद बलरामपुर को सीरिया नाला के पास से गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 6000 रू0 नगद व एक अदद ₹५ङ्क मोबाइल फोन बरामद किया

पं. बद्री प्रसाद पांडेय का जन्मदिन मना

प्रतापगढ़। क्षेत्र के पूरे छतऊ ढ़िगवस में शिक्षामनीषी एवं समाजसेवी स्व. पं. बद्री प्रसाद पाण्डेय की जयन्ती सदभावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के डीन डॉ. सूर्यप्रकाश त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता पंण रामसेवक त्रिपाठी एवं धमार्चार्य अनिरूद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय ने स्व0 बद्री प्रसाद पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में लोकगायन आल्हा तथा प्रख्यात गायिका दिव्या दुबे के भजन गायन से समां बंधी दिखी। बतौर मुख्य अतिथि डॉण सूर्यप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पंण बद्री प्रसाद पाण्डेय ने समाज में जातिपात तथा ऊंच नीच का भेदभाव मिटाकर सद्भावना का माहौल बनाने में अप्रतिम योगदान दिया। पंण रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि स्व0 बद्री प्रसाद ने सभी धर्मो का समान आदर कर समाज में समरसता का मापदण्ड मजबूत बनाया। सद्भावना दिवस में संयोजक तथा प्रोफेसर डॉ. शक्ति कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम के ध्येय पर प्रकाश डाला। प्रख्यात गजलकार राजमूर्ति सिंह सौरभ गीतकार सुनील प्रभाकर व कवि सुरेश पाण्डेय सम्भव साहित्यकार चंद्रभानु त्रिपाठी के सद्भावना गीत से भी आयोजन में चार चांद लगा दिखा। संचालन भाजपा नेता अशोक मिश्र ने किया। समारोह को डॉ. अजीत कुमार कुलश्रेष्ठ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक पाण्डेय विजय मिश्र गुरूजी सौरभ पाण्डेय ज्ञानप्रकाश शुक्ल रघुवीर प्रसाद उपाध्याय प्रभाशंकर पाण्डेय, भारत तिब्बत सहयोग मंच के काशी प्रान्त अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने भी संबोधित कर राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना की मजबूती पर जोर दिया। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल भाजपा नेता हौसिला प्रसाद ओझा बसंत कुमार पाण्डेय हरीश मिश्र दिनेश सिंह राहुल मिश्र आदि रहे।

बच्ची से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

प्रयागराज। जिले के गंगा नगर के सोरांव थाना अंतर्गत एक नाबालिग बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के आरोपी को मंगलवार की रात पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस को चार अक्टूबर को सूचना मिली थी कि एक बच्ची का शव खेत में पड़ा है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था जिसमें बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए पांच टीम का गठन किया गया था और 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और 65 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई। इसी दौरान एक सीसीटीवी फुटेज में एक साइकिल सवार व्यक्ति को लड़की को ले जाते हुए देखा गया। गुनावत ने बताया कि व्यक्ति की पहचान सराय बोगी, थाना सोरांव निवासी मुकेश के रूप में हुई। पुलिस व्यक्ति की तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर रात सूचना मिली कि व्यक्ति जुड़ापुर दादू में हाइवे के पास मौजूद है। इसी सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची और उसे हिरासत में लेने के लिए आगे बढ़ी। इसी दौरान, व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस टीम पर गोलीबारी कर दी। गुनावत ने बताया कि जवाबी गोलीबारी में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि तीन अक्टूबर की रात को उसने लड़की को साइकिल पर लिफ्ट दी थी।

एम्बुलेंस कार्मिको ने गर्भवती महिला प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की जान बचाई

बलरामपुर। तुलसीपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम जबदा पुर के सुनीता पत्नी सुखराम गर्भवती महिला के डिलेवरी के दौरान तबीयत खराब होने पर गर्भवती महिला के परिजनों ने 108 एंबुलेंस बुलाया और तत्काल बिठाकर सीएससी तुलसीपुर पहुचाया गया जहां पर गर्भवती महिला की सुरक्षित डिलेवरी कराया गया जिस पर जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ हैं जिस पर सुनीता व उसके पति सुखराम ने 108 एंबुलेंस कर्मचारी एमटी नि यम नारायण दुबे पायलट को बधाई दी जो मौके पर जान बचाने में मदद की।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा बरी

रामपुर। रामपुर की विशेष सांसद/विधायक अदालत ने पूर्व सांसद जयाप्रदा को आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में बुधवार को बड़ी राहत देते हुए बरी कर दिया। जया के वकील अरुण प्रकाश सक्सेना ने संवाददाताओं को बताया कि रामपुर से पूर्व सांसद के खिलाफ 2019 में जिले के स्वार थाने में मामला दर्ज किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बावजूद जया ने नूरपुर गांव में बिना अनुमति के जनसभा का आयोजन कराया।

आज का युवा भारत का भविष्य

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में अहम भागीदारी : कृषि मंत्री

मेरठ। बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा कृषि उद्यमिता-समृद्ध किसान विषय पर आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। 16 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ होकर ये आयोजन 18 अक्टूबर, 2024 को सम्पन्न होगा। कृषि मंत्री ने कृषि विज्ञान केन्द्रों के स्टालों का भ्रमण कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर अच्छे कार्यों की सराहना की। विशेषकर महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित स्टाल की विशेष सराहना की। मंत्री जी ने किसान मेले में लगे स्टालों का भ्रमण किया तथा पशु प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। किसानों के कृषि कार्य को देश का भाग्योदय करने वाला बताते हुए किसान मेला को देश-प्रदेश के भाग्य का मेला बताया। उन्होंने किसानों को कृषि में नवीन तकनीक और अविष्कारों को खेत तक पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसान मेला और प्रदर्शनी के माध्यम से विश्वविद्यालय की तकनीक और नए अनुसंधान गाँवों और किसानों तक पहुँचेंगे। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों की चर्चा करते हुए उत्पादन बढ़ाने और फसलों की बहुउपयोगिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान मेले ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों से आये किसानों और उद्यमियों को कृषि वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का और अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को बाँटने का एक अवसर प्रदान किया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में महत्वपूर्ण भागीदारी है। राज्य के अन्य स्थानों की तुलना में यहाँ प्राकृतिक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं इनके समुचित प्रयोग के कारण विभिन्न फसलों की उत्पादकता अधिक है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ने की फसल एक वरदान है। यह फसल रोजगारपरक होने के साथ-साथ लाभकारी भी है किन्तु इस फसल की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है।

प्रमोद तिवारी को दोबारा मिली अहम जिम्मेदारी

राज्यसभा की एथिक्स कमेटी में भी उपनेता को मिली जगह

प्रतापगढ़। भारत सरकार की संसद में महत्वपूर्ण संसदीय कमेटी वित्त मंत्रालय की स्थायी समिति में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को दोबारा लगातार अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के लम्बे संसदीय ज्ञान तथा वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें राज्यसभा की सर्वाधिक शक्तिशाली इथिक्स कमेटी का भी मेम्बर बनाया गया है। राज्यसभा में सांसदों के नैतिक आचरण की निगरानी के साथ सदस्त्रों के नैतिक व अन्य कदाचार के सन्दर्भ में जांच करने वाली इथिक्स कमेटी का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा प्रमोद तिवारी को सदस्य नामित करना प्रतापगढ़ के लिए एक और बड़ी सियासी उपलब्धि आंकी जा रही है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव को देखते हुए उनका सियासी कद भी और बढ़ा है। यह कमेटी सांसदों से जुड़े नैतिक आचरण के साथ केन्द्र एवं राज्यों के प्रशासनिक ढ़ांचे में भी आचार समिति के रूप में जांच का विशेषाधिकार रखती है। संसद सचिवालय द्वारा जारी परिपत्र में प्रमोद तिवारी को पूर्व केन्द्रीय मंत्री पीण्चिदम्बरम के साथ संसद की वित्त मंत्रालय की अहम स्थायी समिति का दोबारा सदस्य नामित होने की अधिसूचना जारी की गयी है। वहीं राज्यसभा के सभापति एवं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तरफ से जारी संसदीय अधिसूचना में वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी को इथिक्स कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। यूपी विधानसभा में नौ बार के लगातार विधायक और दूसरी बार राज्यसभा सांसद के कार्यकाल में प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव को देखते हुए उन्हें इथिक्स कमेटी में जगह मिली है। इन दोनों महत्वपूर्ण समितियों में प्रमोद तिवारी को अहम जिम्मेदारी से बेल्हा का सियासी कद एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर चमका है। संसद की इन स्थायी समितियों में उपनेता प्रमोद तिवारी के चयन की जानकारी बुधवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की वित्त मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण कमेटी के सदस्य के साथ संसद के उच्च सदन राज्यसभा में इथिक्स कमेटी में महत्वपूर्ण प्रतिनिधायन की जानकारी कार्यकताओं व प्रशंसकों को हुई तो वह खुशी से चहक उठे।

संक्षेप

महेश उमर बने जिला महामंत्री,व्यापारी हर्षित

गोरखपुर। बड़हलगंज उपनगर बड़हलगंज निवासी एवं चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर को उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के गोरखपुर जिला का लगातार तीसरी बार महामंत्री बनाये जाने पर नगरवासियों ने हर्ष जताते हुये बधाई दी है। बता दे कि विगत दिनों लखनऊ में हुये अधिवेशन के बाद गठित प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा, प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, प्रदेश महामंत्री डा. दिलीप सेठ एवं राजेन्द्र गुप्ता ने प्रदेश की जिला इकाइयों के लिये जिलाध्यक्ष और महामंत्री के नामों की घोषणा करते हुये गोरखपुर जिले के लिये बैजनाथ जायसवाल को जिलाध्यक्ष एवं महेश उमर को लगातार तीसरी बार जिलामहामंत्री पद पर मनोनीत किया। श्री उमर के लगातार तीसरी बार मनोनयन पर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख राम आशीष राय, अष्टभुजा सिंह, मनमोहन पटवा, राजीव पाण्डेय, गुड्डू मिश्रा, प्रशांत शाही, बृजेश उमर, मदन सोनी, लक्ष्मीनारायण गुप्त आदि ने बधाई दी।

सूचना

सूचित हो कि मेरे भूलेख अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम रामेश्वरी देवी व कहीं पर राजेश्वरी देवी दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम उषा दीक्षित है मैं इसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ। **उषा दीक्षित पत्नी रामलखन नि- ग्राम रूकनापुर परगना खीरी तहसील व जनपद लखीमपुर खीरी।**

सूचना

मैने अपना नाम SAMINA से बदल कर SAMINA KHAN रख लिया है। मुझे जब SAMINA KHAN नाम से जाना पहचाना जायें। **समीना खान पत्नी श्री उमेर अली खान मोहम्मद निवासी 21 शरीफाबाद फिरोजाबाद।**

सूचना

सर्वविदित हो मेरे बैनामा की चेन डीड (लेख पत्र) सं.-2890 दिनांक 08.06.2006 उपनिबन्धक-बक्शी का तालाब, लखनऊ जो श्रीमती पुष्पा पत्नी किशोर के नाम पर पंजीकृत है जिसकी मूलप्रति मेरे द्वारा दिनांक 10.10.2024 को मेरे घर से कैसरबाग के बीच कहीं पर गिर गयी जिसकी सूचना मेरे द्वारा उ.प्र. वस्तु का अभिलेख खोने की रिपोर्ट में दिनांक 16.10.2024 को दर्ज कर दिया गया है, जिसका एल.ए.आर. नं. 20240000839467 है, उपरोक्त लेख का उपयोग मेरे राजू पाल पुत्र श्री सत्रोहन पाल के अलावा और कोई व्यक्ति करता है तो वह विधि विरूद्ध होगा। सम्पत्ति का पता- भूखण्ड संख्या-11बी, खसरा संख्या-2क स्थित ग्राम-बरखुरदारपुर, परगना महोना, तहसील बक्शी का तालाब लखनऊ है। अपनी उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर गृह ऋण होम फर्स्ट फाइनेन्स कम्पनी इण्डिया लि. से लिया जा रहा है। यह प्रकाशन इस आशय जारी किया गया है कि उपरोक्त/प्लॉट में या किसी व्यक्ति अथवा अन्य का दावा आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर नीचे दिये गये पते व मोबाईल पर दस्तावेजी सबूत के साथ आपत्ति दर्ज करा सकते है। **राजू पाल पुत्र श्री सत्रोहन पाल निवासी ग्राम सहियारा, (ज्वार पुरवा) पोस्ट रजौली, नवाबगंज बाराबंकी।**
मो.नं.-9935356667, 9451861797

पोर्टल पर रोज करें राजस्व मामलों की निगरानी

राजस्व परिषद अध्यक्ष ने मंडल के समस्त राजस्व अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बुधवार को सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन सभागार में मण्डल के समस्त राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। उन्होने राजस्व वादों एवं अन्य वादों यथा राजस्व संहिता की धारा-33, (अविवादित वरासत) धारा-34 (विवादित वरासत) एवं राजस्व वाद की धारा-24 (भूमि पैमाइश) एवं 116 आदि के साथ आईजीआरएस मामलों, रियल टाइम खतौनी, ई-खसरा आदि को लेकर समीक्षा किया। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित मण्डल के समस्त जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एव नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी समस्या व्यक्ति के जीवन से सम्बंधित होती है। समस्या के समाधान पर ही उसका जीवन निर्भर होता है।

इसलिए सभी वादों में अपना सर्वोत्तम परिणाम देने का प्रयास करना चाहिए। बैठक के राजस्व संहिता की धारा-33 (वरासत) के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एसडीएम, तहसीलदार एव नायब तहसीलदार अपने स्तर से इन मामलों का प्रतिदिन निगरानी करें। वरासत नियत तिथि पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि वरासत आवेदन निरस्त करने के मामले में उसका सुस्पष्ट कारण अंकित होना चाहिए। सभी राजस्व उच्चाधिकारी इस पर भी निगरानी करें।

सभी राजस्व अधिकारी वरासत में आदेश होने के बाद शीघ्र खतौनी में नाम दर्ज कराना भी सुनिश्चित करें। पोर्टल पर वरासत मामलों के विवादित होने के कारणों को भी स्पष्ट लिखना सुनिश्चित करें। रियल टाइम खतौनी एवं ई-खसरा फीडिंग के संबंध में समीक्षा करते हुए उन्होंने इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत का समाधान केवल संख्या को न्यून करने के उद्देश्य से नही बल्कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से करना चाहिए। सभी अधिकारी इस पर प्रतिबद्धता से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी राजस्व वादों का निपटारा जल्द से जल्द हो। समय के उपरान्त लम्बित मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द करे। उन्होंने कहा कि बिना समुचित आपत्ति के कोई भी मामले लम्बित न किये जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी प्रत्येक दिन कोर्ट में एक कार्य योजना बनाकर बैठे और अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी राजस्व वादों के निस्तारण के उपरान्त दिये गये आदेश स्पष्ट रूप से आनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करें। पुराने मामलों को प्राथमिकता देते हुए उनका निराकरण करायें। बैठक में मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने मण्डल में राजस्व मामलों के प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह, जिलाधिकारी गोरखपुर कृष्णा करूणेश, जिलाधिकारी महराजगंज अनुनय झा, जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल, जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता के साथ मण्डल के समस्त अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एव नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

ज्ञानवापीः हिंदू पक्ष ने खुदाई में एएसआई की विशेषज्ञता का हवाला दिया

अगली सुनवाई 19 को

वाराणसी। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने बुधवार को स्थानीय अदालत के समक्ष कहा कि पुरातात्विक चीज़ों की खोज में एएसआई को महारत हासिल है, लिहाज़ा मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे खुदाई कराकर ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण कराना चाहिए। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) जुगल शंभू ने दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई की अगली तारीख 19 अक्टूबर तय की है। अधिवक्ता यादव ने कहा कि हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश शंभू के समक्ष अपनी दलील में कहा कि पांच महिला वादियों के मामले में एएसआई सर्वेक्षण की कार्रवाई पहले भी की जा चुकी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को खोदाई कार्य में विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि वाराणसी में सारनाथ और राजघाट की खोदाई एएसआई ने ही की है तथा यहां तक कि मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई भी एएसआई ने ही की थी इसी आधार पर ज्ञानवापी की भी 4 गुणा 4 फुट खोदाई की जानी चाहिए और ज्ञानवापी के केंद्रीय गुंबद के नीचे ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 19 अक्टूबर की तारीख तय की है। उनके मुताबिक, उम्मीद है कि अगली सुनवाई में मुस्लिम पक्ष अदालत के समक्ष अपनी दलील पेश करेगा। पिछली आठ अक्टूबर को मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने कथित तौर पर अदालत के समक्ष दलील दी थी कि जब हिंदू पक्ष ने मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में आगे बढ़ाने की अपील की है तो निचली अदालत में इस मामले पर बहस करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जब ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वेक्षण एक बार पहले हो चुका है।

अधिकारियों की लापरवाही से बढ़ रहे मनरेगा धांधली के मामले

सरदार नगर ब्लाक के सोनबरसा बुजुर्ग गांव का है मामला

उमाशंकर शुक्ल

चौरीचौरा, गोरखपुर। मनरेगा योजना में धांधली के मामलों की खबर प्रकाशित होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से विकास खंड सरदार नगर के ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारों का मनोबल बढ गया है। और प्रधानों द्वारा मनरेगा की धांधली धड़ल्ले से की जा रही है।उसका एक मात्र कारण जिम्मेदारों की चुप्पी दिख रही है। बताते चलें कि विकास खंड सरदार नगर के ग्राम सभा सोनबरसा बुजुर्ग में मनरेगा पोर्टल पर क्रम संख्या 2606/2607/तथा द्वारा कुल 15 मजदूरों की हाजिरी ओमप्रकाश के खेत से मझने नाला तक मिट्टी कार्य करने का फोटो अपलोड 15 अक्टूबर को किया गया है। गांव के कुछ लोगों द्वारा वॉयस ऑफ लखनऊ संवाददाता को उक्त कार्य में जमकर धांधली की शिकायत मिली। जब वायस आफ लखनऊ हिंदी दैनिक के स्थानीय संवाददाता ने शिकायत की जमीनी पड़ताल किया तो मनरेगा पोर्टल पर अपलोड उक्त कार्य की कलई ही

खुल गई। स्थलीय निरीक्षण में धरातल पर नजारा कुछ और ही दिखा। जिस ओमप्रकाश के खेत से मझने नाले तक मिट्टी कार्य का फोटो अपलोड किया गया है।वह कार्य आज का न होकर कुछ दिन पहले कराया गया है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ओमप्रकाश के खेत से मझने नाला तक मिट्टी कार्य हुआ है। लेकिन कुछ दिनों पहले का है।15 अक्टूबर को इस सड़क पर कोई कार्य नहीं हुआ है।न मजदूर ही लगे है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदार लोग इसका सही सलामत जांच पड़ताल करते तो इस तरह की धांधली मनरेगा द्वारा नहीं होती।

इस संबंध में डी सी मनरेगा का कहना है कि जांच कराई जाएगी। तथा दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दो पहिया गाड़ी चालकों को किया जागरूक

सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां क्षेत्र के बाबू लालजी सिंह पी जी कॉलेज भगौरा में एनएसएस के सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय प्रांगण से एक रैली निकाली गई। रैली में एनएसएस के स्वयंसेवक और स्वंय सेविकाएं पोस्टर, बैनर लेकर सड़क सुरक्षा और यातायात के संबंध में नारा देते हुए चल रहे थे। रैली कंपोजिट विद्यालय भगौरा से भगौरा गांव स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची जहां दो पहिया गाड़ी के चालको को दी।

सुघर सिंह एकेडमी को मिला महाविद्यालय का दर्जा

जसवंतनगर, इटावा। चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कानपुर विश्वविद्यालय ने इस प्रतिष्ठित संस्थान को स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा प्रदान किया है, जिससे यह कानपुर विश्वविद्यालय का पहला कॉलेज बन गया है जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ है। कानपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध यह पहली संस्था है जो शैक्षणिक गतिविधियों को स्वयं संचालित करेगी। इस स्वायत्तता के तहत, चैधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी अब अपने पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली और शैक्षणिक गतिविधियों को स्वतंत्र रूप से संचालित कर सकेगा। इससे छात्रों को बेहतर और अधिक उद्योग-केंद्रित शिक्षा मिलेगी, जो उन्हें कैंपस प्लेसमेंट और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगी। चेयरमैन डॉ. ब्रजेश चंद्र यादव ने इस बड़ी उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, यह स्वायत्तता हमारे संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगी। हमारे छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर ढंग से तैयार किया जाएगा और इससे चैधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी। मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव ने भी इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यह दर्जा कानपुर विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया अध्याय लिखता है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों और शिक्षकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे, जो शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार लाएंगे। इस अवसर पर डायरेक्टर संदीप पांडे, प्रिंसिपल डॉ. जितेंद्र यादव, नर्सिंग और पैरामेडिकल डायरेक्टर रीम मंडल, और फामेर्सी डायरेक्टर डॉ. प्रदीप यादव भी उपस्थित रहे। सभी ने इस ऐतिहासिक अवसर पर खुशी जताई और संस्थान की इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस स्वायत्तता से चैधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।

ताड़का वध की लीला का मंचन

ऊसराहार, इटावा। ताड़का के भयानक स्वरूप को रामलीला मे देख सहम गए बच्चे बार बार मुनियों के यज्ञ मे बाधा पहुचा रही ताडका का आखिर राम ने बध कर दिया रामलीला मे मुरलिया बाले के प्रेम मे दीवाने एक पागल की झांकी ने सबका मन मोह लिया। ऊसराहार मे चल रही रामलीला मे दूसरे दिन मुनि याचना से लेकर ताडका बध की लीला का मंचन किया गया जिस समय मुनि विश्वामित्र दशरथ जी से अपने यज्ञों को सफल बनाने के लिए मदद के लिए उनके पुत्रों को मांगने पहुंच तो दशरथ जी अधीर हो उठे उन्होंने कहा आप पूरा राजपाठ मांग लीजिए लेकिन प्राणों के समान प्रिय राम को न मांगिये दशरथ जी के पुत्र मोह का विलाप देख दर्शकों की भी आंखे नम हो गई विश्वामित्र ने बताया वह जब भी बन मे यज्ञ करते है तो राक्षश उनके यज्ञ को असफल कर देते हैं वह यज्ञ की हवन सामग्री मे मांस और मंदिरा फेंकते है और मुनियों को परेशान करते हैं मुनि की जटिल समस्या को सुन दशरथ जी ने मोह त्याग दिया और राम लक्ष्मण को उनकी सेवा मे भेज दिया बन जाते समय रास्ते मे ही दोनो राजकुमारों की मुलाकात ताडका और उनके साथी चिरपोटन से हो गई चिरपोटन की चुटीली बातो ने सबका मन मोह लिया लेकिन ताडका के भयानक रूप को देखकर रामलीला देखने आए बच्चे डर गए और सहम कर आगे बैठकर देख रहे रामलीला को पीछे बैठकर देखने लगे आखिर राम जी ने ताडका का बध कर सभी रिष मुनियों को खुशी प्रदान कर दी मुनियों ने बिना किसी बिघ्न के हवन यज्ञ प्रारंभ कर दिया विश्वामित्र जी राम लक्ष्मण को लेकर राजा जनक की नगरी मिथलापुरी के लिए प्रस्थान कर गए मंच पर हास्य कलाकार द्वारा मुरलिया वाले के प्रेम का एक पागल के द्वारा जिस तरह प्रदर्शित किया उसे लोगो ने बहुत सराहा।

निरीक्षण में सहकारी समितियां मिलीं बंद

अधिक रेट पर खाद बेचते मिले दुकानदार

चकरनगर, इटावा। बुधवार को एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की चार सहकारी समितियों का निरीक्षण किया। जिसमें चारों समितियां बंद पाई गई। नाराज अधिकारी ने डीएम को कार्रवाई के लिए आख्या रिपोर्ट भेजी। हनुमंतपुर चैराहे के दुकानदार खाद अधिक मूल्य पर बेंचते पाए गए। जिसमें किसानों को रुपये वापस कराते हुए दुकानदारों को चेतावनी दी गई। सहकारी समितियों सहित दुकानों से एमपी में सप्लाई की शिकायत पर एसडीएम ने किसानों को कार्रवाई का भरोसा दिया। चकरनगर एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने क्षेत्रीय किसानों की खाद की किल्लत को देखते हुए बुधवार को कस्बा चकरनगर, बरेछा, बंसरी व भरेह सहकारी समितियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चारों समितियां बंद पाई गई। इस बात से नाराज निरीक्षण अधिकारी ने समितियों के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखते हुए डीएम को आख्या रिपोर्ट भेज दी। उक्त निरीक्षण के बीच हनुमंतपुर चैराहे पर संचालित श्री बाबा सिद्धनाथ व श्री राम खाद बीज भंडार पर किसानों को 1375 रुपये बाली खाद 1450 रुपये की बेंची जा रही थी। इस बात की कुंवरपुर कुर्छा निवासी किसान श्रीकृष्ण पुत्र हरसुख के द्वारा पुष्टि की गई। जिस पर नाराज निरीक्षण अधिकारी ने किसान को 75 रुपये श्री बाबा सिद्धनाथ खाद बीज भंडार के संचालक से वापस कराए। यही नहीं श्री राम बीज भंडार के संचालक ने अधिक रुपये लेने के एवज में एक महिला किसान को दीमक की दवा दी। इस दौरान निरीक्षण अधिकारी ने मौके पर मौजूद कुछ किसानों को खाद मुहैया कराई और सभी दुकारदारों को सरकारी रेट पर खाद देने का आदेश दिया। एसडीएम ने हिदायत देते हुए कहा कि यदि किसी किसान के द्वारा शिकायत की गई, तो दुकानदार पर निश्चित कार्रवाई की जायेगी।

रेलवे के प्राइवेट कर्मी की सड़क हादसे में गई जान

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना अंतर्गत आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे के सुंदरपुर रेलवे पुल पर इटावा से बकेवर की तरफ जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। वह रेलवे में प्राइवेट कर्मी था और बुधवार को ही ड्यूटी से लौटा था। पुलिस ने मृतक की पहचान 22 वर्षीय विनय कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी नगला मक्के थाना उसराहार के रूप में की है। उसके पास से एक एयर फोन भी बरामद हुआ है जो उसके गले में पड़ा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि हेडफोन का इस्तेमाल करते हुए जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। स्वजन के अनुसार विनय रेलवे में कानपुर-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन में टीटीई के अधीनस्थ ठेके पर काम करता था। कानपुर से इटावा भाई के पास से बाइक लेकर सुबह 10.30 बजे बकेवर रिश्तेदारी में जा रहा था। छोटा भाई विकास कुमार लक्ष्मण वाटिका के पास किराये पर कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा है। पिता किसान हैं। वहीं फ्रेंड्स कालोनी थाना अंतर्गत जेपी उत्सव गार्डन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राजू राजपूत पुत्र बनवारी लाल निवासी खुशालपुर, अजीतमल घायल हो गए। इकदिल थाना अंतर्गत हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार भारत सिंह पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम खरगूपुर, बकेवर घायल हो गए।

भाजपा नेता ने पानी में क्लोरीन की मात्रा का परीक्षण कराया

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पानी में क्लोरीन की मात्रा का परीक्षण कराया, यह परीक्षण पिछले कई महीनों से करा रहे हैं। उन्होंने विभिन्न मोहल्लों में स्वयं साथ जाकर पानी में क्लोरीन का परीक्षण कराया। शरद बाजपेयी ने कहा कि पानी में क्लोरीन की उचित मात्रा होनी चाहिए न कम, न ज्यादा होनी चाहिए, पानी में क्लोरीन 0.22 पीपीएम हल्का पीला रंग पानी में क्लोरीन की उचित मात्रा को दशार्ता है। क्लोरीन पानी को साफ करता है लेकिन पानी में क्लोरीन की उचित मात्रा होनी आवश्यक है, इसीलिए लगातार क्लोरीन का परीक्षण कराया जा रहा है। इस अवसर पर देवेन्द्र, लल्लन सोनी, नरसिंह दुबे, चन्द्र प्रकाश दुबे, संजीव दुबे, बबलू दुबे, प्रभाकर दीक्षित, दीपू, राहुल, नीरज आदि उपस्थित रहे।

जन चौपाल में जिला प्रशासन गांव तक पहुंचा

ऊसराहार, इटावा। ताखा ग्राम पंचायत मे लगी जन चैपाल मे प्रशासन गांव तक पहुचा चैपाल मे पीडितों ने सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत करते हुए कहा साहब आठ वर्ष से पंचायत मे चकबंदी चल रही है कितने दिन और चलेगी। बुधवार को ताखा ग्राम पंचायत के ग्राम पाय खुर्द मे सरकार जनता के द्वार पर पहुची गांव मे जन चैपाल लगाई गई सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता मे अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित हुए ग्रामीण राकेश मिश्रा ने कहा पिछले आठ वर्ष से ग्राम पंचायत मे चकबंदी चल रही है अभी कितना समय और लगेगा चकबंदी को पूरा होने मे उन्होने कहा साहब चकबंदी का कार्य जल्द पूरा किया जाए चक कटने के बाद हर गांव मे श्मशानघाट के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए चकबंदी के दौरान खेतो की मालियत आंकने मे हेरफेर न किया जाए जो जमीन जिस कीमत की है उसका मूल्यांकन उसी कीमत पर किया जाए किसानो ने कहा उनकी पंचायत मे विरासत भी नही चढ पा रही है विरासत दर्ज कराने के लिए चक्कर काटने पड रहे हैं सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने सभी लेखपालो और कर्मचारियों को पीडितों की समस्याओं की निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए कहा जो शिकायते मिली है उनका समाधान तय समय मे किया जाए वह आने वाली 12 तारीख को फिर से समीक्षा करेंगे इस दौरान ग्राम प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पेन क्लीनिक का उद्घाटन

इटावा। यूपीयूएमएस में विश्व एनेस्थीसिया दिवस के अवसर पर पेन क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। यह क्लिनिक हर बुधवार और शनिवार को संचालित होगा, जहां दर्द प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से रोगियों को बेहतर उपचार प्रदान किया जाएगा। कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह ने क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए सभी को विश्व एनेस्थिसिया दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पेन क्लिनिक में आने वाले रोगियों को प्राथमिकता दी जाएगी और डाक्टर्स को रोगियों के साथ आत्मीयता से पेश आने की सलाह दी ताकि दर्द का प्रबंधन में सुधार हो सके। प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त ने इस अवसर पर कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। पेन क्लिनिक इंचार्ज डा. पूर्वा कुमरावत ने फाइट अगेंस्ट पेन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने क्लिनिक की उपयोगिता के बारे में जानकारी साझा की। इस पहल से दर्द से पीड़ित रोगियों को विशेष देखभाल और बेहतर चिकित्सा प्रबंधन प्राप्त होगा। कार्यक्रम का सफल संरक्षण डाक्टर शुची निगम ने किया। कार्यक्रम में एनेस्थीसिया विभाग के डा. प्रशांत कुमार, डा. मनोज, डा. उर्वशी, डा. आरबी सिंह, डा. अतीत, डा. पंकज, डा. विक्रम, डा. मितेन्द्र उपस्थित रहे।

ठाकुर दीप नारायण सिंह स्मारक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
कुन्दाभैरोपुर सुलतानपुर (उ.प्र.)
डी.एल.एड. पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित पदों के लिए आवश्यकता है।

क्रम	पदनाम	पदों की संख्या	योग्यता
1-	प्राचार्य	एक पद	55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान/समाज विज्ञान/कलाओं/मानवीकरण विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि और 55 प्रतिशत अंक के साथ एम.एड. अथवा एम.ए. शिक्षा की उपाधि तथा किसी अध्यापक शिक्षा संस्थान में पढ़ाने का 5 वर्ष का अनुभव।

योग्यता, आयु एवं वेतन-राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दो रंगीन फोटो, शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रति एवं मूल प्रमाण-पत्रों के साथ संस्थान कार्यालय में उपस्थित हो एवं साक्षात्कार हेतु दिनांक 10 नवम्बर 2024 को संस्थान परिसर में प्रातः 12.00 बजे उपस्थित हों।

(अविजित प्रताप सिंह)
प्रबन्धक

कार्यालय ग्राम पंचायत भदिला खानीपुर, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-15.10.2024
अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदिला खानीपुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 16.10.2024 से दिनांक 21.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भदिला खानीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 21.10.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	हरिशंकर पुत्र लालसाहब का पशु शेड निर्माण कार्य।	1,36,414 रुपये।	ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, शेड व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।
ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- भदिला खानीपुर, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर-अहमदाबाद जनपद सीतापुर
पत्रांक- मेमो/न.पं.त.-/2024-2025 दिनांकः 17.05.2024
नोटि अर्न्तगत धारा 147 म्यू एक्ट 1916
नामान्तरण सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण निम्न है,
1. केता (प्रार्थी/ प्रार्थिनी का नाम):- **उत्तम कुमार पुत्र शत्रोहन लाल**
2. अंकित होने वाले वारिसानों का नामः- शून्य
3. पताः- ग्राम छतौंगुर परगना तम्बौर तहसील लहरपुर जनपद सीतापुर
4. भवन संख्या/सम्पत्ति संख्या/सम्पत्ति का प्रकार व पता आवासीय प्लाट (तम्बीर नगर अहमदाबाद)
5. विक्रेता/बैनामा क्रेता का नामः- **सायरा बानो पत्नी सफरूद्दीन**
6. पताः- मोहल्ला तेली टोला परगना तम्बौर जनपद सीतापुर
7. भूमि का क्षेत्रफलः- 98.60 वर्ग मी.
8. उपरोक्त प्लाट पर अंकित अध्यवासी का नामः- शून्य
9. बैनामा की छायाप्रति व प्रार्थना पत्र, आधार कार्ड की फोटो कापी पंजीकृत संलग्न है।

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना का प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई अपत्ति/सुझाव हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्ययतीत होने के पश्चात किसी भी अपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं पंचायत के अभिलेख में अंकित विवरण की प्रविष्ठि के स्थान पर पंचायत में प्रस्तुत आवेदन पत्र संलग्न एवं उसके साथ साक्षयों के आधार पर नामान्तरण / नामांकन / नाम संसोधन की प्रविष्ठि पंचायत अभिलेखों में कर दी जायगी। जिसके लिये नगर पंचायत उत्तरदायी नही होगी।

अधिशासी अधिकारी
न.पं. तम्बौर अहमदाबाद
जनपद सीतापुर

संक्षेप

धूमधाम से निकलेगी वाल्मीकि शोभायात्रा

लखीमपुर-खीरी। वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर पर शहर लखीमपुर के वाल्मीकि समाज द्वारा वाल्मीकि बस्ती गुटैया बाग, वाल्मीकि बस्ती संकटा देवी, तथा वाल्मीकि बस्ती पंडित पुरवा से 17 अक्टूबर 2024 को दोपहर 3 बजे से बाल्मीकि शोभायात्रा गत वर्षो की भांति इस वर्ष धूमधाम से निकलेगी। वाल्मीकि शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए वाल्मीकि समाज के युवा पूरी मेहनत से तैयारी में जुटे हुए हैं।वाल्मीकि मंदिरों पर पूजा अर्चना भजन कीर्तन भंडारे की आयोजन भी करने की तैयारी है। वाल्मीकि शोभायात्रा गुटैय्या बाग गोला रोड लखीमपुर से 4 बजे वाल्मीकि झांकी बैंड बाजे के साथ प्रारंभ होगी, जो रेलवे क्रॉसिंग गोला रोड संकटा देवी पुलिस चौकी निघासन रोड पर मुख्य आयोजन प्राचीन वाल्मीकि मंदिर संकटा देवी बैण्ड मार्केट में आयोजित शोभायात्रा विशाल रूप में विलय होकर मेला मैदान इमली चौराहा, मैन रोड, सराफा बाजार,होकर संकटा देवी होकर गुटैया बाग में समाप्त होगी। सभी वाल्मीकि मंदिरों पर भंडारे आरती के आयोजन किए जाएंगे यह जानकारी वाल्मीकि मंदिर कमेटी हवजंपलं बाग के अध्यक्ष अनुराग भारती एवं चंदन लाल बालमीकि द्वारा दी गई।

आज सुबह गुल रहेगी बिजली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। आज शहर समेत पुरे इलाके की बिजली सप्लाई सुबह 6.30 बजे से 8.30बजे तक गुल रहेगी। यह समय बढ़ भी सकता है।बिजली विभाग के एसडीओ नीलाक्ष मनोष ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए 33केवी मेन बेस पर अनुरक्षण का काम कराया जाएगा। 132 केवी उपकेंद्र गोला से निर्गत होने वाले पोषकों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। अभी सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक का समय दिया गया है।य ह समय सीमा बढ़ भी सकती है। उपभोक्ता आज सुबह 5.30 से पहले पेयजल आपूर्ति समेत अपना जरूरी काम कर लें।

अधिकारियों ने जांची धान की उत्पादकता

शाहजहांपुर। मुख्य विकास अधिकारी डा0 अपराजिता सिंह के निर्देश पर परियोजना निर्देशक जिला ग्राम्य विकास अधिकारी अवधेश राम की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखण्ड ददरौल के ग्रामपंचायत भेदपुर में धान की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। परियोजना निदेशक ने भेदपुर के कृषक श्रीमती राधा गुप्ता के धान के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10।10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद उन्होंने धान की पिटाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 27.630 किलो ग्राम की फसल प्राप्त हुई। परियोजना निदेशक ने क्षेत्र के भेदपुर गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई, कटाई, सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक शमी आलम से ली।परियोजना निदेशक द्वारा किसान बन्धुओं से आग्रह किया कि किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराए व अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की भी अपील की।इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल अजय चौधरी, बीमा कंपनी तहसील समन्वयक मुसाद रजा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

पराली को जलाएं नहीं, करें इसका बेहतर उपयोग : सीडीओ

लखीमपुर खीरी। किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में ₹किसान दिवस₹ का आयोजित हुआ।इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। सीडीओ ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली ना जलाए जाने का संकल्प दिलाया।

सीडीओ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है।शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला देते है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है। उन्होंने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है।इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया। किसानों की भूमि की उर्वराशक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। पराली जलाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवम तकनीकी जानकारी भी किसानों को दी गयी। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि जिले के सभी राजकीय बीज भंडारों पर दलहनी फसलों जैसे : चना, मटर, मसूर, तिलहनी फसल राई/सरसों के अनुदानित बीज उपलब्ध हैं। जिले में यूरिया, फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

पांच सौ रुपये किया जाये गन्ना मूल्य भुगतान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने प्रदेश की प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी वीना कुमारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया। जिसमें 500 रुपए गन्ना मूल्य, नया सीजन शुरू होने से पहले पूर्ण गन्ना भुगतान कराने, क्रेशरों से सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के भुगतान की मांग की गई है।

ज्ञापन में लिखा गया है कि केंद्र सरकार ने 2024 -25 के लिए लागत मूल्य को दृष्टिगत रखकर एफआरपी 25 रुपए बढ़ाकर 340 रुपए घोषित किया है। इसलिए उत्तर प्रदेश का गन्ना मूल्य 500 रुपए निर्धारित किया जाए और बकाया भुगतान चीनी मिलों के चलने से पहले करवाया जाये। मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश की अनेकों चीनी मिलें बैगास की राख से पोटाश और बिजली का उत्पादन कर रही हैं। पोटाश और बिजली उत्पादन का मूल्य गन्ना भुगतान में करवाया जाए।ज्ञापन में लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश की खांडसारी चीनी निर्माण करने वाले उद्योग क्रेशर गन्ना किसानों को मनमाना गन्ना मूल्य देकर शोषण करते हैं जबकि उत्तर प्रदेश खांडसारी चीनी निमार्ता लाइसेंसिंग आदेश 1967 की धारा 5 में स्पष्ट आदेश किया गया है कि कोई भी लाइसेंसी अपने द्वारा क्रय किए गए गन्ने का ऐसा मूल्य नहीं देगा जो न्यूनतम मूल्य या गन्ना नियंत्रण आदेश 1966 के खंड 4 के अंतर्गत निर्धारित मूल्य से कम हो,सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर गन्ना खरीद करवा कर किसानों के बैंक खातों में भिजवाने का आदेश किया जाए। श्री कृष्ण वर्मा का कहना है कि प्रमुख सचिव ने कहा कि यह आदेश किया जा चुका है।ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रदेश के खीरी और अन्य जिलों में बाघ, तेंदुआ ,हाथी आदि जंगली जानवरों का प्रकोप है वहां सरकार अपने खर्चे पर मशीन से गन्ना छिलाई कर किसानों की जीवन रक्षा सुनिश्चित करें।ज्ञापन की प्रतिलिपि गन्ना एवं चीनी विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार और गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह को भेजी गई है।

श्रीराम की बाल लीलाओं का सुनाया प्रसंग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सुहेला के श्री हनुमान मंदिर चल रही श्री राम कथा में कथा व्यास प्रशान्त जी महाराज ने प्रभु श्रीराम की बाललीलाओं एवं अहिल्या उद्धार की कथा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री राम पतित पावन हैं। ब्रम्ह ऋषि विश्वामित्र ने जब श्रीराम ?से कहा आश्रम एक दीख मग माहीं।खग मृग जीव-जंतु तहं नाहीं।

गौतम नारि श्राप बस,उपल देह धरि धीर।चरन कमल रज चाहति,कृपा करहु रघुवीर। गुरु देव का आदेश पा कर जैसे ही श्री राम ने अपनी चरण रज का स्पर्श शिला खंड से कराया वैसे ही वह शिला नारी के रूप में परिवर्तित हो गई। भगवान श्री राम करुणा वरुणालय है।वह अपने भक्तों पर अहेतुक कृपा करते हैं। जैसे ही अहिल्या नारी रूप में प्रकट हुई ,वह प्रभु श्री राम की वंदना करने लगी - परसत पद पावन सोक नसावन, प्रकट भाई तप पुंज सही। अति प्रेम अधीरा, पुलक सरीरा, मुख नहिं आवइ वचन कही।इस अवसर पर स्वामी प्रसाद त्रिपाठी,जय प्रकाश अवस्थी, अंशुमान,शोभा लाल शास्त्री,शत्रुघ्न लाल, वेद प्रकाश अग्निहोत्री,अवधेश यादव,सुनील शुक्ल,सतीश वर्मा ,संजय मिश्रा,राज कुमार समेत तमाम श्रोता मौजूद थे।

सड़क निर्माण का वादा भूले अफसर

- धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे लोग
- एक तो सड़क खराब ऊपर से बाघ का डर कैसे भेजे बच्चों को स्कूल
- 50 गांवों के लोगों का है इस रोड से आना-जाना

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। चुनाव से पूर्व तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों से किया गया सड़क निर्माण कराए जाने का वायदे पर अमल न होने से लोगों का गुस्सा बढ़ गया है।

गोला से भरतपुर जाने वाला सिर्फ सात किलोमीटर लम्बा मार्ग पूरी तरह से जर्जर और खस्ताहाल है। इस पर गुजरना किसी खतरे से कम नहीं है। जगह-जगह सड़क और पानी निकास की पड़ी हुई पाइपों में गड्ढे और क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि किसी कार्य के लिए शहर को कैसे जाएं और बच्चों को स्कूल कैसे भेजें। सड़क काफी जर्जर है और ऊपर से बाघ का डर जिसके कारण बच्चे स्कूल जाने से घबरा रहे हैं और बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि करीब आठ साल से वह सब मुसीबत झेल रहे हैं, लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। नेताओं की अनदेखी और अधिकारीयों की लापरवाही के चलते सड़क निर्माण न होने से नाराज ग्रामीण अब धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं।गोला, सिकंद्राबाद, बैदाखेड़ा, पिपरिया, बेलवा, मूडा विष्णु होते हुए भरतपुर जाने वाला सात किलोमीटर का मार्ग आठ साल से खस्ताहाल है।इस मार्ग से 6 ग्राम पंचायत के लगभग 50 से अधिक गांव जुड़े हैं। ग्रंट लंदनपुर सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है जिसका सीधा शहर से जोड़ने वाला रास्ता यही है, जिस पर रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है।ग्रामीणों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव के दौरान मौका मिला और सड़क निर्माण कराने की मांग को लेकर वोट न डालने का फैसला लिया।वोट से बहिष्कार की सूचना पर अफसरों के हाथ-पांव फूल गए थे।आनन-फानन में तहसीलदार मौके पर पहुंचे थे और ग्रामीणों को चुनाव के बाद सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया था। अब चुनाव निपटे कई महीने गुजर चुके हैं, इसके साथ ही अफसर अपना वादा भी भूल गए हैं। ऐसे में अब अफसर द्वारा सुनवाई न किए जाने पर अफसरों को वादा याद दिलाने के लिए ग्रामीण एक बार पुनः अपनी समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीण बैठक कर धरना-प्रदर्शन की रणनीति तैयार कर चुके हैं।इस मौके पर वीरसेन वर्मा, दीपू अशोक, संदीप, आदेश और मुगलाखेड़ा, मझीगमा, मुंडा विष्णु, कोरेया, भरतपुर आदि गावों के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

गैंगस्टर रजनीश उर्फ चौसा गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन ,अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रयवेक्षण मे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना रोजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 452/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोह बंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप नि०अधि०1986 मे 31/07/2024 से वांछित चल रहे अभियुक्त रजनीश उर्फ चौसा पुत्र कल्लू निवासी मो0 आई टी आई कालोनी थाना रोजा , जिस पर पुरस्कार राशि 25000 रू0 घोषित की गयी थी। मुखबिर की सूचना पर अटसलिया पुल के नीचे से थाना रोजा पुलिस व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । वादी मुकदमा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार की सूचना के आधार पर थाना रोजा पर मु0अ0स0 452/2024 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोह बंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप नि०अधि० 1986 बनाम कुन्दन पुत्र स्व० रामशरण निवासी ग्राम बल्लिया थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर मोहित पुत्र पप्पू उर्फ बृजकिशोर पाल निवासी मठिया कालोनी थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर , रजनीश उर्फ चौसा पुत्र कल्लू निवासी मो० आई टी आई कालोनी थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 22 वर्ष पंजीकृत होकर विवेचना हस्वादेश क्षेत्राधिकारी सदर के थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी द्वारा सम्पादित की जा रही है रजनीश उर्फ चौसा को थाना प्रभारी राजीव कुमार द्वारा अटसलिया पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

डॉ. आर के गौतम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर / मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के गौतम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर महानंदपुर ब्लॉक सिधौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सी एच ओ फरहा नाज उपस्थित पाई गई। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में 6 सामान्य मरीज देखे जा चुके थे तथा 3 आयुष्मान लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके थे सी एच ओ से मेडिसिन , मलेरिया किट एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मेडिसिन ,मलेरिया किट एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता पाई गई ।सी एच ओ को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर ओपीडी में आने वाले मरीजों का मोबाइल नंबर सहित अन्य विवरण अंकित करने, गोल्डन कार्ड में प्रगति लाने, अपने क्षेत्र के आम जनों को संचारी रोग एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर तथा केंद्र पर साफ सफाई रखने को निर्देशित किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर महानंदपुर के भवन की स्थिति संतोषजनक न होने पर भवन की रंगाई पुताई, मरम्मत हेतु चिकित्सा अधीक्षक सिधौली को निर्देशित किए गए कि उक्त कार्य यथाशीघ्र करते हुए कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

मिठास मेले में अजबापुर मिल को मिला चौथी बार प्रथम पुरस्कार

मैगलगंज खीरी। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध संस्थान परिसर शाहजहांपुर में बुधवार को एक दिवसीय शरदकालीन मिठास मेला एवं कृषक विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मेले का उद्घाटन प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग वीना

कुमारी व गन्ना आयुक्त पी एन सिंह ने किया। मेले में कई जिलों के गन्ना किसान पहुंचे। इस मिठास मेले में प्रमुख सचिव ने कहा कि उन्नत प्रजाति का गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया की मेला लगाने का उद्देश्य यह है कि गन्ने का उत्पादन बढ़ाया जाए। रोगमुक्त उन्नत गन्ना मिलेगा तो चीनी मिलों को भी फायदा होगा और किसान भी लाभान्वित होंगे। संस्थान परिसर में हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर सहित तमाम जिलों के तमाम चीनी मिलो द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी स्टाल लगाए गये। प्रमुख सचिव व गन्ना आयुक्त महोदय ने मेले में लगी विभिन्न शोध प्रदर्शनी, चीनी मिल स्टॉल एवं कीटनाशक स्टॉल आदि का अवलोकन किया। प्रमुख सचिव वीना कुमारी, गन्ना आयुक्त पी एन सिंह, संस्थान निदेशक/अपर गन्ना आयुक्त वी के शुक्ल ने स्टाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अजबापुर मिल को दिया जिसे समूह के अधिशाषी अधिकारी आर एल टामक व मुख्य संचालन अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने ग्रहण किया। विदित हो की अजबापुर मिल को लगातार चौथी बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।पुरस्कार प्राप्त होने पर प्रगतिशील किसान नबाब कलबे हसन, शेर सिंह राठौर, उपेन्द्र सिंह, मुकुल मिश्रा आदि ने खुशी व्यक्त की है। इस मौके पर उप गन्ना आयुक्त राजेश धर द्विवेदी,तमाम जिलों के जिला गन्ना अधिकारी व अजबापुर, लोनी व हरियावा चीनी मिलो के इकाई प्रमुख व गन्ना विभाग के प्रमुख उपस्थिति रहे।

पीड़ित ने खमरिया पुलिस को दी तहरीर

खमरिया खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत महरिया के मजरा डलई पुरवा निवासी एक किसान के खेत में खड़ी दो बीघा केले की फसल व खेत में लगे 65 सेमल के पेड़ों के साथ दो आम के पेड़ों को काटकर दबंगों ने नष्ट कर दिया। पीड़ित ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी

के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरिया के मजरा डलई पुरवा निवासी तुलसीराम पुत्र कल्लू राम ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते 15 अक्टूबर को गांव के ही पृथ्वी पाल पुत्र कल्लू, कमलेश कुमार पुत्र कल्लू व छोटू पुत्र पृथ्वी पाल ने दो बीघा खेत में लगे केले के पौधों को काट दिया और खेत में लगे 65 सेमल के पेड़ों के साथ दो आम के पेंड़ भी काट कर नष्ट कर दिए। पीड़ित ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर उक्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

स्कली बच्चों ने किया इस्कॉन मंदिर का भ्रमण

लखीमपुर खीरी। सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने शैक्षिक दौरे के अंतर्गत इस्कॉन मंदिर का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जागरूक करना। इस अवसर पर छात्रों ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और वहां के पवित्र वातावरण का अनुभव किया। मंदिर के पुरोहित ने छात्रों को मंदिर के धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह मंदिर हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ।उन्होंने बच्चों को एक प्रेरक कहानी भी सुनाई और बच्चों से प्रश्न भी पूछे। बच्चों ने श्री कृष्ण के विग्रह पर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात बच्चों को प्रसाद वितरण भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बनोद कुमार तिवारी ने कहा, ह्लऐसे शैक्षिक दौरों का उद्देश्य न केवल छात्रों को शिक्षित करना है, बल्कि उन्हें हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और इतिहास के बारे में भी जागरूक करना है।इस कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक आशीष गुप्ता की प्रेरणा से किया जा रहा है। बच्चों के उत्साह को देखकर उनके अभिभावक भी प्रसन्न थे इस कार्य हेतु उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की।

पराली न जलाये जाने के लिए जागरूकता वाहन रवाना

शाहजहांपुर/ जनपद में पराली जलने की अब तक 28 घटनाओं को सेटेलाइट के माध्यम से सूचित किया गया है। पराली जलाने वाले कृषकों पर शासन द्वारा जुमार्ना लगाकर वसूली की कार्यवाही की जाने के साथ कम्बाइनों की सीज किया गया है। कृषकों को जागरूक किये जाने हेतु आज 16.10.2024 को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप कृषि निदेशक एवं जिला उद्यान अधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया गया है। प्रचार-प्रसार वाहन द्वारा गांव गांव जाकर कृषकों को पराली न जलाये जाने के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने के साथ पराली को खेत में ही कम्पोस्ट खाद के रूप में प्रयोग किये जाने एवं पराली को बेल्ड कर सी.बी.जी. प्लान्ट व अन्य उद्योगों को उपलब्ध कराकर आय अर्जन किये जाने हेतु भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनपद में पराली जलाये जाने की कोई भी घटना घटित न हो इस हेतु कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्रों को वितरित किये जाने हेतु टोकन प्रक्रिया भी 23.10.2024 तक चल रही है।

पूर्व विधायक राजेश यादव के गांव सिउरा पहुंचे शिवपाल यादव

शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पूर्व विधायक राजेश यादव और पूर्व एमएलसी अमित यादव के पैतृक ग्राम सिउरा में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व सत्यपाल सिंह यादव और माता जी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने समर्थकों

और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद रिजवान अहमद, सपा नेता हाजी आरिफ हुसैन, जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह, सपा ब्लॉक अध्यक्ष खुदागंज राम बहादुर गुप्ता, हरिशंकर गुर्जर सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज चुने जायेंगे सभापति, उप सभापति

- ग्रंट मुल्तानपुर से राम कुमार, ग्रंट 11से आशीष और चांदपुर से मुकेश निर्वाचित घोषित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सहकारी गन्ना विकास समिति में संचालक मंडल का चुनाव गहमगहमी और कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया।तीन पदों पर हुए मतदान में चाँदपुर से मुकेश कुमार, ग्रंट नंबर 11से आशीष कुमार और ग्रंट मुल्तानपुर से राम कुमार निर्वाचित घोषित किए गए हैं।आज सभापति और उप सभापति का चुनाव कराया जाएगा।

गोला की सहकारी गन्ना विकास समिति में संचालक मंडल के लिए 11 क्षेत्र निश्चित हैं।जिसमें तीन क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ। जिसमें चांदपुर से 7 प्रत्याशी मैदान में थे। मुकेश कुमार को 25 मत मिले। उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। जबकि उनके प्रतिद्वंदी साधना को 16 मत और माघवेंद्र शाह को एक मत मिला। जबकि आलोक कुमार, जीवेन्द्र सिंह, प्रभात प्रताप सिंह और हरिओम मिश्रा को एक भी मत प्राप्त नहीं कर पाए।ग्रंट मुल्तानपुर से रामकुमार और रामराखन आमने-सामने थे। इसमें रामकुमार को 56 मत मिले और रामराखन को 27 मतमिले।रामकुमार को निर्वाचित घोषित किया गया।ग्रंट नंबर 11 से आशीष कुमार और नोखेलाल आमने-सामने थे। जिसमें आशीष कुमार को 35 और नोखेलाल को सिर्फ एक मत मिला। आशीष कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया।जबकि आठ सीटों पर एकल नामांकन होने से ग्रन्ट नंबर 14 में शकुंतला देवी, ग्रन्ट फजलनगर से चरनजीत कौर, ग्रन्ट रामपुर डाटपुर से योगेश कुमार वर्मा, ग्रन्ट लंदनपुर से सीमा वर्मा, ग्रन्ट साहबगंज से अरविंद कुमार सिंह, ग्रन्ट चौरठिया से छगपाल सिंह, गोला गोकर्णनाथ से ब्रजकिशोर और धनसिंहपुर से बीना सिंह का निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

मेला समिति की बैठक संपन्न

सिंगाही खीरी। महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति सिंगाही की बैठक कस्बे के धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में आयोजित होने वाले कार्यकर्मों की जानकारी दी गयी। मेला 03 नवम्बर से 25 नवम्बर तक चलेगा।

बुधवार को धर्मशाला में आयोजित महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति सिंगाही की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मो.कयूम ने उपस्थित सभी सदस्यों को इस ऐतिहासिक मेले के 104 साल पूरे होने पर सभी को शुभकामनाएँ दी। महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति सिंगाही के कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने बैठक में पिछले साल हुए मेले का आय तथा व्यय का ब्यौरा पढ़कर सुनाते हुए बाइस हजार छः सौ पांच रुपये बचत बताई ,बचत सुनकर मेला समिति व सदस्य गणों ने कोषाध्यक्ष की सराहना की, उसके बाद सभी की सहमति से 03 नवम्बर से 25 नवम्बर तक महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया।इस आयोजन में रावण वध 20 नवम्बर को बताया गया है। कार्यवाहक महामंत्री नृपराज शाह व महामंत्री प्रवीन शाह ने बताया पिछले कुछ वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष कुछ बदल कर कार्यक्रमों को अच्छे से अच्छा प्रदर्शित करने का प्रयास समिति द्वारा किया जाएगा।समिति भी पूर्ण रूप से अपने दायित्वों को समझते हुए कार्य को करेगी। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्र , डॉ एन यू खान, सुनील बत्रा, रामनरेश गुप्ता,प्रभात शुक्ला, ध्रुव कुमार, नरेंद्र गुप्ता वाजिद हुसैन, जोगिंदर शाक्य,सचिन्द्र शाह और समस्त पत्रकारबंदु आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

देसी तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जलालाबाद के दिबियापुर से सराय साधौ जाने वाली रोड से एक अभियुक्त को अवैध देशी तमंचा , कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी युवक लोगों को तमंचा दिखाकर रौब झाड़ता था। जिससे लोगों में भय व्याप्त था। थाना जलालाबाद पुलिस ने दिबियापुर से सारी साधु जाने वाले मार्ग से अभियुक्त विवेक पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम रुत्तमपुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने विधि कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1 लालबाग, लखनऊ

पत्र सं. 1126/EE-1/नि. दिनांक 16.10.2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि. 23.10.2024 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 23.10.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

क्र. सं.	कार्य/आपूर्ति का विवरण	निविदा शुल्क (रू.)	धरोहर धनराशि (रू.)	कार्य/ आपूर्ति की अवधि
1	जोन-प्रथम अन्तर्गत लालकुआं वार्ड मे आर.एस.एस. पार्क के पास से नसीम के मकान तक लगभग 40मीटर 04 इंच ब्यास एवं गांधी नगर पजावा में सुनील द्विवेदी के मकान से लेकर म.नं.-68/240 राजेश सिंह के मकान तक लगभग 70मीटर 04इंच ब्यास की पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने का कार्य।	150.00	3300.00	07 दिवस

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

संक्षेप

जानमाल की सुरक्षा के लिए एसपी से लगायी गुहार

आजमगढ़। दबंगों द्वारा मारपीट किये जाने के मामले में महारागंज कोतवाली क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद किता द्वितीय महाजी निवासी पीड़ित शिवचंद यादव पुत्र रामाधार यादव ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एसपी से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। एसपी को सौंपे गये ज्ञापन में पीड़ित ने बताया कि दशहरा के दिन मेरे पुत्र सतेन्द्र को दबंगों द्वारा उसे रोक कर मारापीटा गया था जिसमें पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों द्वारा मुकदमा वापस लेने के लिए आये दिन जानमाल की धमकी दी जा रही है। पीड़ित के पिता एसपी से अपने व अपने पुत्र के जानमाल सुरक्षा की गुहार लगाई।

सीएमओ के आवास पर दिखा अजगर

आजमगढ़। शहर के हरबंशपुर में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार का सरकारी आवास है। यहां पर सीएमओ परिवार के साथ रहते हैं। उनके अवास के बाउंड्री वाल पर मंगलवार की शाम अजगर दिखा। वह दीवार पर चल रहा था। जैसे ही लोगों की नजर अजगर पर पड़ी भीड़ एकत्र हो गई। लोग अजगर की वीडियो बनाने लगे। पास में ही वन विभाग का कार्यालय है। वन विभाग को सूचित किया गया। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर अजगर को पकड़ कर शहर से बाहर जंगल में छोड़ा।

बालक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

मीरजापुर। जनपद के चील्ह थाना क्षेत्र के मुजेहरा कला गांव के पास बुधवार की सुबह गिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने घर के बाहर खेल रहे बालक को कुचल दिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि क्षेत्र के मुजेहरा कला गांव निवासी राजवीर 07 वर्ष पुत्र जितेंद्र वर्मा घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान गांव की ओर जा रहा गिट्टी लदे ट्रैक्टर ने बालक को कुचल दिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए पीएचसी ले गए, जहां से उसे ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर मीरजापुर पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बालक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था।

गड्ढे में डूब कर किशोर की मौत

मीरजापुर। थाना सुधार क्षेत्र के रूदौली गांव में मछली मार रहा किशोर पैर फिसलने से तालाब के गहरे पानी में चला गया। इससे वह डूबने लगा। डूबने पर साथियों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे तालाब से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि रुदौली गांव निवासी रंजीत कुमार का 15 वर्षीय पुत्र शिवा कुमार अपने परिवार के ही बच्चों के साथ गांव के पास स्थित तालब में मछली मार रहा था। मछली मारते समय फिसल कर गहरे पानी में चला गया। इससे वह डूब गया। उसके डूबने पर साथ गए साथियों ने सूचना उसके घर पर दी। सूचना पर पहुंचे परिजन शिवा को गड्ढे से बाहर निकाल कर वाराणसी स्थित अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना चुनार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची चुनार पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवा दो भाइयों में बड़ा था। वह मॉडल इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ता था। पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

छह थाना अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

मीरजापुर। जनपद के कानून एवं व्यवस्था को शुद्ध करने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने 6 थानाध्यक्षो के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें, अंजनी राय कछवा के नए थानाध्यक्ष होंगे, अमित कुमार चील्ह के नये थानाध्यक्ष होंगे, दयाशंकर ओझा पड़री के नये थानाध्यक्ष होंगे, विजय कुमार जमालपुर के नए थानाध्यक्ष होंगे, महेंद्र पटेल राजगढ़ के नए थानाध्यक्ष होंगे तथा जितेंद्र सरोज संतनगर के नए थानाध्यक्ष होंगे, शामिल है। इसी तरह राम आधार यादव साइबर थाना से प्रभारी निरीक्षण साइबर थाना। चौकी फतहाँ में अविनाश राय इंचार्ज, शेष बहादुर को चक गम्भीरा, दिलीप कुमार को कछवा कस्बा, अभिषेक सिंह को इमिलिया चट्टी, आशुतोष सिंह को काजरहट, सुनील कुमार को टेढ़वा का नया चौकी प्रभारी बनाया गया।

प्रदेश का पहला मुफ्त वाई-फाई पालिका बनेगा मीरजापुर

मीरजापुर नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया को साकार करने के लिए नगर में ट्रायल रन के लिए पद यात्रा कर मुफ्त वाई-फाई सुविधा का शुभारंभ किया। पद यात्रा के दौरान विभिन्न चौराहे पर इस सुविधा के लिए अधिवक्ताओं पालिका के सभासदों एवं स्थानीय लोगों ने नपाध्यक्ष को माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बता दें कि मीरजापुर नगर पालिका प्रदेश के पहली ऐसी निकाय बनेगी जहां पालिका द्वारा नगर की जनता को मुफ्त वाई-फाई सुविधा का लाभ मिलेगा। नगर के सिटी क्लब में नपाध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि अभी नगर के दो किलामीटर एरिया में मुफ्त वाई फाई की सुविधा का ट्रायल रन किया जा रहा है। जिसमें जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, संकटमोचन, वासलीगंज, पुलिस चौकी बरियाघाट, खजांची का चौराहा, गिरधर का चौराहा एवं घंटाघर तक लोग क्यूआर कोड स्कैन कर मुफ्त वाई-फाई से इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकेंगे, आगे चलकर नगर क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों को भी वाई-फाई से जोड़ा जाएगा। इन इलाकों में प्रतिदिन एक घंटे तक पांच जीबी फ्री इंटरनेट मिलेगा, पांच जीबी उपयोग के उपरांत यदि और डाटा की जरूरत पर उसे मात्र दस रुपए में सात जीबी इंटरनेट की सुविधा प्राप्त होगी। इस योजना से समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगो, हॉस्पिटल के तीमारदारों, जिला न्यायालय आने वाले वादकारी, अधिवक्ताओं के साथ छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए इंटरनेट की जरूरतों को पूरा करेगा। नगर पालिका ने बीते महीनों में पालिका के डिजलिटीकरण, घंटाघर की घड़ी, ट्राई लाइट, पार्कों एवं तालाबों का सुंदरीकरण, मीरजापुर को स्वच्छ बनाने के लिए इंदौर की बेसिक्स टीम को भी लगाया है। कई ऐसे विकास कार्य कराए गए है जो पालिका को प्रदेश में अग्रसर कर रही है। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है डिजिटल इंडिया अभियान, जहा सारे लेन-देन हो वो डिजिटल माध्यम से हो। जिससे स्ट्रीट वेंडर, सब्जी विक्रेता, पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं सहित आमजनों को मुफ्त वाई-फाई से एक घंटा मुफ्त में इंटरनेट मिल सकेगा।

डीएम ने प्रार्थना पत्रों के सत्यापन व फीडिंग की समीक्षा कर दिए निर्देश

मीरजापुर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं लोक निर्माण विभाग, एनएच, एनएचआई, जिला पंचायत, मण्डी समिति, नगर पालिका सहित अन्य सड़को की गढ्ढा कार्य प्रगति की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर की।

लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड व प्रान्तीय खण्ड में गढ्ढा मुक्ति कार्य प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक सड़को पर कार्य में तेजी लाई जाए तथा सड़क गढ्ढा मुक्ति से सम्बन्धित विभाग व कार्यदाई संस्थाएं अधिकतम 31 अक्टूबर 2024 तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सभी गढ्ढा मुक्ति से सम्बन्धित कार्य लोक निर्माण विभाग के मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए, अब तक कराए गए पूर्ण कार्यो की सूची प्राप्त कर मुख्य विकास अधिकारी से सत्यापन कराने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि कार्य व गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड के द्वारा बताया गया कि कुल 231 सड़के एवं 475 किलोमीटर के सापेक्ष 153 किलोमीटर सड़को पर गढ्ढा मुक्ति का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड के द्वारा बताया गया कि 384 किलोमीटर के सापेक्ष 82 किलोमीटर का कार्य विभिन्न सड़को पर पूर्ण कराया गया शेष कार्य प्रगति पर है समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। इसी प्रकार जिला पंचायत की 24, मण्डी समिति की 15, आरईडी की 05 एवं नेशनल हाईवे की एक सड़को पर गढ्ढा मुक्ति का कार्य प्रगति पर है जो समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। मण्डी समिति के द्वारा बताया गया कि 05 सड़को में तीन पर कार्य पूर्ण तथा आरईडी के 05 सड़क 18 किलोमीटर के सापेक्ष 10.5 किलोमीटर का कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं गंगा प्रदूषण बोर्ड को नगर की सड़को को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराना सुनिश्चित कराएं। बैठक में जन कल्याणकारी विकास योजनाओं की समीक्षा भी जिलाधिकारी द्वारा की गयी जिसमें प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रो का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा समय से न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी ग्राम सचिवो के माध्यम से प्रत्येक योजनाओं के आवेदन पत्रो का सत्यापन अधिकतम 10 दिवस के अन्दर कराते हुए फीडिंग भी कराएं।

प्रादेशिक कार्यकारिणी में मनोनीत होने पर डॉ.प्रवेश सिंह का सम्मान

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा आजमगढ़ के संरक्षक डॉ प्रवेश कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के प्रदेश संगठन के कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए जाने पर साहित्यकारों में खुशी की लहर है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश साहित्य सभा आजमगढ़ की ओर से बुधवार को एक सम्मान समारोह गोष्ठी का आयोजन नरौली स्थित कला साहित्य संस्कृति केंद्र के सभागार में किया गया। जिसमे डा. प्रवेश सिंह को सम्मानित कर प्रदेश इकाई के प्रति आभार प्रकट किया गया। संचालन विजयेंद्र प्रताप श्रीवास्तव करुण ने किया।

बधाई देते हुए उप्र साहित्य सभा आजमगढ़ इकाई के संयोजक विजयेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ प्रवेश कुमार सिंह प्रादेशिक कार्यकारिणी में मनोनीत होने पर आजमगढ़ का हर साहित्य प्रेमी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। डा सिंह अपनी ऊर्जा को प्रदेश के साथ-साथ अपने गृहजनपद में साहित्यिक गतिविधियां और बढाएंगे और साहित्य जगत में आजमगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

संस्था के जिलाध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ प्रवेश कुमार सिंह के मनोनयन से निश्चित रूप से तमाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों के सानिध्य का लाभ जनपद को अवश्य मिलेगा, जो आजमगढ़वासियों के लिए गर्व की बात होगी। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए डॉ प्रवेश सिंह ने कहा कि प्रदेश इकाई ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर अरुणिमा सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पांडे, संदीप राय, उपाध्यक्ष शालिनी राय आदि मौजूद रहे।

यतींद्र उपाध्याय को योग स्वामी रामदेव ने किया सम्मानित

सोनभद्र। हरिद्वार में चल रहे प्रमुख योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में यतीन्द्र कुमार उपाध्याय को योग स्वामी रामदेव द्वारा रुद्राक्ष की माला पहना कर सम्मानित किया गया। यतींद्र कुमार उपाध्याय के साथ रवि प्रकाश त्रिपाठी, गोपालदास केशरी राजेश कुमार, राम त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी अनिल चैरसिया, नागेंद्र नाथ चैबे आदि को भी स्वामी रामदेव ने रुद्राक्ष की माला पहना कर सभी को आशिर्वाद प्रदान किया। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश आदि के राज्यों से भी बड़ी संख्या में योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए स सभी योग शिक्षको ने घर घर योग कराने का संकल्प लिया।

छात्र को घर से बुलाकर मार दी गोली, भर्ती

आजमगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के बद्दोपुर बाजार में मंगलवार की शाम कुछ लोगों ने एक छात्र को घर से बुलाकर गोली मार दी। सीने में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी रही। तीन राउंड फायरिंग से बाजार में दहशत फैल गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के मनचोभा गांव निवासी 24 वर्षीय करन यादव स्नातक का छात्र है। शहर के हर्रा की चुंगी पर भी उसका मकान है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार शाम को वह हर्रा की चुंगी स्थित मकान पर मौजूद था।

इस दौरान किसी ने उसके मोबाइल पर फोनकर बद्दोपुर बाजार में बुलाया। करन अपने दो साथियों के साथ शाम करीब पांच बजे बद्दोपुर बाजार पहुंचा। इसके बाद बाजार में दूसरे पक्ष के लोग भी आ गए। दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस बीच एक युवक ने तमंचा निकालकर करन के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद करन ने वहां से भागने का प्रयास किया। इस बीच हमलावर दो फायर करते हुए फरार हो गया। घटना के बाद दूसरे पक्ष के लोग भाग खड़े हुए। स्थानीय लोग भागकर मौके पर पहुंचे। घटना के बाद बाजार में अफरातफरी मच गई। परिजन भी आ गए। गंभीर रूप से घायल करन को मंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। इस पर उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमलावरों की गिरफ्तारी को पुलिस की टीम गठित

गोली मारने की घटना की सूचना मिलने पर सीओ सिटी गौरव शर्मा और कोतवाल शशिमौली पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सीओ सिटी ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई है। जल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा।

न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

राजनीतिक संरक्षण देने का पीड़ित ने लगाया आरोप

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सपा नेता और घोरावल पूर्व विधायक के करीबी और उसके परिजनों पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गंभीर धाराओं में बीते दिनों केस दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्रदान करने की बात कहीं गई है। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने न्यायालय में दिए प्रार्थना में बताया कि उसने शादी पड़ने पर गांव के राजाराम देव पांडेय को दो लाख रुपये दिया था। जिसे ब्याज के साथ वापस करना था।

बताया कि रुपये वापस मांगने पर विवाद कर रहे हैं। आरोपी का परिवार घोरावल विधानसभा से सपा के पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे के साथ रहते हैं। उनके यहां काम करते हैं। आरोप है कि कुछ माह पूर्व राजेश, रमेश देव, रोशन, शुभम, राजाराम हथियार बंद होकर उसके घर में घुस आए। जहां कमरे का दरवाजा पीटने लगे। दरवाजा खोलने पर उसकी पत्नी के साथ बदसलूकी की गई। उसकी पत्नी के साथ बदसलुकी किए और उसके बेटे आनंद से हस्ताक्षर आरोपी फर्जी तरीके से स्टांप पेपर पर लिखवाना चाहते थे और राजनीतिक व्यक्ति का संरक्षण एन होने के नाते पुलिस आरोपित के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ब्रेकर पर उछले ट्रैक्टर-टाली से कुचल कर जीजा की मौत

सोनभद्र। सदर कोतवाली अंतर्गत कलवारी-खलियारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिजौली मोड़ पर स्थित ऊंचे ब्रेकर पर तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 26 वर्षीय जीजा की जहां घटना स्थल पर ही मौत हो गयी वहीं 25 वर्षीय साला गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानिय लोगों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लोढ़ी भेजवाया गया। घटना से आक्रोषित लोगों ने राबर्ट्सगंज-खलियारी मार्ग को जांम कर हंगामा करना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी डॉ. चारू द्विवेदी के द्वारा कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिये जाने के बाद लोग शांत हुए।

बताया जाता है कि रायपुर थाना क्षेत्र के नंदना निवासी सुनील कुमार यादव पुत्र रामरक्षा यादव अपने साला गढ़वा थाना क्षेत्र के चक्रघटा जिला चंदोली निवासी प्रमोद यादव के साथ बिजौली मोड़ के पास स्थित बाटी-चोखा की दुकान पर बाटी-चोखा खाकर बाइक पर बैठने जा रहे थे। बुधवार की सुबह करीब 9.30 बजे खलियारी की तरफ से तीब्र गति से आ रहा ट्रैक्टर-टाली ऊंचे ब्रेकर की वजह से उछलकर उन्हे रौदते हुए आगे निकल गया। दुर्घटना देख जब तक लोग मौके पर पहुचकर देखने के बाद उन्हे इलाज के लिए भेजने के लिए एम्बुलेंस की मांग किया। जब तक एम्बुलेंस वहां पहुची सुनील ने दम तोड़ दिया और घायल प्रमोद यादव को जिला अस्पताल भेज दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने कार्यवाही की मांग को लेकर राबर्ट्सगंज-खलियारी मार्ग को जांम कर हंगामा करना शुरू कर दिया इसकी जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी डा0 चारू द्विवेदी, कोतवाल सतेन्द्र कुमार राय मय पुलिस फोर्स घटना स्थल पर जा पहुंचे और आक्रोषित लोगों को कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिलाया तब जाकर एक घंटे बाद लोगों का गुस्सा शांत होनें के बाद आवागमन बहाल हो पाया।

अमर्त्य पत्रकार पं. चंद्रेश मिश्र की पुण्यतिथि मनी

जौनपुर। अमर्त्य पत्रकार स्मृतिशेष पंडित चंद्रेश मिश्र की तृतीय पावन पुण्यतिथि पर गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पत्रकार भवन, कलेक्ट्रेट मे किया गया। प्रथम सत्र में मानस कथा एवं द्वितीय सत्र में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई।

प्रथम सत्र में मानस मर्मज्ञ आरपी ओझा ने श्रीरामचरितमानस का संदर्भ देते हुए कहा कि ष्सोई जननी सोई सुत बड़भागी जो पितु मातु चरन अनुरागीष। उन्होंने आदर्श पुत्र की व्याख्या करते हुए बताया इस जगत में उसी का जन्म धन्य है, जिसको माता-पिता प्राणों के समान प्रिय हैं, उसके करतल (मुट्ठी) में चारों पदार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष रहते हैं। भरत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि पद पर शासन करना भोग कहलता है पादुका रख सेवा करना योग कहलाता है। द्वितीय सत्र के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रोफेसर आर.एन. त्रिपाठी ने कहा कि श्रद्धेय पंडित जी की पत्रकारिता भगवान की वंशी की तरह अनवरत बजती रहेगी। आप चन्द्रमा की तरह शीतल आचरण वाले एवं धारदार पत्रकारिता के पुरोधा रहे। आयोजक अशोक मिश्र को साधुवाद देते हुए कहा कि लोग वरासत को संभालने मे लगे हैं आप विरासत को संभाल रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वांचल वि.वि. जौनपुर के अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि पंडित चंद्रेश जी नागरिक पत्रकारिता को जीवन मे सदैव सर्वोच्च स्थान पर रखा। समाज में पूजनीय वही होता है जो समाज के हित के लिए काम करता है। कुटीर पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ० अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि जनपद जौनपुर में आजादी की जंग में बहुत सारे पत्रकारों का योगदान रहा। उन्ही बसे प्रेरित पंडित चंद्रेश मिश्र की पत्रकारिता तीर्थराज प्रयाग की तरह निर्मल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं० रामकृष्ण त्रिपाठी ने किया। वशिष्ट नारायण सिंह एवं कपिल देव मौर्य ने पंडित जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन अशोक मिश्र ने माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर किया। इस अवसर पर पंडित भूषण मिश्र, डॉ.देवेश उपाध्याय, गौरीशंकर मिश्र, अनिल सिंह, राजीव सिंह, रामदयाल द्विवेदी, प्रभाकर त्रिपाठी, शिवानंद शुक्ल समेत प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया।

भविष्य की सुरक्षा के लिए पौधे लगाना अति आवश्यक

जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय आदमपुर बरसठी में सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा पौधारोपण एवं जल संचयन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें शीशम, अर्जुन, बरगद, सहजन, चितवन, अमरूद, आम, जामुन, डिटोर तरह-तरह के वृक्ष लगाए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान अध्यापक सुबाष सरोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व जल संचयन के लिए वृक्ष लगाना अति आवश्यक है पर्याप्त मात्रा में वर्षा न होने के कारण वृक्षों की कटाई इतनी तेजी से वृक्ष काटे जा रहे हैं उसके अनुपात में वृक्षारोपण नहीं हो पा रहा है इसलिए भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए वृक्ष लगाना अति आवश्यक है वृक्ष लगाना है पर्यावरण बचाना है। इस अवसर पर गांव के सम्मानित संभ्रांत नागरिक व एसएमसी अध्यक्ष आंगनबाड़ी रसोईया शिक्षक सभी उपस्थित रहे। राजेश यादव राम सजीवन मनोज राय त्रिभुवन राम संदीप सिंह विनोद यादव शैलिनी कंचन व संस्था की वॉलिंटियर आदि मौके पर उपस्थित रहे। अध्यक्षता करते हुए नीलम रावत ने कहा ने कहा कि हमारा ग्राम प्राकृतिक संपदा से भरपूर है और आदर्श गांव बने इसके लिए हम सबको अपने नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि नीलम सिंह ने कहा बारिश के पानी को तालाबों और छोटे जल स्त्रोतों के माध्यम से जल संचय किया जाना चाहिए इसमें दो तरह की गड्ढे बनाए जाते हैं एक गढ़ा का दैनिक जीवन प्रयोग के लिए जल संचय किया जाता है दूसरे का सिंचाई में प्रयोग किया जाता है आज भूमिगत जल भंडार में काफी जल की कमी है पर्यावरण सुरक्षित रहेंगे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। प्राकृतिक संसाधनों से ही जीवन का अस्तित्व है पर्यावरण सुरक्षा अपने चारों ओर के परिवेश को प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित व सुसज्जित अनुकूल बनाए रखना संजय उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु इस तरह का संस्था द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

रिटायर्ड दारोगा के घर में 20 लाख की चोरी

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद भूपत पट्टी निवासी अवकाश पत्र प्राप्त उप निरीक्षक के घर से चोरों ने 20 लाख के जेवरात व 50हजार रुपए नकद चुरा लिया। बताते है कि अजय कुमार सिंह जो पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल

रूम में कई वर्षों से उप निरीक्षक के पद से बीते जून में रिटायर हुए थे। वे सपरिवार बीते 8 अक्टूबर को रेलवे में कार्यरत अपने पुत्र के पास लखनऊ गए थे। वहां से 15 अक्टूबर को रात 9:45 बजे जब वे मुस्तफाबाद स्थित अपने आवास पर पहुंचे तो मकान के मुख्य द्वार का दरवाजा खुला हुआ था। उसकी कुंडिया टूटी हुई थीं। अंदर जाने पर पता चला कि तीन कमरों में रखे गोदरेज की अलमारी को तोड़कर चोरों ने 20 से 25 लाख रुपए के जेवर चुरा लिए जिसमें दो सोने का हार, दो सोने की चेन, 5 सोने का झुमका, 10 सोने की अँगूठियां, पांच चांदी के पायल व अन्य चांदी के बर्तन व जेवरात शामिल हैं। इसके अतिरिक्त चोरों ने 50हजार नगद भी पार कर दिया। अजय कुमार सिंह की सूचना पर 112 नंबर पुलिस व फॉरेंसिक जांच की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। घटना के संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लाइन बाजार थाने में तहरीर दे दी गई है। इस वारदात से मोहल्ले ही नहीं वरन आस पड़ोस के कई गाँवों में भय व असुरक्षा व्याप्त हो गई है। लोग यह चर्चा कर रहे हैं कि जब पुलिस वालों का ही घर सुरक्षित नहीं है तो आम जनमानस की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित हो पाएगी।

मकान में घुसकर लाखों का जेवर और नकदी पर हाथ साफ

जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र के पोरई कला ग्राम में चोरों ने बन्द घर को निशाना बनाते हुये पीछे के रास्ते घुसकर लाखों का जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घर के सदस्य मुम्बई रहते हैं। ऐसे में भांजा यहाँ रामलीला देखने आया

तो घटना की जानकारी हुई। उक्त ग्राम निवासी विकास विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। यहाँ घर पर ताला बंद है। बुधवार की दोपहर जब इनका भांजा विजय प्रताप निवासी कलान पोरई कला की श्री रामलीला देखने के उद्देश्य से आया तो बाहर गेट का ताला खोलकर अन्दर गया तो देखा कमरों के ताले टूटे हुए हैं और जेवर के बाक्स खुले पड़े हैं। अन्य सामान बिखरे पड़े हैं तो स्वजन को बताया। ज्ञात हुआ कि रखे सामान में लगभग साढ़े 3 लाख का जेवर चोरों ने उड़ा दिया है। बाकी चोरी हुये सामान की स्थिति तो घर वालों के आने के बाद ही पता चल पायेगा। चोरी गये सामान में सोने का एक गले का हार, एक मांग टीका, एक नथिया, एक टप्स, एक झुमका, चैन, अंगूठी के आलावा चांदी का एक जोड़ी करधन, एक जोड़ी पायल के अतिरिक्त 10 हजार रुपये नकद शामिल है। फिलहाल एक सप्ताह में इस गांव में यह दूसरी बड़ी घटना है। 5 दिन पहले आनन्द सिंह के बन्द पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाया था। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह ने कहा कि मामले में संलिप्तत लोगों को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जायेगी।

समेंदा में भव्य मेला का आयोजन

आजमगढ़। खण्ड विकास क्षेत्र सठियांव अन्तर्गत समेंदा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को जय मां दुर्गा समिति समेंदा के तत्वावधान में भव्य मेला का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मेले का उद्घाटन पण्डित सूरज दुबे ने विधि विधान पूजा अर्चना कर किया। दशहरा का पर्व हिंसा पर अहिंसा, असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक का पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ परम्परागत मनया गया। देवी जागरण और पाठ कर मां दुर्गा का प्रतिमा के दर्शन पूजन करने वाले का हुजूम उमड़ पड़ा। इसके अलावा बुजुर्ग, युवा, बच्चे महिला मेला की भव्यता को बढ़ा रही थी। मेला दखने को लेकर बच्चों का उत्साह काफी अधिक था। मेला में नाना प्रकार की दुकानें लगी थीं। बच्चों ने खरीदारी कर मेला का जमकर आनंद उठाया। दशकों वर्ष से यहां पर मेला का आयोजन होता चला आ रहा है। इस प्रकार दशहरा का पर्व मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था मे पुलिस मेला मे भ्रमण करती नजर आयी। आयोजक शशि प्रकाश सिंह ने लोगों का आभार व्यक्त किया।

मझवा विधानसभा उपचुनाव 25 तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया

मीरजापुर। जनपद की मझवां विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की तैयारी मंगलवार से तेज हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने आदर्श आचार संहिता लागू कर दी। 18 अक्तूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्तूबर तक चलेगी, फिर नामवापसी होगी। 13 नवंबर को मतदान होगा। 23 नवंबर को परिणाम घोषित किया जाएगा। ज्ञात हो कि स्थानीय विधायक डॉ. विनोद बिंद के भदोही से सांसद चुने जाने के बाद मझवां विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराए जा रहे हैं। उपचुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने बैठक की और चुनाव की रणनीति बनाई। भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। अब तक दो दर्जन से ज्यादा केंद्रीय व राज्यमंत्री मझवां विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री भी आ चुके हैं। दूसरी तरफ सपा ने डॉ. ज्योति बिंद पर दांव लगाया है। बसपा ने दीपक तिवारी उर्फ

संक्षेप

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

बीकापुर-अयोध्या। अज्ञात कारणों से 16 वर्षीय दलित युवक ने छत में पंखे के लिए लगे हुक से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा गयासुद्दीनपुर निवासी जयराम कोरी के 16 वर्षीय पुत्र गोविंद का मंगलवार की देर रात्रि घर के कमरे में पंखे के लिए लगे हुक में साड़ी के सहारे शव लटकता मिला। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की चीख पुकार सुनकर गांव वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डीएम ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

विभागाध्यक्ष विभागीय योजनाओं का करें प्रचार प्रसार और पहुंचाए किसानों को लाभ

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। अक्टूबर माह के किसान दिवस का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यहां डीएम ने कृषि

- खाद के अवैध भंडारण पर करें कड़ी कार्यवाही: डीएम

विभाग के अधिकारियों को खाद, बीज एवं रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। खाद के संबंध में उन्होंने किसी भी प्रकार की अनुचित भंडारण की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

किसान दिवस का आरंभ उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा पिछले माह प्राप्त शिकायतों पर विभागों से प्राप्त निस्तारण आख्या से कृषक जनों को अवगत कराने के साथ हुआ। तदुपरान्त किसानों की शिकायत को जिलाधिकारी ने सुनते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जनपद के एग्रीगेटर के रूप में चयनित कृषक उत्पादक संगठनों के द्वारा यूपी नेडा से अनुदान ना प्राप्त होने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को यूपी नेडा एवं इंडियन ऑयल के अधिकारियों से संपर्क करते हुए अनुदान दिलाने, वर्तमान मौसम में पराली जलाने की घटना को रोकने एवं पराली के प्रबंधन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ड्रेन तथा रजवाहों, नहरें की सफाई के संदर्भ में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग तथा बाढ़ खंड के अधिकारियों को हेड से टेल तक सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया एवं सिल्ट सफाई में किसान दिवस, तहसील दिवस व आईजी आरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों से संबंधित रजवाहों एवं टेलों तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषक मार्कंडेय राय द्वारा ग्राम-देवकली विकास खण्ड-सुकरौली में जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी एवं उसके उसके आसपास के मार्ग पर जल निगम द्वारा किए गए कार्य के कारण हुए गहरें गढढों की शिकायत की गई जिनकी मरम्मत हेतु जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता को निर्देशित किया।

जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में खाद एवं बीजों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने के तथ्य से सभा को अवगत कराया। उद्यान विभाग के उद्यान निरीक्षक के द्वारा कृषकों को बीजों पालक , मेथी, आलू, प्याजों आदि फसलों के उपलब्ध बीजों के विषय में जानकारी प्रदान की। उप उप कृषि निदेशक ने त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मक्के की खेती करने वाले किसानों को दिए जाने वाले अनुदान के विषय में उपस्थित किसानों को अवगत कराया। सभी विभागाध्यक्ष विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करें एवं किसानों को लाभ पहुंचाए, विभागीय योजनाओं के अंतर्गत दिए जाने वाले सब्सिडी के बारे में जानकारी दें। इस दौरान परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र, जिला गन्ना अधिकारी डी के सैनी, सहायक निदेशक रेशम, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नल कूप समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

देवरिया । जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया ।किसान दिवस में सबसे अधिक शिकायत विद्युत विभाग की थी, जिसका अनुपालन आख्या उपलब्ध नहीं कराने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, विद्युत को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसान दिवस में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक किसान दिवस में स्वयं आयेंगे और किसानों की समस्याओं का अनुपालन समय से कराएंगे।इसमें यदि किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही की जाती है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि इस बैठक में तहसील से भी किसी अधिकारी को बुलाया जाय। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने उपस्थित कृषकों को गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। इसके बाद उन्होंने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस समय कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग 23 अक्टूबर, 2024 तक होगी। इच्छुक किसान बुकिंग कराकर लाभ ले सकते है।इस समय विभाग में तोरिया/राई सरसों का मिनीकिट आया है, जिसका वितरण राजकीय कृषि भण्डारों के माध्यम से कराया जा रहा है तथा चना, मटर, मसूर का मिनी किट शीघ्र ही उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही कृषकों को उन्होंने बताया कि 18 एवं 19 अक्टूबर, 2024 को एग्रोक्लाईमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेला का आयोजन आचार्य नरेन्द्रदेव इण्टर कालेज, पथरदेवा में किया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक किसान प्रतिभाग करें। जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में बताया कि रबी सीजन हेतु जनपद में डीएपी की रैक आ गयी है जिसको सभी समितियों पर भेजा रहा है। जिलाधिकारी ने कृषकों को बताया कि कि जनपद में उवर्रकों एवं बीजों की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जायेगी। जनपद में खाद एवं बीज की कमी नहीं होनी चाहिए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, देवरिया ने किसान दिवस में बताया कि विभाग में 10 गायों के पालन एवं 02 गायों के पालन की योजना भी संचालित है जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान देय है। पशुधन बीमा योजना के अन्तर्गत सामान्य लाभार्थियों को 75 प्रतिशत छूट एवं अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को 90 प्रतिशत छूट दिया जा रहा है इसलिए अधिक से अधिक किसान अपने पशुओं का बीमा करा लें। इसके अतिरिक्त किसान भाई किसान क्रेडिट कार्ड भी बनवा लें। जिलाधिकारी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड समय से बनाने हेतु सभी बैंको को पत्र जारी करने के निर्देश दिये।

उद्यान विभाग प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि विभाग में साक-भाजी में बीज के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक किसान पंजीकरण कराकर सब्जी का बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभाग में आलू का भी बीज प्राप्त होने वाला है।जनपद में खराब नलकूपों को ठीक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप द्वारा बताया गया कि विद्युत दोष से खराब 04 नलकूप को विद्युत विभाग 04 ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन दिया गया है।

शिक्षक और अभिभावकों की बैठक में बच्चों के डिजिलॉकर पर बनी सहमति

देवरिया । महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवम राज्य परियोजना निदेशक के आदेश और जिलाधिकारी श्रीमती दिब्या मित्तल के निर्देश पर आज सदर विकासखण्ड के बगहा मठिया कम्पोजिट विद्यालय पर शिक्षक/अभिभावकों की बैठक पर्यवेक्षक संजय कुमार स अभि० सिचाई खण्ड की देखरेख में सम्पन्न हुई ।बैठक में विद्यालय में नामांकन,ठहराव ,उपस्थिति को बेहतर बनाने और बच्चों का अपार आई डी बनाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया । स अध्यापक राहुल सिंह ने अपार आईडी और डिजिलॉकर की जानकारी देते हुए अभिभावकों को इसके महत्व की जानकारी दिया तो विज्ञान अध्यापिका श्रीमती स्वाति सिंह ने महिला अभिभावकों से छात्रओं को नियमित स्कूल भेजने ,स्कूल द्वारा दिये गए होमवर्क पूरा कराने ,विद्यालय से सम्पर्क रखने की अपील किया ।पर्यवेक्षक श्री कुमार ने सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा में आमूलचूल बदलाव लाने के प्रयास में अभिभवकों के सक्रिय सहयोग को आवश्यक बताते हुए उनसे बच्चों को नियमित स्कूल भेजने ,सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए अपने पाल्यो का अपार आईडी,डिजिलॉकर बनाने की सहमति देने की अपील किया जिसका करतलध्वनि से अभिभावकों ने समर्थन किया ।

यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सड़क सुरक्षा पखबाड़ा सड़क सुरक्षा पखबाड़ा 02 से 16 अक्टूबर 2024 तक मनाये जाने के क्रम में बुधवार को सड़क सुरक्षा पखबाड़ा का समापन समारोह एआरटीओ कार्यालय परिसर

- सड़क सुरक्षा पखबाड़ा का हुआ विधिवत समापन

में भाजपा नगराध्यक्ष मनीष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सम्भागीय निरीक्षक देवदत्त कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा पखबाड़ा के अन्तर्गत दिये गये निदेर्शानुसार कराये गये जन जागरूकता कार्यक्रम जनपद के समस्त नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किये गये कार्यो के वारे में अवगत कराया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया गया। साथ ही उपस्थित चालक, परिचालकों से वाहन का संचालन नियमानुसार किए जाने की अपील की गयी।

यात्रीकर अधिकारी लिली चैधरी द्वारा यातायात नियमों का कढ़ाई से पालन किए जाने के सम्बन्ध में विस्तरित रूप से जानकारी दी गयी एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी।

इस दौरान नगर पालिका, पीडब्लूडी, यातायात निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, रोड सेफ्टी क्लब, आई.राइड., टोल प्लाजा प्रबंधक एवं परिवहन विभाग के समस्त अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंत में सम्भागीय निरीक्षक देवदत्त कुमार ने आभार जताया।

दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला लगेगा

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि प्रसार कृषि निवेश तथा तकनीकी प्रबन्धन योजना के तहत संचालित कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन स्तरीय दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का आयोजन आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कालेज, पथरदेवा में 18 एवं 19 अक्टूबर को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला में अपने-अपने विभाग का स्टाल लगवाएंगे एवं अपने विभाग के प्रगतिशील कृषकों के साथ स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। मेले में कई कृषि वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। कृषि से संबंधित आधुनिक उपकरणों एवं विभिन्न फसलों के बीज की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे किसानों को आधुनिक विधि से खेती की जानकारी मिलेगी। यह मेला किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने

- विभिन्न विभाग लगाएंगे स्टॉल, कृषि वैज्ञानिक देंगे तकनीकी जानकारी
- 18 एवं 19 अक्टूबर को आयोजित होगा क्षेत्रीय किसान मेला

बताया है कि आयोजित होने वाले दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला में प्रगतिशील/एचीवर किसानों को कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, एग्रो, सिंचाई, लघु सिंचाई, विद्युत, बैंकर्स, एनजीओ, कृषि ज्ञान केन्द्र/विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों आदि विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, आईसीडीपी कार्यक्रम अधिकारी, डीपीआरओ, नेडा, मनरेगा / एनआरएलएम तथा विभिन्न उर्वरक एवं बीज कम्पनियों द्वारा स्टाल के माध्यम से प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी तथा वृहद पशु आरोग्य मेला एवं स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जायेगा। साथ ही क्षेत्रीय किसान मेले में कृषकों के कृषि एवं उससे सम्बद्ध वैज्ञानिकों के माध्यम से तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी, जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा जन उपयोगी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी जायेगी ।उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने जनपद के समस्त कृषकों से अनुरोध है किया है कि वे 18 एवं 19 अक्टूबर को आयोजित होने वाले क्षेत्रीय किसान मेले में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का कष्ट करें। किसान मेले में किसान भाई कृषि विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की जानकारियां प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते हैं।

बेटियां हैं घर की शान, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का रखें ध्यान

कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में श्रीमती चारू उपाध्यक्ष उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक/जनसुनवाई सम्पन्न हुआ। बैठक में जनपदस्तरीय अधिकारीगण तथा विभिन्न क्षेत्रों से महिलाए उपस्थित रही ।विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने

- हर एक बच्ची के पढ़ने से पूरी एक पीढी सुधर जाती है: उपाध्यक्ष

मिशन शक्ति पंचम चरण तथा महिलाओं के सुरक्षा एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु जारी नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात कालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए पुलिस प्रशासन पूर्णतः कटिबद्व है, किसी भी प्रकार की महिला के ऊपर पारिवारिक प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, बाह्य हिंसा या अन्य प्रकार की शिकायत उक्त नम्बरों पर दर्ज करा सकती है।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला एवं बाल विकास से सम्बन्धित योजनाओं, वन स्टाप सेन्टर के अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक न्याय दिलाने के दृष्टिगत 5 दिन की आवासीय सुविधओं, पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली लीगल एड विधिक सहायता, शिशु लिंगानुपात को बढ़ाने, भ्रुण हत्या को कम करने, बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में तथा आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में सर्वांगिण विकास करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्होने सभी योजनाओं के आवेदन के ऑनलाइन तरीको, पात्रता की शर्तों के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सा विभाग के अन्तर्गत संचालित जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, परमानेंट नसबंदी पर मिलने वाले लाभ, महिलाओं के चिकित्सीय सुविधाए प्रदान करने हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और लाभ से रूबरू कराया। उन्होने कहा कि जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित रखने के उददेश्य से गर्भवती महिलाओं का सी0एच0सी0 पर 1,9,16,24 तारीख को प्रत्येक माह फ्री जॉच की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हाई रिस्क बिमारियों का इलाज के साथ अल्ट्रासाउंड भी किया जाता है। शिक्षा विभाग की तरफ से उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी /अपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में कोई भी लड़का-लडकी अशिक्षित न रहे इसके लिए 1-8 तक सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। मीड डे मील की सुविधा भी उपलब्ध हैं।

रानी लक्ष्मी बाई प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा रहे है। ब्लाक स्तर पर कस्तुरबा आवासीय विद्यालय की सुविधा भी उपलब्ध हैं। मिशन शक्ति के तहत 1 दिन के प्रधानाचार्या ए0बी0एस0ए0/ खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाते हुए उन्हे प्रोत्साहित भी किया जाता है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों, हॉट कुक्ड मिल की सुविधा, केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण के बार में जानकारी दी गई। सभी विभागों की समीक्षा के उपरान्त उपाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी लड़का-लड़की शिक्षा से वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखे। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो। शिक्षा प्रथम स्तम्भ हैं आगे बढ़ने के लिए शिक्षा समाज मे विकास करने में सहायक सिद्व होता है। आप उपस्थित महिलाओं तथा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपील है कि हर बच्ची को स्कूल अवश्य भेजे। हर एक बच्ची के पढ़ने से पूरी एक पीढी सुधर जाती है। उन्हे आत्मरक्षा के गुण भी अवश्य सिखाए। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हल्का एव बीट सिपाहियों के मदद से ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा, पारिवारिक प्रताड़ना पर आवाज उठाने, शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रोत्साहित करे, उन्हे सुरक्षा का एहसास कराए ताकि समाज में वह निडर होकर पढ सके, धूम सकें और अपनी आवाज को उठा सके। उन्हे शिकायती नम्बरों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देते हुए जागरूक करें। ए0एन0एम0, आशाओं के होम विजिट/भ्रमण की शिकायत मिलने पर उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि आाशाए, आगंनबाडी कार्यकत्री, ए0एन0एम0 सभी होम विजिट/भ्रमण कर ग्रामवासियों को जागरूक करे।

रेलवे स्टेशन पर मिला युवक का शव

ललितपुर। उदयपुरा रेलवे स्टेशन पर शौचालय के पास बैंच पर एक युवक का शव पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया।

युवक का सिर माथे पर फटा हुआ था, जिससे काफी रक्त स्त्राव हो रहा था। प्रकरण को लेकर उदयपुरा रेलवे स्टेशन अधीक्षक शिवम साहू ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी।

जीआरपी ने मौके पर पहुंच कर सिविल पुलिस थाना बानपुर व थाना बार को अवगत कराया। बताया गया है कि बीती 15/16 अक्टूबर की रात्रि को उप स्टेशन अधीक्षक उदयपुरा शिवम साहू ने जीआरपी को सूचना दी कि उदयपुर रेलवे स्टेशन पर टीकमगढ़ एण्ड पर शौचालय के पास बैंच पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है एवं सर से काफी खून बह रहा है।

सूचना मिलने पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार ने तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से फील्ड यूनिट को घटना स्थल पर बुलाकर निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र करने की कार्यवाही की। इस दौरान मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बतायी गयी, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

भगवती जागरण में देवी गीतों पर झूमे श्रद्धालु

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के गांधी चौक में बुधवार की रात्रि भगवती जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवी गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। गांधी चौक में भगवती जागरण का आयोजन वैष्णो क्लब द्वारा किया गया था ।कार्यक्रम का शुभारंभ बृजेश वर्मा, अध्यक्ष स्वर्ण शक्ति सोसायटी ने फीता काट कर किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजेश वर्मा, ओम प्रकाश गुप्त उर्फ गांधी, प्रमुख व्यवसाई विजय शंकर मद्धेशिया, पूर्व सभासद सुभाष चंद्र मद्धेशिया, सभासद अशोक वर्मा, अधिवक्ता सुभाष चंद्र वर्मा को आयोजन समिति ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गोलू वर्मा, विक्की वर्मा, सुमेश वर्मा, संदेश वर्मा, लाल बिहारी, बिट्टू वर्मा, प्रदीप मद्धेशिया, राजू वर्मा, वीरू वर्मा, अक्षय मद्धेशिया, शुभम मद्धेशिया, आदित्य प्रजापति, विकास मद्धेशिया, शिवम मद्धेशिया, बड़े मद्धेशिया, गुड्डू जायसवाल, राजकुमार वर्मा सहित भारी संख्या में नगर व देहात क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को दिलाई गयी सदस्यता

भटनी(देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम खोरीबारी मे पंचायत प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अनुप राय के आवास पर बुथ अध्यक्ष शनिवेष राय की अध्यक्षता मे भाजपा सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जिसमे वरिष्ठ नागरिक व अल्पसंख्यक लोगो भी भाजपा का सदस्य बनाया गया ।कार्यक्रम का भाजपा मण्डल भटनी के अध्यक्ष योगेश प्रजापति ने नेतृत्व किया ।कार्यक्रम मे भाजपा जिलाध्यक्ष भुपेन्द्र के फहुँचते ही कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा 70वर्षीय वरिष्ठ नागरिक रामेन्द्र राय कपिलदेव राय व अल्पसंख्यक इदरीस अंसारी सहित अन्य लोगो को भी भाजपा का सदस्य बनाया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान मे समाज के प्रत्येक वर्ग को जोडने का कार्य करें ।तभी सबका साथ सबका विकास का भाजपा का नारा चरितार्थ होगा ।इस अवसर पर अर्चना पाण्डेय अंकुर राय शेषनाथ मिश्र अनिल राय हितेन्द्र तिवारी विनोद कुमार दीक्षित शिवसरदार मिश्र जयहिंद यादव कृष्णदत्त मिश्र आशीष पासवान शेषनाथ कुशवाहा सहित मण्डल के सभी मोर्चो के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं की दी गयी जानकारी

कुशीनगर। जनपद के गांधी चौक कसया और बलूचहा चुंगी पडरौना स्थित लेबर चौराहा पर एकत्रित श्रमिकों को श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई व श्रमिक पंजीयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्माण श्रमिकों की कल्याण मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना कन्या विवाह सहायता योजना अटल आवासीय विद्यालय योजना मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता और अक्षमता पेंशन योजना आदि संचालित की जा रही है, जिसका लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को देय है। इस योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए ४स्नुङ्ग६.ल्ल पोर्टल पर श्रमिक पंजीयन करना आवश्यक है जो कि किसी भी जन सेवा केंद्र पर या स्वयं सेल्फ रजिस्ट्रेशन के माध्यम से किया जा सकता है उक्त का प्रचार प्रसार करते हुए श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी हेतु पंपलेट वितरण किए गए इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय कर्मचारी संदीप, शशि, शेखर मिश्रा श्रमिक राजेश, धर्मेंद्र, शंभू, राम भवन मुनि, प्रमोद अजय, राम कृपाल, सुमंत अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

युवा उत्सव और साइंस मेला का आयोजन

देवरिया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला संत विनोबा पीजी कॉलेज देवरिया के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय एवं प्राचार्य संत विनोबा पीजी कॉलेज अर्जुन मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम लोकगीत समूह, लोकगीत एकल, लोक नृत्य समूह, लोक नृत्य, कहानी लेखन, कविता लेखन ,पोस्टर मेकिंग, भाषण विभिन्न श्रेणियां में आयोजित किया गया। इसके अलावा मुख्य आकर्षण साइंस मेला रहा, जिसमें साइंस से जुड़े हुए वैज्ञानिक अपने नवीन प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार प्राचार्य संत विनोबा पीजी कॉलेज अर्जुन मिश्रा प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज देवरिया द्वारा किया गया। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम आए कलाकार मंडल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे एवं मंडल स्तर में प्रथम आए प्रतिभागी राज्य स्तर एवं 12 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। मंच का संचालन पंकज शुक्ला ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नीरज मिश्रा ,संतोष कुमार, राजकमल, निखिल आनंद , धर्मशील तिवारी आदि उपस्थित रहे लोकनृत्य एकल में विप्रा चौबे प्रथम, लोकनृत्य समूह में प्रीति पांडेय,आशा राजभर निधि यादव आदि प्रथम रहे। पोस्टर मेकिंग में तुलिका चौरसिया प्रथम कहानी लेखन में शिवानी शिल्पकार प्रथम कविता में कीर्ति मिश्रा लोक गीत समूह में गोल्डी यादव गरिमा आदि प्रथम रहे। लोकगीत एकल में आनंद कुमार प्रथम रहे। इसी तरह साइंस मेला समूह में ड्रोन के लिए हिमांशु शर्मा प्रशांत कुमार ओंकार शर्मा प्रथम, एकल में अंकित कृष्ण साहनी प्रथम रहे।

उपकरण के लिए 98 बच्चे हुए चिन्हित

ललितपुर। कानपुर एलिम्को के सहयोग से दिव्यांग बच्चों हेतु उपकरण मापन शिविर का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह के निर्देशन में और खण्ड शिक्षा अधिकारी तालबेहट समर सिंह की अध्यक्षता में राजकीय आदर्श विद्यालय ललितपुर (नगर क्षेत्र)में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 102 दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 98 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। अब इन बच्चों को 27 दिसम्बर को उपकरणों का वितरण आदर्श विद्यालय (नगर क्षेत्र) में किया जायेगा। शिविर में कानपुर से ऑडियोलॉजिस्ट ओम, पी.ओ अमित कुमार, टेक्नीशियन राजेश कुमार, जीतेश कुमार, विशेष शिक्षक शिव कुमार मौर्य, मदन मोहन राज, पुनीत कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ दीपक अग्रवाल, रवि भास्कर,ज्ञानेश तिवारी, सुधा सिंह, शशिकला मौर्या,हरिओम, प्रधानाध्यापिका सहित समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा सहयोग किया गया। समेकित शिक्षा जिला समन्वयक सुजीत कुमार मौर्या द्वारा कैम्प का समापन कर विद्यालय स्टाफ और समस्त अभिभावको का आभार व्यक्त किया गया।

संक्षेप

महिला के साथ छेड़छाड़

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव में धान काट रही एक महिला के साथ छेडछाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह शाम को खेत में धान काट रही थी इसी दौरान गांव के माधौ पुत्र काशीराम निवासी विलासपुर आया और छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अतिक्रमण हटाने के लिए दिया 3 दिन का समय

महोली /सीतापुर। नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर कस्बे के लोगो ने नगर पंचायत सहित थाना दिवस में शिकायती पत्र दिया था। जिसमें कहा गया था कि मंदिर के सामने अंबेडकर पार्क शहीद पार्क के पीछे लकड़ी की दुकान रख कर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसी अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की थी। शिकायत को संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत ने अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस दिया है। नगर पंचायत ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया है। नगर पंचायत की इस कार्यवाही से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

जंगली जानवर ने किया हमला

तंबौर/सीतापुर। थाना क्षेत्र के सिसैया दरियाना निवासी राकेश कुमार उम्र 45 वर्ष पुत्र रामेसुर शाम लगभग साढ़े चार बजे अपने खेत में काम कर रहा था। तभी खेत से निकलकर अज्ञात जानवर ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। आवाज सुनकर पड़ोस काम कर रहे लोग दौड़कर आये और घायल राकेश को सीएचसी तंबौर लेकर आये जहां घायल किसान का इलाज चल रहा है। घायल किसान के पुत्र सचिन विश्वकर्मा ने थाने में तहरीर भी दी है।

सौतेली मां व पति पर लगाया पिटाई का आरोप

महोली /सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटी निवासी आरती देवी ने जिला मुख्यालय पहुंचकर महिला थाने में अपने पति शैलेंद्र कुमार त्रिवेदी अपनी सौतेली मां पुष्पा के खिलाफ तहरीर दी। आरती देवी का आरोप है कि उसका पति शैलेंद्र त्रिवेदी व सौतेली मां पुष्पा बेवजह ही उसको मारते पीटते है। दोनों लोग उसे घर से भगा देने का दबाव बना रहे हैं। पति पर बांके से प्रहार करने का आरोप है। वहीं महिला खुद को चाटिल भी बता रही है। पुलिस घटना की जांच की बात कह रही है।

तौल के नाम पर हुआ वाद-विवाद

सीतापुर। नवीन गल्ला मण्डी में थोक गल्ला व्यापारी और फुटकर कारोबार करने वाले व्यापारी के बीच तौल के नाम पर वाद विवाद हो गया। दोनो पक्षों में थोक व्यापारी की जमकर धुनाई करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। घटना के बाद पीड़ित व्यापारी कई व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुँचा और आरोपियों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मण्डी परिसर में अरिहंत जैन थोक गल्ला व्यापारी है। उनके पास नूरपुर के उस्मान और इमरान अपना धान बेचा था। खाली ट्राली की तौल विक्रेताओं ने अपने हिसाब से करा ली थी। जिसको लेकर अरिहंत जैन ने ट्राली की तौल मुनीम के सामने कराने की बात कही। जिसको लेकर विवाद हो गया। दोनो पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगो ने किसी तरह बीच बचाव कर शांत कराया। पीडि.त व्यापारी अरिहंत जैन के साथ मुकेश पोद्दार, संतोष गुप्त, संजय शुक्ला आदि व्यापारी कोतवाली पहुँचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

टैम्पो पलटा, तीन की हालत गंभीर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत झूलू मऊ गांव के फूल मती देवी मन्दिर के निकट टैम्पो पलटने से तीन लोग गंभीर घायल हो गए जिन्हें सी एच सी लाया गया जहाँ से दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गंगेहरा गांव निवासी विनीत अपनी पत्नी जय देवी और एक रिश्तेदार मंत लाल निवासी वजीर गंज सफीपुर के साथ शिवराज पुर की तरफ से टैम्पो से आ रहे थे तभी फूल मती देवी मन्दिर के पास टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे तीनों लोग घायल हो गए जिनमें प्राथमिक उपचार के बाद जयदेवी तथा मंत लाल को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

टीबी के खात्मे के साझा प्रयास में अपना योगदान दें

जिला संवाददाता(vol)

● सीएचसी अधीक्षक ने 16 क्षय रोगियों को लिया गोद

सीतापुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत मिश्रिख सीएचसी के अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव ने 16 क्षय रोगियों को गोद लिया। गोद लिए गए इन सभी टीबी रोगियों को उन्होंने और सीएचसी के चिकित्साधिकारियों एवं पैरामेडिकल कर्मियों ने सामुदायिक सहभागिता के तहत पोषक आहार किट (पोषण पोटली) भी प्रदान की।

इस मौके पर उन्होंने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, स्वैच्छिक संगठनों, राजनीतिक दलों, आमजन सहित निजी चिकित्सकों से अपील कि है कि वह टीबी रोगियों को गोद लेकर टीबी के खात्मे के साझा प्रयास में अपना योगदान दें और निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय क्षय रोग रोगियों को गोद लेने की योजना संचालित कर रही है। इस योजना के तहत कोई भी संस्था, औद्योगिक इकाई या संगठन, राजनीतिक दल या कोई व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है, जिससे उसका समुचित इलाज हो सके। इस योजना को ह्यअडॉप्ट पीपल विद टीबीह्न का नाम दिया गया है। प्रदेश में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा वर्ष 2019 में टीबी मरीजों को गोद लेने की मुहिम शुरू की गई।

राज्यपाल के आह्वान के बाद टीबी से मुक्ति दिलाने के लिए लोग तेजी से मरीजों का हाथ थाम रहे हैं। वो रोगियों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उपचार में उनकी मदद भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय पोषण पोर्टल पर पंजीकरण के बाद टीबी रोगियों को प्रतिमाह एक हजार रुपए पोषण भत्ता के रूप में दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे मरीजे के बैंक खाते में भेजी जाती है। जिससे कि मरीज पौष्टिक खानपान कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार की ओर से 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने की योजना है। इस मौके पर कार्यक्रम में डॉ. मनीष रॉय, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर नीरज वर्मा, अर्श काउंसलर लक्ष्मी गुप्ता, स्टाफ नर्स विभा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

मिशन शक्ति के तहत इशिता बनी खंड शिक्षा अधिकारी

महोली /सीतापुर। विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय दौली की छात्रा इशिता को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। इशिता कक्षा 8 की छात्रा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह पद दिया गया है। बताया जा रहा है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है।

महिलाएं खुद को सशक्त माने इसको लेकर अनेको प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत महोली क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय दौली मे कक्षा 8 की छात्रा इशिता एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। महोली ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाण्डेय ने छात्रा इशिता को शिक्षा विभाग के कार्यों के बारे में जानकारी दी। इशिता ने कार्यालय के समस्त पटलों पर जाकर वहां के कार्य करने के तरीकों को जाना और अच्छे ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान छात्रा ने खुद को गौरवांवित महसूस करने की बात कही।

सड़क हादसों में मौत चिन्ताजनकः शशांक त्रिवेदी

सीतापुर। हेलमेट का नियमित प्रयोग करने से ही केवल सड़क हादसों में मृतको की संख्या को कम किया जा सकता है। यह बात कनवाखेड़ा स्थित रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के सभाकक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महोली शशांक त्रिवेदी ने कही। उन्होने कहा कि प्रदेश की सरकार सड़क हादसों को कम करने के लिये जागरूकता के कार्यक्रम चला रही है। उन्होने कहा कि बच्चे जब भी वाहन पर बैठे तो अपने अभिभावकों को यातायात नियमों को मानने की बात कहें। विधायक ने कहा कि सड़क हादसो में मौते होना बेहद चिन्ताजनक है। सरकार यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये वचनबद्ध है और तेजी से सुधार कर रही है।

यातायात नियमों का पालन के लिये प्रवर्तन कार्यवाही के साथ जागरूकता की भूमिका बेहद अहम है। समापन समारोह की विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल जी ने कहा कि शारीरिक सुरक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। रोड सेफ्टी भी इसी का हिस्सा है हमें यातायात नियमों को मानकर सड़क हादसों को कम करने में अपनी भूमिका को बढ़ाना होगा। सीओ सिटी एवं यातायात क्षेत्राधिकारी अमन सिंह ने रोड सेफ्टी के बेसिक रूल्स की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के मुख्य 05 नियम मान लेने मात्र से ही सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। जिनमें हेलमेट सीटबेल्ट का नियमित प्रयोग, नशा, नींद, तेज रफ्तार से बचाव शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कमलेश चन्द्रा ने कहा कि हादसे के वक्त 108 डायल कर एम्बुलेंश की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुचाया जा सकता है। हमें हादसा हो जाने की स्थिति में घायलों की मदद करनी चाहिए। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने गुड सेमेरिटन की जानकारी देते हुए बताया कि घायलों को अस्पताल पहुँचाना पुनीत कार्य है इसके लिये सभी को आगे आना चाहिए। शासन द्वारा गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) को नियमानुसार 5 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। समापन समारोह की शुरूआत बच्चों द्वारा रोड सेफ्टी के नाटक व जागरूकता कार्यक्रम से हुई बच्चों द्वारा रोड सेफ्टी के मनमोहक गीत प्रस्तुत किये गये। बच्चो द्वारा हाथों में ट्रैफिक सिम्बल्स लेकर सभी को इनका पालन करने के लिये प्रेरित किया गया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर कार्यक्रम स्थल तालियों की आवाज से गूंज उठा। अन्त में मुख्य अतिथि द्वारा सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी गयी। एआरटीओ की ओर से अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही यातायात जागरूकता युक्त पम्पलेट भी वितरित किये गये।

बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण में देखे ऐतिहासिक स्थल

तंबौर /सीतापुर। कस्बे में स्थित रेडियन्स इंटर कॉलेज के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत कई ऐतिहासिक स्थलों को घुमाया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों के साथ भ्रमण पर निकले बच्चों ने शारदा नगर, दुधवा नेशनल पार्क के बाद अंतरराष्ट्रीय टूर नेपाल में गौरी फंटा, धनघडी शालिनी रिजॉर्ट, चिसा पानी, कोहलपुर, नेपाल गंज में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन किए। बच्चों को इस मंदिर के एतिहासिक महत्व को बताया गया। इसके बाद दूसरे दिन नेपाल गंज का बच्चों ने भ्रमण किया। बच्चों ने कई धार्मिक स्थलों और एतिहासिक स्थलों पर पहुंचकर बच्चों ने इनकी पौराणिकता और महत्व के बारे में जाना। शैक्षणिक भ्रमण के बारे में रेडियन्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजीज अहमद गौरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अपने पौराणिक और धार्मिक महत्व के स्थलों के बारे में भ्रमण के माध्यम से बच्चों को जानकारियां दी जाती है। भ्रमण के दौरान बच्चों के मन में इन स्थलों के बारे में जानकारी करने की जिज्ञासा रही। आगे भी बच्चों को इस तरह का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान दिलीप, शुऐब गौरी, उसामा खान, माऊन खान, सविता मेम, वेभूति श्रीवास्तव, सबा, शमा, हुस्ना, अयान गौरी, अम्न यसरीब गौरी, सहित करीब 52 बच्चे उपस्थित रहे।

महिला पहलवानों ने दिखाये दांव-पेच

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के एक कस्बे में बुधवार को आयोजित दंगल में पहलवानो ने कुस्ती के दांव पेच दिखाए। फतेहपुर चैरासी क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल दंगल का आयोजन कराया गया जिसमे बाहर से आए पहलवानों ने कुश्ती में अपने दाव दिखाए महिला पहलवानों की कुश्ती को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं दंगल में कुल 30 कुश्ती हुई जिसमें 27 कुस्तियों को निर्णय आया वही 3 कुश्ती बराबरी पर छुटी। दंगल में 4 महिला पहलवानों ने भाग लिया जिसमे 2 कुस्तियों में सिर्फ एक का ही निर्णय आ सका। वही दंगल का आयोजन लाल जी पटेल व शुशांत पटेल ने करवाया निर्णायक की भूमिका शिवाकांत दीक्षित ने निभाई दंगल का सफल संचालन प्रदीप पहलवान ने किया। दंगल देखने के लिए लोग बहुत दूर दूर से आये। इस दौरान सौरभ पटेल, शिवम अवस्थी, अंकित, गोलू, आशीष सिंह सहित नगर व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए बनायें समन्वय

● विजिट करें अफसर

उन्नाव। स्थानीय विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में जिले के प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक व अन्य कार्यों की मासिक समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, मिड-डे-मील, विद्यार्थियों की उपस्थिति, आपरेशन कायाकल्प के तहत कराए जा रहे कार्य, विद्यालयों का निरीक्षण, सुपरविजन, प्रशिक्षण, आईबीआरएस प्रणाली, पीएम पोषण, निपुण भारत अभियान, दीक्षा ऐप के क्रियान्वयन आदि के बारे में विस्तृत समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बीएसए संगीता सिंह को निर्देश दिए की जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है वहां पर शिक्षक गण संबंधित ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर ग्राम भ्रमण करें और सभी विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जनपद में 420 ऐसे विद्यालय हैं जिनमें उपस्थिति का प्रतिशत 25 से 50 के बीच है। इन विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों की उपस्थिति बढाई जाए। प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता व बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी विद्यालयों में निर्धारित मीनू के अनुसार ही मिड-डे-मील उपलब्ध कराया जाए। सभी विद्यालयों में साफ-सफाई नियमित रूप से करायी जाए। बैठक में सीएमओ डा0 सत्यप्रकाश, डीसी मनरेगा मुनेश चन्द्र, उप निदेशक कृषि डा0 मुकुल तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश मिश्रा सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य कार्मिक आदि मौजूद रहे।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यह व्यक्ति के मस्तिष्क को स्वस्थ व सक्रिय रखने में भी मदद करता है।

खेल सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से सक्रिय रखने में विशेष सहयोग करता है। यह बात सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में अंडर 14 ऑल ओवर चैंपियनशिप जीतकर आए प्रतिभागियों को पुरुस्कृत करते हुए कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कही। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है बल्कि लोगों को मजबूत आत्मविश्वास व कुशल बनाने के साथ ही चरित्र निर्माण में भी विशेष सहयोग करता है।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा ने कहा कि मेहनत लगन और आत्मविश्वास के बलबूते हम बड़े से बड़े मुकाम को प्राप्त कर सकते है। अन्य विद्यार्थी इन विजयी प्रतिभागियों से सीख लेकर अपना मुकाम हासिल करें। विद्यार्थियों को क्रीड़ा प्रभारी फराज अली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अखिलेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्र, राकेश शुक्ल, परवेज खान, बाल कृष्ण शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवनीत पांडेय ने किया।

इन्हें मिला सम्मान

जिला स्तरीय माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में रितिका पटेल को गोला फेंक में प्रथम, चक्का फेंक द्वितीय, 400 मीटर रिले रेस में तृतीय, संध्या यादव को 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 एवं 600 मीटर दौड़ में द्वितीय, अमन यादव को 400 मीटर दौड़ प्रथम, 100 एवं 600 मीटर दौड़ द्वितीय, अमन कुमार को 400 मीटर रिले रेस में प्रथम, शुभम चैहान को ऊंची कूद में द्वितीय, आलोक कुमार को ऊंची कूद में द्वितीय, शिवानी यादव को रिले रेस में तृतीय, प्रिया यादव को रिले रेस में तृतीय, खुशी वर्मा को रिले रेस में प्रथम, युगांक एवं अतुल वर्मा को रिले रेस में प्रथम आने पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन सहित अन्य शिक्षकों ने माल्यार्पण कर शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डीएम ने बैठक में दिए निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कृषि तथा उद्यान, पशुपालन, गन्ना, सिंचाई, नहर विद्युत, मत्स्य, सहकारिता आदि विभागों द्वारा आगामी रबी सीजन में कृषिगत उत्पादन को बढ़ाए जाने हेतु अपने विभाग की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी सत्र हेतु कृषि निवेशों की आवश्यकता का आँकलन करते हुए कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष न जलाए जाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों से कम्पोस्ट व जैविक खादों के निर्माण आदि वैकल्पिक उपयोगों के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाए। फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को चिन्हित कर शासन के निदेर्शानुसार विधिक कार्यवाही की जाए। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल द्वारा गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा पराली जाने पर 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसानों से -2500 रूपए -, 2 से 5 एकड़ भूमि वाले किसानों से -5000 रूपए तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों से 15000 रुपए का जुमार्ना प्रति घटना वसूला जाएगा। इसके साथ ही ऐसे किसानों को किसान सम्मान निधि से वंचित किए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। किसानों से अपील है कि वो अपनी जमीन पर किसी भी दशा में फसल अवशेष न जलाएं। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में हमारी जमीन को जैविक खादों की आवश्यकता है। जिससे मृदा संरचना में सुधार हो और उत्पादन में वृद्धि हो सके। फसल अवशेषों का प्रयोग कम्पोस्ट तथा अन्य जैविक खाद बनाने में किया जा सकता है।

राजा जनक का अभिनय देख दर्शकों की आंखों से बही अश्रुधार

उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र के दुबेपुर गांव में कन्या भोज व प्रसाद वितरण के बाद रात्रि में विशाल धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने लक्ष्मण परशुराम के संवाद का लुत्फ उठाया। सदर तहसील क्षेत्र के दुबेपुर गांव स्थित श्री दिगम्बर नाथ बाबा धाम स्थित रामलीला मैदान में कन्या भोज व प्रसाद वितरण के बाद रात्रि में विश्व विख्यात कलाकारों द्वारा धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। जनक का अभिनय कर रहे हमीरपुर के कालिका प्रसाद मिश्र का विलाप देख दर्शकों की आंखे डबडबा आईं। वहीं परशुराम बने इटावा के ब्रह्मचारी महाराज और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे बनी कानपुर के रविकांत तिवारी छुन्ना के तीखे संवादों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। श्री दिगम्बर नाथ स्वामी नवयुवक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे मंच का संचालन दीपेंद्र तिवारी ने किया। कोषाध्यक्ष कपिल मिश्रा, सौरभ त्रिवेदी, पारूल मिश्रा, चंदन गुप्ता, अंकित तिवारी व अजीत तिवारी मनू ने नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी समेत दो दर्जन से अधिक लोगों को स्मृति चिन्ह व पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान नवयुवक संघ के पदाधिकारी व हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

अधिशाषी अभियंता व खंड विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देश विकास-खंड महमूदाबाद में मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों का लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता व खंड विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। बीते दिनों मनरेगा के नाम पर ब्लाक की कई ग्राम पंचायतों में हुए घोटाले बाद डीएम लगातार सख्ती बरत रहे हैं। निरीक्षण के उपरांत डीएम को रिपोर्ट भेजने की बात अधिकारियों ने कही। विकास खण्ड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत पचदेवरा, बेहटी, सिहारूखेड़ा, मदारीपुर, में मनरेगा योजना के नाम पर लाखों रूपयों का गबन किया गया था। मनरेगा में विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सख्ती शुरू की। बुधवार को डीएम के निर्देश पर अधिशाषी अभियंता केबी आर्या, बीडीओ संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से लच्छीपुर, कंजखेड़ा, रमद्वारी सहित कई ग्राम पंचायतों में जाकर स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन किया। बीडीओ ने बताया कि विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। इस दौरान एडीओ पंचायत रामवीर, टीए प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।

भाजपा नेता ने मेले का किया शुभारंभ

महोली/सीतापुर। भाजपा नेता जिला सहकारी बैंक संचालक मनोज कुमार मिश्रा ने महोली नगर मे लगने वाले मशहूर दशहरा मेला का शुभारंभ पूजा अर्चन के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की दशहरा मे रामलीला का मंचन देख धार्मिक भावनाएं और प्रबल हो जाती है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि

रामलीला समाज को संदेश देती है कि सभी को अच्छे कर्म करने चाहिए। बुरे कर्म करने वालों का बुरा अंजाम होता है। जैसे कि रावण का हुआ। हजारों की संख्या में दूर दराज के लोग इस प्रसिद्ध मेले में आकर रावण दहन तथा रासलीला मंचन का आनंद लेते है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज मिश्रा ने रामलीला के कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मेला कमेटी के सदस्य एवं व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

दुर्घटनाओं को देखते हुए तहसील प्रशासन ने हटवाई फुटपाथ की दुकानें

पाटन, उन्नाव। उन्नाव-रायबरेली राज्य मार्ग पर पाटन ब्रिज के पास बने फुटपाथ पर लगीं फलों और अन्य दुकानों को तहसील प्रशासन द्वारा संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए हटाया गया। बुधवार को तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार और अन्य तहसील कर्मचारियों ने स्थानीय थाना पुलिस की मदद से यह कार्रवाई की। यह अभियान तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित अंडरपास ब्रिज के दोनों ओर फुटपाथ पर लगे अवैध कब्जों के खिलाफ चलाया गया। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर दुकानें लगाने से यातायात बाधित हो रहा था, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई थी। इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही दुकानदारों को हटने का निर्देश दिया था, लेकिन उनके पालन न करने पर मजबूरन यह कार्रवाई करनी पड़ी। इस अभियान में सड़क निर्माण कार्यदायी संस्था पीएनसी के अधिकारियों का भी सहयोग रहा। पीएनसी के अधिकारियों ने प्रशासन को जानकारी दी कि दुकानों के कारण निर्माण कार्य में भी रुकावट आ रही थी, जिससे सड़क की मरम्मत और रखरखाव में परेशानी हो रही थी। प्रशासन के इस कदम का स्थानीय निवासियों ने समर्थन किया है। उनका कहना है कि फुटपाथ खाली होने से अब सड़क पर यातायात सुचारु रूप से चल सकेगा और पैदल यात्रियों को भी राहत मिलेगी।

प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में एसडीएम रणवीर सिंह ने बच्चों की क्लास ली

पाटन, उन्नाव। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने बुधवार को तहसील बीघापुर के विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन, छाछीराई खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय और चिकन्दरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और केंद्र की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने और सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने छाछी राई खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय और चिकन्दरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति की जांच की। विशेष बात यह रही कि उन्होंने बच्चों को पढ़ाया, जिससे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह की इस निरीक्षण कार्यप्रणाली से सरकारी कर्मचारियों में डर और सतर्कता का माहौल बना रहता है, जबकि उनके द्वारा बच्चों को पढ़ाने की घटना शिक्षकों और बच्चों के बीच चर्चा का विषय बन गई।

संक्षेप

डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

ललितपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस/एफएली हॉल का मासिक बाह्य निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गए कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचन कार्यालय, स्ट्रांग रुम एवं ईवीएम वेयर हाउस में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें।

निरीक्षण के दौरान सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जीआरपी ने पकड़ा मोबाइल चोर

ललितपुर। जीआरपी ललितपुर पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये बदमाश के कब्जे से चोरी किया हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी के नेतृत्व में थाना जीआरपी ललितपुर पुलिस टीम द्वारा मंगलवार की देर रात रेलवे स्टेशन ललितपुर से एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी किया हुआ एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जो कि थाने पर दर्ज मुकदमे से सम्बन्धित है। गिरफ्तार हुये बदमाश का नाम रवि कुशवाहा पुत्र लाखन सिंह निवासी मुहल्ला रावतयाना कस्बा व थाना बार जिला ललितपुर उम्र करीब 28 वर्ष है।

जेई रिश्वत लेते गिरफ्तार

बरेली। भ्रष्ट अधिकारी योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे। ताजा मामला देहात के फतेहगंज पश्चिमी का है जहाँ एंटी करप्शन टीम ने बिजली विभाग के जेई आबिद हुसैन को किसानों से ट्यूबवेल कनेक्शन के नाम पर 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा है। आरोपी के खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के पुलिस उपाधीक्षक यशपाल सिंह के अनुसार जेई आबिद हुसैन, बिजनौर जिले के मोहल्ला कायस्थान पीलीकोठी वार्ड नम्बर 16 का निवासी है, नदौसी विद्युत उपकेंद्र में तैनात था। उसे शिकायतकर्ता सुनील कुमार के पिता नत्थू लाल से ट्यूबवेल के कनेक्शन के लिए 30 हजार रुपये की मांग करते हुए पकड़ा गया। सुनवाई के बाद सुनील कुमार ने 9 सितंबर 2024 को अपनी कृषि भूमि के लिए ऑनलाइन कनेक्शन आवेदन किया था। जेई आबिद हुसैन ने कनेक्शन की प्रक्रिया के लिए स्थलीय सर्वेक्षण और एस्टीमेट बनाने के एवज में यह राशि मांगी थी। एंटी करप्शन टीम ने इसे गंभीरता से लेते हुए बुधवार करीब 2:45 बजे नदौसी विद्युत उपकेंद्र पर ट्रैप किया और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए करें फसलों का चयनः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2024-25 का आयोजन कल्याण सिंह सभागार राम नगर ललितपुर में किया गया। गोष्ठी के शुभारम्भ में कृषि विभाग एवं अन्य विभागों की स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एवं मंत्री प्रतिनिधि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गोष्ठी का संचालन उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सोनू मंगल द्वारा किया गया। उप कृषि निदेशक बसंत कुमार दुबे द्वारा कृषकों को रबी में बोई जाने वाली फसलों हेतु बीज शोधन, भूमि शोधन एवं उन्नत किस्म की प्रजाति के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि भूमि पर फसल चक्र अपनाने से फसल के उत्पादन में वृद्धि एवं कीटरोग से बचाव किया जा सकता है। साथ ही अवगत कराया कि इस वर्ष विभिन्न योजनाओं द्वारा कराये जा रहे प्रदर्शनों के बीज उठान में कृषकों को बीज मुफ्त में उपलब्ध कराया जायेगा तथा सामान्य बीज वितरण हेतु कृषकों को केवल कृषक अंश का भुगतान करने पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। उप कृषि निदेशक, ललितपुर द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गयी। मंत्री प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषकों को सर्वप्रथम सरकार की योजनाओं के विषय में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिये यदि कृषक को योजनाओं की जानकारी होगी तो उसे योजनाका लाभ अवश्य प्राप्त होगा। जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भा0ज0पा0 द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि कृषक सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर उन्नत खेती करें। अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 मुकेश चन्द्र द्वारा कृषको से अनुरोध किया गया कि वह अपनी आय बढाना चाहते है तो वह उन्नत खेती करें एवं उच्छी गुणवत्ता के बीज का प्रयोग करें ताकि उत्पादन में वृद्धि की जा सकें।

- भूमि पर फसल चक्र अपनाने से फसल के उत्पादन में वृद्धि एवं कीटरोग से करें बचावः उपनिदेशक

मुख्य विकास अधिकारी के0के0 पांडेय द्वारा कृषकों से अपने सम्बोधन में अवगत कराया गया कि जनपद में खाद पर्याप्त मात्रा में है कृषक नियमानुसार ही खाद का क्रय करें, क्रय करते समय वह अपने साथ समस्त दस्तावेज अवश्य लेकर जायें। यह भी अवगत कराया कि कृषक को एक दिन में 10 से अधिक बोरी नहीं दी जायेगी। यदि कोई विक्रेता ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कृषकों को अवगत कराया कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुये फसलों का चयन करें। खरीफ की फसलों में हुई क्षति की अवशेष राहत राशि का भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जायेगा एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा से बीमित कृषकों का क्षतिपूर्ति का भुगतान अतिशीघ्र कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि बीमित ऋणी कृषकों के सापेक्ष गैर ऋणी कृषकों के बीमित होने की संख्या केवल एक प्रतिशत ही है कृपया अधिक से अधिक गैर ऋणी कृषक अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें ताकि क्षति के समय में क्षतिपूर्ति मिल सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस वर्ष खाद की निगरानी रैक प्वाइंट से कृषक तक की जायेगी जिससे खाद की अवैध बिक्री न हो पाये। खाद की कमी भी नहीं होने दी जायेगी।

महिला आयोग सदस्य ने सुनीं शिकायतें, कार्रवाई के निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी ने सर्किट हाउस सभागर में महिला जन सुनवाई की। उन्होने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से सुनकर इनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई के दौरान पूजा नामक महिला ने ससुराल के लोगों द्वारा दहेज की मांग किए जाने के मामले पर उन्होने क्षेत्राधिकारी पुलिस अंबुजा त्रिवेदी को आपसी समझौता कराकर निस्तारण के निर्देश दिए।

फरियादी राम प्यारी की समस्या को सुनकर प्रकरण पर पुनः जांच कर कार्रवाई के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान महिलाओं ने आवास एवं शौंचालय संबंधी प्रार्थना पत्र देने पर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। महिला आयोग सदस्य ने महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए निराश्रित महिलाओं को समय से पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिन बच्चों के अभिभावकों की मृत्यु हुई है योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होने महिला थानाध्यक्ष को महिला संबंधी समस्या मिलने पर समस्या की जानकारी लेकर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

उन्होने बालिकाओं के विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी, महिला आयोग के टोल फ्री नंबर का प्रचार कराने, मिशन शक्ति के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों में महिलाओं को पुष्टाहार एवं स्वास्थ्य जांच तथा बालश्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस एवं बाल कल्याण समिति व संबंधित विभाग की टीम को अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के पश्चात अनुपमा सिंह लोधी ने वन स्टॉप सेंटर तथा जेल का निरीक्षण किया। वन स्टॉप सेंटर में बालिकाओं के खान पान तथा अभिलेखों का निरीक्षण कर पर्याप्त सफाई के निर्देश दिए। जेल के निरीक्षण में महिला बंदियों से वार्ता कर उनके खाने व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्हे बताया गया कि जेल में महिला बंदियों को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बैठक में एडीएम राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस अंबुजा त्रिवेदी, महिला थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, सीएमओ, जिला प्रोवेशन अधिकारी एवं समाज कल्याण तथा दिव्यांग कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस में 91 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू हो गईं हैं। कॉलेज की 91 सीटों पर विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। डॉक्टर महात्मा विदुर की इस धरा पर पढ़कर आगे बढ़ेंगे।

बिजनौर के महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज में पहले साल एमबीबीएस की 100 सीटों पर प्रवेश होना है। अभी 91 सीटों पर ही विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। बची हुई नौ सीटों पर तीसरे चरण की काउंसलिंग पूरी होने के बाद प्रवेश होगा। बीते दिन कॉलेज में एक परिचय कक्षा हुई, जिसमें विद्यार्थियों और प्रोफेसर ने अपना परिचय कराया।

- नौ सीटों पर तीसरे चरण की काउंसलिंग पूरी होने के बाद प्रवेश होगा
- कक्षाएं सुबह आठ बजे से दोपहर चार बजे तक संचालित होंगी

साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा सिस्टम, एंटी रैगिंग की जानकारी दी। विद्यार्थियों को सुरक्षा के लिए कॉलेज में नियमित समय का पालन करने के बारे में भी बताया गया।

कॉलेज के नियम के अनुसार शाम के बाद कोई भी विद्यार्थी अकेला बाहर नहीं निकलेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को कॉलेज में अपना वाहन नहीं रखने के लिए भी कहा। कॉलेज में प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर के 85 पद हैं। जिनमें से 52 पदों पर तैनाती हो गई है।

मीडिया प्रभारी डॉ0 विदित दीक्षित ने बताया कि फाउंडेशन कोर्स 80 घंटे का रहेगा, जो करीब 15 दिन तक चलेगा। विद्यार्थियों को विषय के अनुसार पढ़ाया जाएगा।

कॉलेज में विद्यार्थियों के रहने और खाने की व्यवस्था हो गई है। साथ ही विद्यार्थियों को हॉस्टल में कमरे आवंटित कर दिए गए हैं। प्रोफेसर डॉ. सुधांशु का कहना है कि पहले दिन विद्यार्थियों को कक्षा का शेड्यूल के बारे में भी बताया गया है।

कक्षाएं सुबह आठ बजे से दोपहर चार बजे तक संचालित होंगी तथा बिजनौर जनपद की भौगोलिक स्थिति और शहर के बारे में भी जानकारी दी गई है।

पैमाइश दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया तो सख्त कार्यवाही करने में न करें कोई देरीः डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम बानपुर तहसील महरौनी के उन कृषकों की सुनवाई की गई जो चकबन्दी आयुक्त लखनऊ के समक्ष इस आशय के साथ पहुंचे थे कि हमारे चकों में सुधार किया जाये। इसी क्रम में चकबन्दी आयुक्त से मिले निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम बानपुर के कृषकों की चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याओं को सुना गया। सुनवाई कराने हेतु हरीराम, भैयनलाल, प्रानसिंह, अमित रजक, हरिप्रसाद आदि कृषक उपस्थित हुए। जिलाधिकारी द्वारा उक्त कृषकों की सुनवाई एवं अभिलेखों के परीक्षण उपरान्त इस आशय के निर्देश बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी को दिये कि पैमाइश सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण तत्काल स्थल पर किया जाये और जो प्रकरण न्यायिक प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं उन्हें विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत सुनवाई करते हुये गुण दोष के आधार पर निस्तारण किया जाए और ग्राम के अन्य कृषकों की सुनवाई हेतु ग्राम में चकबन्दी चैपाल का आयोजन किया जाये। इस क्रम में अपर जिलाधिकारी/उप संचालक चकबन्दी अंकुर श्रीवास्तव के द्वारा निरन्तर ग्राम में चकबन्दी चैपाल का आयोजन साप्ताहिक रूप से करके कृषकों को उनके चकों की पैमाइशा सम्बन्धी अन्य समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। जिलाधिकारी के समक्ष सुनवाई के समय कृषकों द्वारा यह बताया गया कि हमारे चकों की पैमाइश हो चुकी है लेकिन सम्बन्धित कृषकों द्वारा कब्जा नहीं दिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि बाधा डालने वाले कृषकों का सहयोग नहीं मिलता है तो पुलिस बल के साथ कब्जा परिवर्तन पूर्ण कराया जाये। आप किसी प्रकार की चिन्ता न करें। कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही शत प्रतिशत पूर्ण की जायेगी। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जिन चकबन्दी कर्मियों के द्वारा ग्राम की पैमाइश दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन भली भांति नहीं किया है उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने में कोई देरी नहीं होगी। उक्त के सम्बन्ध में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया गया कि पैमाइश कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए, जिससे सभी कृषक आगामी फसल समय से बो सकें। लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी

- ग्राम बानपुर में चकबंदी प्रक्रिया व पैमाइश के प्रकरणों की जिलाधिकारी ने की सुनवाई

पुलिस लाइन के रूम में मिला फालोवर का शव

बरेली। बुधवार को पुलिस लाइन के एक रूम में फालोवर का शव मिला है।

रूम बाहर से बंद था। मगर, फालोवर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मुरादाबाद निवासी महिला फालोवर के सिपाही पति की मौत हो चुकी है।

इसके बाद ही महिला को पुलिस लाइन में फालोवर की नौकरी मिली थी। मृतक महिला के परिजन बरेली पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

इसके अलावा देहात की देवरनिया नदी के पास एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मगर, युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

ऑल इंडिया नेट परीक्षा भौतिक शास्त्र में सुमित ने उतीर्ण कर नाम रोशन किया

नगीना, बिजनौर। ऑल इंडिया में सीएसआईआर नेट की परीक्षा भौतिक शास्त्र में सुमित ने उतीर्ण कर नगीना का नाम किया रोशन। सुमित के उतीर्ण होने पर परिजनों व नगर वासियों में खुशी का माहौल है। थाना नगीना क्षेत्र के मौहल्ला आजाद कॉलोनी लाइन पार निवासी ऋषिराम सिंह के होनहार पुत्र सुमित ने 2024 में ऑल इंडिया में सीएसआईआर नेट की परीक्षा विषय भौतिक शास्त्र में दी, और पहले ही प्रयास में सुमित ने अपने पिता का सपना पूरा पूरे करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण कर 132वी रैंक प्राप्त कर अपने परिवार व नगीना का नाम रोशन किया। सुमित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजन व गुरुजनों को दिया है सुमित की सफलता पर उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। सुमित की सफलता पर नगर वासियों ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए सुमित के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

महोबा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में पहुंचकर सदर विधायक राकेश गोस्वामी की उपस्थिति में वहां मौजूद अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर व यातायात दीपक दुबे, एआरटीओ दयाशंकर, यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में विद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं स्थानीय लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन पर यातायात नियमों के पालन का महत्व को बताते हुए यातायात संकेतों और नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए यातायात सुरक्षा सम्बन्धी सभी नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

भतीजे की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। आपसी विवाद के चलते भतीजे की गोली मारकर हत्या करने वाले चाचा को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयोग लाइसेंसी दो नली बंदूक भी बरामद कर ली। बीते 6 अक्टूबर को कमासिन थाना क्षेत्र के तिलौसा गांव में आपसी विवाद के चलते देवी चरण गुप्ता ने अपने भतीजे जितेन्द्र गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले पर मृतक के पिता विजयनारायण की तहरीर पर थाना कमासिन में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस की चार टीमें गठित की गयी थीं और वह आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार कर रही थीं। क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि कमासिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को आरोपी देवीचरण गुप्ता को बांदा राजापुर मार्ग बेर्रांव पुलिया से गिरफ्तार कर लिया तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयोग की गयी लाइसेंसी दो नली बंदूक व खोखा कारतूस भी बरामद कर लिया है। आरोपी देवीचरण गुप्ता पुत्र बहोरी के विरूद्ध थाना बबेरू व कमासिन में तीन मामले पहले से ही दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य, उप निरीक्षक पवन कुमार पांडेय, कां0 अनुज कुमार यादव व मनीष शुक्ला रहे।

अंतर्जनपदीय बैडमिण्टन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा प्रयागराज जोन की 27वीं अंतर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिण्टन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 2024 का समापन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर विजेता टीम और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर पुरस्कृत किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर सभी प्रतिभागियों को 3 दिवस के रेवार्ड लीव की घोषणा की है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर व यातायात दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, अरविन्द सिंह गौर सहित प्रयागराज जोन के समस्त जनपदों एवं पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहे।

मोबाइल टावरों से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की चोरी करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने मोबाइल टावर से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों एवं चार्जिंग मॉड्यूल की चोरी करने वाले 2 नफर वांछित अभियुक्त प्रेम प्रकाश पटेल पुत्र काशीप्रसाद पटेल, रामदास पटेल पुत्र विजय शंकर पटेल निवासीगण जमोहरा थाना लालगंज जिला मिजार्पुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 3 अदद चार्जिंग माड्यूल, चोरी के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बेचने के 50 हजार रुपए नगद, 2 अदद तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस बरामद किये गए।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन

बांदा। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन बुधवार को भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, अपर एसपी शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, सीओ राजवीर सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन में सभी की भागीदारी का आह्वान किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से हेलमेट की महत्ता तथा सीट बेल्ट के प्रयोग से जीवन बचाने के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं से संवाद किया। राजकीय महिला डिग्री कालेज की प्राचार्य दीपाली गुप्ता ने उच्च शिक्षा विभाग में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। बेसिक शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं के जरिए जागरूकता एवं अन्य गतिविधियों के संचालन के बारे में मंडलीय मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा ने जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ने अपेक्षा जताई कि सभी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करेंगे। सीओ यातायात राजवीर सिंह ने नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा नाबालिग होने पर वाहन चलाने से बचने की नसीहत दी। संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि सभी लोग नियमों के पालन में शिथिलता न बरतें। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, यात्रीकर अधिकारी ने पखवाड़ा के तहत किए गये परिवहन विभाग के कार्यों की जानकारी दी। सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं तथा ओ पी त्रिपाठी, जयराम सिंह, मयंक गुप्ता, डॉ पीयूष मिश्रा, सुनील सक्सेना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा, विभागीय कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, विद्यालय प्रबंधक अंकित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

- छात्र और अन्य सम्मानित

सफाई कर्मियों की दबंगई, राहगीर हुए परेशान

बरेली। सफाई कर्मियों की दबंगई बढ़ती जा रही है। बुधवार दोपहर शहर के नावेल्टी चौराहा पर एक फुटवियर शॉप के ऑनर (जूता चप्पल कारोबारी) से नगर निगम के सफाई कर्मचारी की कहासुनी हो गई। जिसके चलते कुछ ही देर में तमाम सफाई कर्मी एकत्र हो गए। दोनों ही तरफ से एक दूसरे पर मारपीट का आरोप है। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में नगर निगम के सफाई कर्मी एकत्र हो गए। उन्होंने नावेल्टी चौराहा पर जेसीबी और कूड़े के वाहन खड़े कर जाम लगा दिया। इससे राहगीरों को काफी दिक्कत हुई। पुलिस ने काफी मुश्किल से सफाई कर्मियों को शांत किया। इसके बाद वाहनों का जाम खुला। इस मामले में सफाई कर्मियों की तहरीर पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने की कवायद चल रही है। इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। नगर निगम के सफाई कर्मियों को सुबह बाजार खुलने से पहले सफाई के निर्देश हैं।

- मामूली कहासुनी पर नॉवल्टी चौराहा किया जाम

मगर, यह सफाई का कार्य मार्केट खुलने के बाद होने लगा है। जिसके चलते दुकानदारों को दिक्कत होती है। बुधवार को भी फुटवियर शॉप खुलने के बाद सफाई कर्मी सफाई कर रहे थे। बाइक हटाने को लेकर मामूली कहासुनी हुई। यह कुछ ही देर में काफी बढ़ गई। सफाई कर्मी बड़ी संख्या में जुट गए। हालांकि, दोनों तरफ से मारपीट का आरोप है। बताया जाता है कि दुकानदारों ने नगर निगम में दोपहर तक सफाई को लेकर शिकायत भी की थी। मगर, कोई सुनवाई नहीं हुई थी। दहशत में फुटवियर शॉप का मालिक फरारः शहर के सुभाष नगर निवासी दीपक लाल नगर निगम में जेसीबी चालक है। दोपहर के वक्त नावेल्टी चौराहा पर सफाई चल रही थी। फुटवियर शॉप के मालिक अनवर की फुटवियर शॉप के आगे ग्राहक की बाइक खड़ी थी। इसी दौरान सफाई कर्मी ने हटाने को कहा। इससे दोनों के बीच कहासुनी हो गई। यह कुछ ही देर में काफी बढ़ गई। जिसके चलते बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एकत्र हो गए। सफाई कर्मियों की बढ़ती संख्या और उनके उग्र रूप की दहशत में फुटवियर शॉप का मालिक जान बचाने को फरार हो गया। मगर, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष की ओर से जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने और मारपीट आदि का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने को तहरीर दी गई है।

परामर्श केंद्र के प्रयासों से टूटने से बचे दो परिवार

बांदा। परिवार परामर्श केन्द्र व समाजसेवियों ने पारिवारिक मतभेद समाप्त कराकर दो परिवारों को टूटने से बचाया। दोनो परिवार आपसी मतभेद भुलाकर प्रसन्नता से रहने को तैयार हो गये। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश में समाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के चलते परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों ने थाना नरैनी क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप गुप्ता व थाना बबेरू क्षेत्र निवासिनी सुमन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था। उन्होने इन मामलों को परिवार परामर्श केन्द्र भेजकर आपसी समझौता कराने के निर्देश दिए थे। परिवार परामर्श टीम ने शिकायतकताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनने के पश्चात दूसरे पक्ष से संपर्क कर उन्हे परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया। दोनो पक्षों को समझाया और भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक दायित्वों का पालन करने की नसीहत दी। समझाने के बाद दोनो पक्षों ने आपस में विवाद न करने और सामन्जस्य से पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने का परामर्श केन्द्र टीम को भरोसा दिया। परामर्श केन्द्र टीम ने दोनो को सामन्जस्य बनाकर एवं पारिवारिक दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन करने की सलाह दी जिससे भविष्य में परिवार में विवाद से बचने के साथ ही इनके बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

आकार लेती सोलर क्रांति

सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कोई भी राष्ट्रीय संकल्प ठान ले और उसमें अपेक्षित जन भागीदारी भी हो, तो ऐसे संकल्पों के पूरा होने में कोई संशय नहीं रहता है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोलर क्रांति का सपना अब आकार ले चुका है। विगत सितम्बर माह तक देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता 90.7 गीगावाट तक पहुंच गयी। भारत के लिए यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस देश में ऊर्जा संकट गंभीर चुनौती रही हो, वहां ऊर्जा सरप्लस की स्थिति बनना, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सौर ऊर्जा में ऊंची छलांग लगाते हुए हरित ऊर्जा के संकल्प को साधना उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किये हैं। भारी निवेश आकर्षित किये, सोलर पैनल के उत्पादन को पीएलआई स्कीम में लाया गया और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के जरिए सौर ऊर्जा को जनक्रांति बनाने की पहल की गयी। इसी का परिणाम है देश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। यही प्रगति भविष्य में जारी रही तो 2032 तक 366 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य सरकार प्राप्त कर लेगी। वैसे किसी भी क्षेत्र में तेज प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल, प्रशिक्षित श्रम और वित्तीय संसाधन के साथ ही सरकारी नीतियों की अहम भूमिका होती है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी है। इससे उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सीएफए उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। सोलर सिस्टम लगवाने के इच्छुक लोग नेशनल पोर्टल पर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसी पोर्टल पर वेंडर का चयन भी किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए सिस्टम के आकार, लाभ की गणना, वेंडर की रेटिंग आदि से संबंधित सूचना नेशनल पोर्टल पर ही मुहैया करवाई जाएगी, ताकि व्यक्ति को निर्णय लेने में आसानी होगी। उपभोक्ता 3 किलोवाट के आवासीय आरसीएस सिस्टम के लिए 7 प्रतिशत की दर से कर्ज भी ले सकेंगे। इस नेशनल पोर्टल से 20 बैंक व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान जुड़े हुए हैं। ये बैंक और संस्थान उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए ऋण मुहैया करा रहे हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में इस तरह से सरकार ने पूरा इकोसिस्टम विकसित किया है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना देश में सौर ऊर्जा क्रांति की दिशा में मील का पत्थर बन सकती है बशर्ते योजना को पूरी ईमानदारी से लागू करें।

क्या महाराष्ट्र में दिखेगा हरियाणा का असर

डॉ. अनिता राठौर

हरियाणा में अप्रत्याशित जीत और जम्मू-कश्मीर में ठीकठाक प्रदर्शन करके भाजपा का दावा है कि उसने उस नैरेटिव को बदल दिया है, जो नैरेटिव लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने बनाने की कोशिश की थी। विशेषकर महाराष्ट्र में 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा स्पष्ट तौर पर बैकफुट पर थी। यहां 48 लोकसभा सीटों में से शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) ने 30 और भाजपा तथा शिवसेना (शिंदे गुट) को कुल 17 सीटें मिली थीं, जबकि एक सीट इंडिपेंडेंट के खाते में गई थी। इस तरह लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने स्पष्ट तौर पर महाराष्ट्र में बढ़त हासिल की थी। इस बढ़त का सबसे बड़ा कारण चुनाव प्रचार में उद्धव ठाकरे और शरद पवार का तूफानी प्रचार था।

उद्धव ठाकरे ने तो मानो इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था और जिस तरह से उन्होंने पूरे महाराष्ट्र का तूफानी दौरा किया था, उसके बाद हर कोई बिना कहे यह मान रहा था कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्ष के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। लेकिन समय से पहले ही इस अनुमान के चर्चा में आ जाने के कारण इस पर शरद पवार की तरफ से नाखुशी दिखायी गई जिस कारण यह चर्चा जहां थी, वहीं ठहर गई। इस बीच हालांकि उद्धव ठाकरे लगातार चुनावी मोड में पूरे प्रदेशभर का दौरा करते रहे, इसलिए बिना कुछ कहे भी आम मतदाताओं और मीडिया द्वारा यह माना जाता रहा है कि वह महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की तरफ से मुख्यमंत्री का अघोषित चेहरा होंगे।

अगर हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे वही आते, जिनका अनुमान था याकि जो एग्जिट पोल में दिख रहे थे, तो शायद महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को कांटे का न मानकर इंडिया ब्लॉक की तरफ झुका हुआ माना जाता। लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद चर्चाएं और अनुमान बदल गये हैं। हालांकि पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ ही झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव होते लग रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चुनाव आयोग ने सिर्फ हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की ही तारीखें घोषित कीं और जब हरियाणा में अनुमान के बिल्कुल उलट भाजपा तीसरी बार सत्ता में आ गई, तो अब यह कहा जा रहा है कि लोकप्रियता का दो महीना पुराना समीकरण बदल गया है। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद कई महीनों तक जिस तरह से भाजपा बैकफुट पर थी, हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वह उत्साह से लबरेज हैं, उसके कार्यकर्ताओं ने भी इन चुनावों से उत्साह का बूस्टर डोज हासिल कर लिया है, लेकिन महाराष्ट्र की राजनीति पर जमीनी नजर रखने वाले मीडिया एक्सपर्ट अभी भी मानते हैं कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर का प्रभाव ज्यादा नहीं पड़ेगा। सिर्फ संजय राउत का ही यह दावा नहीं है बल्कि मीडिया एक्सपर्ट भी यह मानते हैं कि हरियाणा का असर महाराष्ट्र में नहीं दिखेगा।

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद कई महीनों तक जिस तरह से भाजपा बैकफुट पर थी, हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वह उत्साह से लबरेज है, उसके कार्यकर्ताओं ने भी इन चुनावों से उत्साह का बूस्टर डोज हासिल कर लिया है। महाराष्ट्र की राजनीति पर जमीनी नजर रखने वाले भी मानते हैं कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर का सियासी प्रभाव जरूर देखने को मिलेगा।

महाराष्ट्र विस चुनाव

यह इसलिए भी सही लगता है क्योंकि जिस तरह से महाराष्ट्र की राजनीति में एक दो नहीं बल्कि छह पार्टियों का थोड़े 19-20 के साथ साझा प्रभाव है, उसे देखते हुए सिर्फ एक प्रदेश में हुए उलटफेर से महाराष्ट्र का माहौल बदलता नहीं दिख रहा। क्योंकि भले लोकसभा चुनावों के बाद से बाकी पार्टियां सुस्ताने चली गई हों, लेकिन ध्यान से देखें तो महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद घर में नहीं बैठे बल्कि लगातार वह चुनावी मोड में ही हैं। इससे प्रदेश के सियासी माहौल में उनका प्रभाव न सिर्फ इंडिया ब्लॉक की दूसरी पार्टियों के मुकाबले ज्यादा नजर आया बल्कि इस समय वह प्रदेश में मुख्यमंत्री के लिए सबसे लोकप्रिय चेहरा नजर आ रहे हैं। वैसे तो इस बात पर महाविकास अघाड़ी के अंदर दबी छुपी नाराजगी का दौर आकर गुजर गया है कि चुनाव के पहले प्रदेश में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया जाए या दूसरे शब्दों में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री का चेहरा पेश करके महाविकास अघाड़ी उनके नेतृत्व में चुनाव लड़े। लेकिन अब जो स्थिति है उसमें महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों को फिर से सोचना चाहिए और व्यवहारिक यही होगा कि वो उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री का चेहरा पेश करके महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़े। इसके कई महत्वपूर्ण कारण है। पहला तो यह कि इस समय उद्धव ठाकरे प्रदेश के सबसे लोकप्रिय सियासी चेहरे हैं, भले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 9 सीटें ही मिली हों, लेकिन अगर महाविकास अघाड़ी में शामिल बाकी सभी पार्टियों को देखें तो शिव सेना (यूवीटी) का पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और एनसीपी से बेहतर रिकॉर्ड है।

साल 2014 विधानसभा चुनाव में जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में तत्कालीन शिव सेना को 63 सीटें मिली थीं, जो कि 2009 के मुकाबले 19 सीटें ज्यादा थीं, वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव में उसे 56 सीटें मिली थीं। जबकि 2019 में कांग्रेस को 44 और एनसीपी को 54 सीटें मिली थीं। साल 2014 में कांग्रेस को 42 और एनसीपी को 41 सीटें मिली थीं। अगर आंकड़ों के नजर से देखें तो उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली शिवसेना अपनी मौजूदा दोनों गठबंधन वाली पार्टियों के मुकाबले दोनों ही बार के चुनाव में बेहतर नतीजे हासिल किए थे। लेकिन अगर ये तकनीकी आधार न हो तो भी उद्धव ठाकरे एक तरह से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बिना पेश किए या बिना प्रायोजित किए भी महाविकास अघाड़ी एमवीए की तरफ से विधानसभा चुनाव में स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री के चेहरा के रूप में उभरकर सामने आये हैं। जबकि एनसीपी और कांग्रेस दोनों के पास ही ऐसा कोई चेहरा नहीं है, जिसे आगामी चुनाव में पेश करके विधानसभा चुनाव लड़ने का जोखिम लिया जा सके। उद्धव ठाकरे के पक्ष में यह संभावना इसलिए भी जाती है, क्योंकि प्रदेश के आम मतदाताओं के बीच उनकी एक जुझारू मराठी मानुष की छवि बनकर उभरी है। साथ ही हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस और एनसीपी ने उनको भाजपा से अलग ही इसी शर्त पर किया था कि उनको मुख्यमंत्री बनाया जायेगा। लेकिन जिस तरह से शिवसेना को तोड़ा गया, उसके चलते मतदाताओं के मन में आज भी शिवसेना विशेषकर उद्धव ठाकरे के प्रति एक सहानुभूति है। इसलिए उद्धव ठाकरे खुद से न कहते हुए भी हकीकत यही है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एमवीए की तरफ से सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं।

अगर महाविकास अघाड़ी उन्हें मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में प्रस्तुत करता है तो निःसंदेह यह एक मजबूत दांव होगा। लेकिन हरियाणा की जीत और जम्मू-कश्मीर की बढ़त ने भाजपा की अगुवाई वाली महायुति का भी मनोबल बढ़ा हुआ है। महाराष्ट्र वि धानसभा का चुनाव बहुत ही दिलचस्प हो गया है। दोनों गठबंधन भाजपा की अगुवाई में महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला कड़ा होगा। इसमें एमवीए को लोकसभा चुनाव के आंकड़े ऊर्जा देते हैं जो भाजपा-महायुति को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नजीते मनोवैज्ञानिक बढ़त देते हैं। चुनाव में जिस गठबंधन को जनता का आशीर्वाद मिलेगा उसको दिल्ली की राजनीति में नयी ताकत मिलना तय है।

सोशल मीडिया

भाजपा सरकार की हृदयहीनता का आलम यह है कि ऐसे दस हजार ड्राइवर जिन्होंने कोविड के दौरान लोगों की रक्षा की वे जीवनयापन के लिए प्रदर्शन को मजबूर हैं। अखिलेश यादव.

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर श्री नायब सिंह सैनी जी को हार्दिक बधाई देता हूं। अमित शाह.

हरियाणा विधानसभा चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर समीक्षा में आज क्षेत्रीय पार्टियों के साथ भी गठबंधन नहीं करने, एनडीए व इंडिया से दूरी बनाये रखने का निर्णय हुआ। मायावती.

बेहद आधुनिक और स्मार्ट होगा महाकुंभ का आयोजन



महाकुंभ-2025

आगामी 14 जनवरी 2025 से आयोजित होने वाला महाकुंभ सिर्फ आस्था और श्रद्धा के पैमाने पर ही विराट नहीं होगा बल्कि सुविधाओं और सहूलियतों के स्तर पर भी बेहद भव्य और दिव्य होगा। पहली बार इस बार महाकुंभ में श्रद्धालुओं को एम्बुलेंस की सेवा मुफ्त मिलेगी। इस बार सुविधाओं के विस्तार के तौर पर जगह जगह पर इलेक्ट्रिक रिक्शा श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए उपलब्ध होंगे। पहली बार मेला क्षेत्र में बृहद सफाई अभियान चलाये जाने की व्यवस्था है, जिसमें 15000 से ज्यादा स्वयं सेवक शामिल होंगे और नियमित रूप से सफाई करने वाले लोग अलग से होंगे। इस बार सुरक्षा की व्यवस्था एक साथ कई स्तरों पर उपलब्ध होगी। क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्थ डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी का व्यापक नेटवर्क मौजूद रहेगा और सभी क्षेत्रों से कुंभ परिक्षेत्र में प्रवेश द्वार पर एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगाया जायेगा, जिसके सभी सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएंगे।

प्रयागराज में यूपी पुलिस के साथ इस बार रेलवे सुरक्षा बल भी बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए एक व्यापक नेटवर्क के साथ मौजूद होगा। कुंभ क्षेत्र में किराएदारों, रेस्टोरेंट कर्मियों और ई-रिक्शा चालकों का बहुत सघन वेरीफिकेशन होगा। कुल मिलाकर महाकुंभ 2025 एक बेहद आधुनिक और स्मार्ट आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार दोनो ही मिलकर इस आयोजन को एक साथ भव्य और स्मार्ट बनाने का कोई प्रयास नहीं छोड़ेंगी। उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ 2025 के पहले राज्य के सभी 18 प्रशासनिक प्रभागों में कुंभ शिखर सम्मेलन का आयोजन 14-15 अक्टूबर 2024 से शुरू कर चुकी है, इस वृहद सांस्कृतिक अभियान में 12,600 से ज्यादा हिस्सा लेंगे। इनमें स्थानीय कलाकार और स्कूली बच्चे भी होंगे। वास्तव में ये महाकुंभ के शुरू होने के पहले आध्यात्मिक माहौल बनाने की कोशिश होगी। इससे न केवल देश बल्कि विदेश तक के श्रद्धालुओं में कुंभ में शिरकत करने के लिए इच्छा जागृत होगी। इस बार के महाकुंभ में योगी सरकार 10 लाख से ज्यादा विदेशी श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद करती है। कुंभ आयोजन पूरे प्रदेश में माहौल बनाने के लिए जो रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, उनका समापन 14 दिसंबर 2024 को प्रयागराज में होगा। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक अकादमियों द्वारा संयोजित या संरक्षित होंगे। इसके अलावा इस बार त्रिवेणी में जो कुंभ मेला आयोजित होगा, उसमें पश्चिम बंगाल की परंपरा का भी लाभ लिया जायेगा। महाकुंभ कार्यक्रम बेहद भव्य और स्मार्ट हो, इसके लिए यूपी सरकार ने अभी से ही पूरे प्रदेश में खास तौरपर सभी महत्वपूर्ण शहरों में इसके लिए बड़े बड़े होर्डिंग्स लगा दिए हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां मंडल स्तर पर सौंप दी गई हैं। आगामी महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से प्रयागराज तक आसानी से पहुंचने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। रास्तेभर में ऐसा माहौल निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद मिले बल्कि उन्हें आधुनिक तरह की सारी सुविधाएं भी हासिल हों।

उत्तर प्रदेश के सभी शहरों से प्रयागराज को जोड़ने वाली सड़कों को आधुनिक और सुविधाजनक बनाया जा रहा है, जहां सड़कें संकरी हैं, उन्हें चौड़ा किया जा रहा है। हर 20 किलोमीटर के बाद पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कों पर महाकुंभ 2025 से संबंधित डिजिटल साइन बोर्ड लगाये जा रहे हैं। सारी व्यवस्था इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर की जा रही है कि यह अब तक का सबसे यादगार महाकुंभ आयोजन हो। आगामी महाकुंभ में पिछली बार के मुकाबले 20 लाख से ज्यादा भारतीय श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए प्रयागराज को जोड़ने वाले सात प्रमुख मार्गों को विशेष रूप से चिन्हित किया है ताकि इन मार्गों में यातायात की सुगम व्यवस्था रहे। इन सात मार्गों में सबसे ज्यादा 21 फीसदी श्रद्धालुओं के जौनपुर मार्ग से, 18 फीसदी रीवां मार्ग से, 16 फीसदी वाराणसी मार्ग से, 14 फीसदी कानपुर मार्ग से, 12 फीसदी मिर्जापुर मार्ग से, 10 फीसदी लखनऊ मार्ग से और 9 फीसदी अयोध्या-प्रतापगढ़ मार्ग से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसलिए इन सभी सात मार्गों पर एकल मार्ग यानी वन वे की व्यवस्था लागू की जायेगी ताकि कुंभ मेले के दौरान कहीं पर भी जाम की समस्या न रहे।

धीरज बसाक.

विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

-बाल गंगाधर तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह

अंतर्दृष्टि

वासनाएं इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

फिर सज गयी न्यूज की मंडी

व्यंग्यलोक

रामविलास जॉगिड़

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है। चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।

आप की बात

त्योहारों पर हिंसा चिंताजनक

पाकिस्तान, बांग्लादेश से प्रायः ऐसी खबरें आती रहती हैं कि वहां हिन्दू मंदिरों पर हमला किया गया, जबरदस्ती हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराया गया। आंकड़ों में भी यह सब दिखता है। कभी बांग्लादेश की एक तिहाई आबादी हिन्दू थी। पाकिस्तान में भी एक-चौथाई गैर मुस्लिम थे। लेकिन धीरे-धीरे पाकिस्तान एवं बांग्लादेश से गैर मुस्लिमों की आबादी घटती जा रही है और मुस्लिमों की आबादी 100 फीसद की तरफ बढ़ रही है। यह दोनों मुस्लिम बहुल देश हैं और इनसे यह अपेक्षा भी नहीं है कि दूसरे धर्मों के प्रति सम्मान का भाव दिखायेंगे। लेकिन जब भारत में यही सब होता है तो चिंता होती है। आखिर हिन्दुओं के लिए एक ही देश है और वह भी धर्मनिरपेक्ष है। मसलन सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखने वाला देश। यह उचित भी है। सभी धर्मों का सम्मान उचित है। लेकिन इस्लाम या ईसाई धर्म मानने वाले देशों की संख्या बहुत है और वे अपने धर्मों का संरक्षण भी करते हैं। यह ठीक भी है, अगर कोई देश अपने धर्म का संरक्षण करता है। अब सवाल है कि हिन्दू धर्म का संरक्षण कौन करेगा? इसलिए धर्मनिरपेक्षता अपनी जगह लेकिन सनातन धर्म का संरक्षण गंभीरता से करना होगा। हिन्दू धर्म का संरक्षण और विकास जरूरी है और इसे भारत को ही करना होगा। सभी धर्मों का सम्मान करते हुए हिन्दू धर्म के प्रति सरकार को सकारात्मक नजरिया रखना होगा। जो लोग हिन्दू त्योहारों पर हिंसा करते हैं उनको कठोर सजा देने की जरूरत है ताकि ऐसा दुस्साहस करने की हिम्मत कोई न करे।

संजीव कुमार सिंह, लखनऊ.

पाकिस्तान के हाथ में कटोरा

पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर

संक्षेप

एसपी ने व्यापारियों से किया संवाद

कुमारगंज-अयोध्या ।आगामी दीपावली त्योहार को लेकर एसएसपी राजकरन नैय्यर ने कुमारगंज थाने पर व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित किया ।जहां थाना क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे ।एसएसपी ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा करना पुलिस की जिम्मेदारी है ।धनतेरस व दीपावली के त्यौहार में लूट की घटना बढ जाती इसके लिए पुलिस के साथ-साथ आपको भी सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को यदि असुरक्षा का भाव लगता है तो पुलिस उसके लिए तत्काल मौके पर पहुंचेगी। प्रतिष्ठान से सामान बिक्री के बाद पैसा बैंक मे जमा करने के लिए कोई व्यापारी पुलिस की सहायता लेना चाहता है तो पुलिस दुकान से बैंक तक उसे सुरक्षा देगी।इस दौरान पुलिसकर्मी व्यापारी से कितना कैश जमा करना है इसकी जानकारी नहीं मांग सकता ।यदि पुलिस कर्मी जानकारी लेता है इसकी सूचना देने की बात कही ।इसके अलावा अग्निशमन बचाव व महिला सुरक्षा के बारे में भी बताया गया ।इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्या भी बताई जिसको निपटाने के लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को कहा गया।

सात बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। कोतवाली अयोध्या पुलिस द्वारा चोरी की सात मोटर साइकिल सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।बुधवार को इन सभी को पुलिस ने बालूघाट बरेहटा क्षेत्र से पकड़ा। यह शातिर चोर अयोध्या में चारमाह से सक्रिय थे जो जिला अस्पताल, कचेहरी, अयोध्या का पुराना सरयू पुल और नागेश्वरनाथ के

- **गोंडा जिले से आकर धार्मिक स्थलों, जिला अस्पताल और कचेहरी पर करते थे वारदात**

आसपास में बाइक चोरी की बारदात कर पड़ोसी जिला गोंडा फरार हो जाते थे।पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह के निर्देशन में अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा और उनकी टीम से इन शातिर चारों को पकड़ने में सफलता पाई।इनमें से अधिकांश पर चोरी आदि के लगभग 10 मुकदमें दर्ज हैं। यह अपराधी पुलिस ने लिए सिरदर्द बने हुए थे। एसपी सिटी ने बताया कि अपराध और अपराधियों के लिए अयोध्या में कोई जगह नहीं है। इससे निपटने के लिए एसएसपी राजकरन नैय्यर की अध्यक्षता में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 542/24 धारा 35 (1)ई बीएनएसएस व 317(2), 317(4), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में लाल सिंह पुत्र राज कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गडरियाबाग थाना किच्छा जनपद ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड ।गुफरान पुत्र उस्मान उम्र करीब 26 वर्ष निवासी वजीरगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या दीपक पुत्र लाल मोहन उम्र करीब 22 वर्ष नि0 गडरियाबाग थाना किच्छा जनपद ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड ।मुन्ना चैहान पुत्र पप्पू चैहान उम्र करीब 21 वर्ष निवास फतेहगंज दालमंडी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या शामिल हैं। बरामद की गई मोटर साइकिल में एचएफ डीलक्स वाहन संख्या यू पी 42ए डब्ल्यू 4912, एचएफ डीलक्स वाहन संख्या यू पी 42ए डब्ल्यू 9365, मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स वाहन संख्या यू पी 42एपी 8374, स्प्लेंडर प्लस चेचिस नं0 एमबीएलएचए10 ईजे 9 एचसी 18569, स्प्लेंडर प्लस वाहन संख्या यू पी 51एजेड 5688, मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस वाहन संख्या यू पी 42बी डी 2379 शामिल है ।कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों में गुफरान का आपराधिक इतिहास पुराना है। उसके ऊपर कोतवाली नगर और बस्ती जिले में चोरी आदि के कुल 13 मुकदमें दर्ज हैं। अभियुक्त लाल सिंह पर पटरंगा थाना और कोतवाली नगर में 5 मुकदमें दर्ज हैं। अभियुक्त मुन्ना चैहान पर कोतवाली नगर में 3 मुकदमें दर्ज हैं। अभियुक्त दीपक पर कोतवाली नगर में 3 मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा भी इस ग्रुप की आपराधिक वारदातों का पता लगाया जा रहा है। अभियुक्तों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में अयोध्या कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शर्मा, नयाघाट चैकी प्रभारी विजयंत मिश्र, लक्ष्मणघाट चैकी प्रभारी जगन्नाथ मणि त्रिपाठी, उप निरीक्षकों मे मनोज कुमार, प्रवीण कुमार सिंह और आशीष सिंह के अलावा मुख्य आरक्षी सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी शामिल रहे।

रामलला का दर्शन करने पहुंचे इजरायली राजदूत

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में बुधवार की सुबह राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में इजराइल के राजदूत अपनी पत्नी के साथ रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे।इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद कई श्रद्धालुओं से भी बात की। उन्होंने कहा कि इस इजरायल हमेशा से भारत की संस्कृति का सम्मान करता रहा है और यह लोगों के आपस में जुड़े का एक बड़ा माध्यम भी है। रूवेन अजार ने कहा कि मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन का सौभाग्य मिला है। मैं यहां आकर श्रद्धालुओं को देखकर भी अभिभूत हूं, जो हर दिन इतनी बड़ी संख्या में आते हैं ।उन्होंने कहा, ह्यइजरायल और भारत के लोग प्राचीन काल से ही साथ हैं। उनकी संस्कृति, विरासत और परंपरा प्राचीन हैं। जैसे हमें अपनी विरासत पर गर्व है, उसी तरह

- **अयोध्या आना मेरे लिए सम्मान की बात**

आपको भी अपनी विरासत पर प्राउड है। यह बहुत जरूरी है क्योंकि समर्पण और गर्व का भाव ही आपको शक्ति प्रदान करता है। इसीलिए मैं यहां आया हूं और देखा कि लोगों का कैसे भाव भगवान राम की भक्ति को लेकर है ।ह्व उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को लेकर हुए संघर्ष पर भी संकेतों में ही बात की। इजरायली राजदूत ने कहा, ह्यजैसा कि हम कहते हैं कि स्थान का बहुत महत्व होता है। ऐसा इसलिए कि यह कोई कल्पना की बात नहीं है। इतिहास में यहां चीजें हुईं हैं और लोग उसे हर दिन याद करते हैं। साल दर साल वह परंपरा चलती जाती है और हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाती है। इजरायल के राजदूत के तौर पर यह अहम है कि हम यहां आए और भगवान के दर्शन किए। इसके अलावा लोगों से मुलाकात की। मैं यहां अपनी पत्नी के साथ आया हूं और भारतीय संस्कृति को गहराई से समझने का प्रयास किया है ।ह्व इजरायली अधिकारी ने मंगलवार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी।

मिल्कीपुर विस क्षेत्रः गोरखनाथ ने चुनाव याचिका वापस लेने के लिए कोर्ट का रुख किया

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या । भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने 2022 के चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने के लिए बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया।

अवधेश प्रसाद के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद मिल्कीपुर सीट खाली हो गई है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की, लेकिन उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में याचिका लंबित रहने के कारण मिल्कीपुर सीट पर चुनाव का ऐलान नहीं किया।

गोरखनाथ ने कहा कि मैंने मुकदमा वापस लेने का अनुरोध किया है। अदालत बृहस्पतिवार को मेरी याचिका पर सुनवाई करेगी। वह मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए याचिका वापस ले रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि अवधेश प्रसाद ने नामांकन पत्र दाखिल करते समय गलत शपथ ली थी।

रिट में आरोप लगाया गया था कि प्रसाद के दस्तावेजों को प्रमाणित करने वाले नोटरी के पास सत्यापन की तिथि पर वैध लाइसेंस नहीं था। हाल के आम चुनावों में फैजाबाद लोकसभा सीट से निर्वाचित प्रसाद ने कहा कि मैंने लगभग चार महीने पहले मिल्कीपुर सीट से इस्तीफा दे दिया था। मुकदमा वापस लेना गोरखनाथ का नैतिक कर्तव्य था और उन्हें मेरे इस्तीफे के तुरंत बाद अपना मुकदमा वापस ले लेना चाहिए था। सपा ने अवधेश प्रसाद के बेटे अजित प्रसाद को मिल्कीपुर विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

अयोध्या। दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता बाबाबाजार का पूर्व सासंद लल्लू सिंह ने दीप प्रज्जवलन तथा ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया। श्री राम सेवक इण्टर कालेज बाबा बाजार में आयोजित प्रतियोगिता के समारोह स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर पूर्व सांसद का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में कबड्डी की 25, वालीबॉल की 18 तथा रस्साकसी की 16 टीमें भाग ले रहीं है। लोकसभा के सभी ब्लाकों में अयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता तथा उपविजेता का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने उकई योजनाओं को मंजूरी दी है। जिससे ओलंपिक व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के खिलाड़ी बेहतर प्रर्दशन कर सकें। अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में खेल की सुविधाएं बढाई जा रही है। खेल विकास कोष का गठन किया जा रहा है। इस प्रकार छोटे आयोजनों से खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, राजेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुधीर सिंह मुन्ना, विश्वनाथा सिंह, संतोष मिश्र, सच्चिदानंद दास, शिव कुमार पाठक, डा पवन कुमार सिंह, शिव शंकर तिवारी, राकेश तिवारी, अरविंद व्यास, विनोद श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शेर बहादुर सिंह, सुशील चन्द्र मिश्र सहित बड़ी संख्या स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

आबकारी विभाग ने कसा शिकंजा, अवैध शराब बिक्री पर किया बड़ा प्रहार

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। जिले में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बिक्री के नेक्सस पर करारा प्रहार किया है। महज दस दिन में 269 जगहों पर छापेमारी करते हुए 1301 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। चोरी छिपे अवैध शराब बेचने वाले 36 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। शासन की ओर से जारी आदेश के बाद जिले में अवैध रूप से बिक रही शराब को लेकर आबकारी विभाग का अभियान तेज हो गया है। इसके लिए गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा जिले भर में व्यापक पैमाने पर छापेमारी की जा रही है।

इसी क्रम में, 4 से 13 अक्टूबर तक हुई दस दिन की छापेमारी में विभाग को बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल, हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्वों को देखते हुए सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था और उनके इसी निर्देश को आबकारी विभाग ने अमलीजामा पहनाया। आबकारी विभाग द्वारा गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा जिले की विभिन्न तहसीलों में दस दिन के दौरान 269 छापे मारे गए। इन छापों में 1301 बल्क लीटर अवैध शराब की बरामदगी करते हुए 36 अभियोग दर्ज किए गए। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में करीब 1030 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट करते हुए आठ लोगों को अवैध शराब मामले में गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया जिले के पांचों अपराध निरोधक क्षेत्रों में हुई छापेमारी में सभी क्षेत्रों के आबकारी निरीक्षक शामिल रहे। आबकारी विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार शासन से निर्देश मिलने के बाद सभी क्षेत्रों में विशेष प्रवर्तन दल द्वारा छापेमारी की जा रही है।

मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त से की मुलाकात, जाना विकास कार्यों का विवरण

अयोध्या। मध्य प्रदेश राज्य से 13 सदस्यीय एक मीडिया प्रतिनिधिमंडल भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) लखनऊ और भोपाल के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के दौरे पर है। इस दौरे का उद्देश्य राज्य की संस्कृति, स्वच्छता प्रयासों और विकास परियोजनाओं का अध्ययन करना है। दौरे के तीसरे दिन, मीडिया दल ने अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल से भेंट की और अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की ।मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मीडिया दल को अयोध्या के महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, बुनियादी ढांचे के विस्तार, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास और स्वच्छता कार्यक्रम शामिल हैं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री दयाल ने कहा कि अयोध्या में रिंग रोड निर्माण, एयरपोर्ट विस्तार और रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण में केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अयोध्या के चारों ओर 62 किलोमीटर की लंबाई का रिंग रोड निर्माण कार्य शुरू होगा। श्री दयाल ने कहा कि अयोध्या में स्टे होम सरकार की टूरिज्म को प्रमोट करने की पॉलिसी है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में होम स्टे की संख्या एक हजार के पार हो चुकी है जिसका फायदा अयोध्या में हर रोज आने वाले लगभग 70000 से एक लाख टूरिस्टों को मिल रहा है। मंडलायुक्त ने बताया कि अयोध्या में एक सॉफ्टवेयर पार्क के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की गई है जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।

भदरसा गैंगरेप में कड़ी सुरक्षा के बीच पीड़िता की हुई गवाही

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 12 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप के मामले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीड़िता की गवाही हुई। अभियोजन पक्ष की तरफ से बयान दर्ज कराया गया उसके बाद मोईद खान के अधिवक्ता ने उससे जिरह की। अब राजू खान के अधिवक्ता द्वारा जिरह किया जाना बाकी है। इसके लिए कोर्ट ने पीड़िता को 17 अक्टूबर को फिर तलब किया है।

यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत मे हुई। गवाही के दौरान थाना पूरा कलंदर के थाना अध्यक्ष डटे रहे। विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय अभिषेक रघुवंशी तथा फौजदारी के अधिवक्ता सूर्य नारायण सिंह ने बताया कि पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ घटना के ढाई माह बाद लिखाई थी। उसने कहा था कि उसकी पुत्री खेत में काम कर रही थी राजू उसे पकड़ कर बेकरी में ले गया और वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया ।इस मामले में बुधवार को पेशी थी पीड़िता और उसकी मां को कड़ी सुरक्षा में थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने महिला सिपाहियों तथा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ लाकर कोर्ट में पेश किया वहां अभियोजन पक्ष की ओर से बयान दर्ज कराया गया। इसके बाद मोईद खान के अधिवक्ता कृपाल चंद्र खरे और सईद खान ने पीड़िता से जिरह किया अब राजू खान के अधिवक्ता की ओर से किया जाना बाकी है।

कृषि विवि में 564 एनसीसी कैडेट्स लेंगे सैन्य प्रशिक्षण

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की 65 यूपी बटालियन की कंबाइंड वार्षिक एनसीसी कैंप से शुरू हो रहा है। कैंप के दौरान अयोध्या तथा अंबेडकर नगर से 564 एनसीसी के छात्र-छात्राएं सैन्य प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे। सैन्य प्रशिक्षण से पहले विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह एनसीसी अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कैडेटों की सुरक्षा एवं आकस्मिक उपचार की विशेष व्यवस्था की जाए। विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले कंबाइंड वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-74) में अयोध्या और अंबेडकर नगर के एनसीसी के कुल 564 छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। कैंप में 65 यूपी बटालियन के लगभग 40 सैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डा. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी के प्रशिक्षण कैंप के लिए विश्वविद्यालय के मुख्य खेल मैदान को चिन्हित किया गया है। प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। फायरिंग रेंज भी पूरी तरह से तैयार है। प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स को छोटे हथियारों की तकनीकि जानकारी देने के साथ-साथ चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। कंपास के जरिए मैप रीडिंग व सेना में भर्ती के लिए विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

यह शिविर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एम. के सिंह के दिशा-निर्देशन में संचालित किया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय की ओर से छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी, एनसीसी अधिकारी डा. नवीन कुमार सिंह व डा. देवनारायण पटेल के संयोजन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

कंबाइन मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती की मौत

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। खण्डासा थाना क्षेत्र के अमानीगंज बाजार के समीप मठिया तिराहे पर बुधवार सुबह कंबाइन मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दंपति को सीएचसी खण्डासा भेजवाया और कंबाइन मशीन को कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के बीच हुई पूरे जोरई मिश्रा गांव निवासी राम कैलाश मिश्रा उम्र 40 वर्ष अपनी पत्नी रीता मिश्रा 39 वर्ष के साथ मिल्कीपुर रजिस्ट्री कार्यालय जा रहे थे अमानीगंज के मठिया तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि अचानक सड़क पर पीछे से आ रही कंबाइन मशीन की चपेट में आ गए और बाइक से गिर गई पत्नी के ऊपर से कंबाइन मशीन का अगला और पिछला दोनों पहिया चढ़कर पार हो गया।

जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे पति राम कैलाश मिश्रा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी खण्डासा से दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गइ।

कैलाश कुमार मिश्रा दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं नवरात्र में ही वह अपनी पत्नी के साथ घर आए थे, उनके एक 8 वर्ष का बेटा है। पोस्टमार्टम हाउस में भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ भाजपा जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी व विनय रावत डटे रहे।

थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका रीता देवी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अस्पताल में पति की भी मौत होने का समाचार मिला है, दुर्घटना करने वाली कंबाइन मशीन को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

किसानों ने अधिकारियों से की वार्ता

अयोध्या। जनपद में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी एवं उपनिदेशक कृषि डा .पी.के.कनौजिया के संचालन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित किया गया जिसमें किसान नेताओं ने किसानों से संबंधित तमाम समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनपद के सभी विभागों से आए अधिकारियों से जानकारी लिए, किसान नेता शिवप्रसाद पांडे ने पर्चियां, सट्टा बनाने के नियमों के बारे में जानकारी स्पष्ट रूप से देने के लिए जिला गन्ना अधिकारी हुद्दा सिद्दीकी को मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश जारी किया।

जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा रसीद न दिए जाने, पशुपालन विभाग की कमियों, समितियां द्वारा खाद की आपूर्ति कराए जाने एवं पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालन एवं ऋण स्वीकृत के संबंध में जानकारी ली गई।

श्री पांडे ने शासनादेशों का हवाला देते हुए सभी विभाग से कार्य कराने हेतु कहा, बैठक में शिव प्रसाद पांडे, हृदय नारायण शर्मा, प्रेम प्रकाश पांडे, सत्यनारायण ,गीता,जान अली,मंगला, वन्दना मौजूद रहे।

भाजपा चाह कर भी नहीं बदल पायेगी संविधानः अविनाश पांडेय

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित मिल्कीपुर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक मैदान में कांग्रेस पार्टी की विधानसभा मिल्कीपुर इकाई के संयोजन में संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश

- **संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर जमकर बोला हमला**

पांडेय ने कहा भाजपा चाहे जितनी भी कोशिश कर ले लेकिन वह संविधान बदल नहीं सकती अगर संविधान बदलने की कोशिश भी करती है तो राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी का कुर्बानियों का इतिहास रहा है चाहे वह महात्मा गांधी की कुबार्नी हो चाहे इंदिरा गांधी की हो चाहे राजीव गांधी की हो कांग्रेस कभी किसी भी काम पर पीछे नहीं हटी है ।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी वाले आरोप लगाते हैं कि कांग्रेस वाले रामलला के दर्शन नहीं करते लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है कोई अयोध्या आए और रामलला का दर्शन न करे ।आज अयोध्या आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हम खुद रामलला व हनुमान जी के दर्शन करके आ रहे हैं ।अडानी और अम्बानी पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि अयोध्या में विकास हो रहा है उन्हें पता होना चाहिए कि अयोध्या के विकास का पैसा किसके पास जा रहा है। अयोध्या के विकास का पैसा सिर्फ दो लोगों के पास जा रहा है वे अडानी और अंबानी ही हैं ।विकास के नाम पर अयोध्या में मकान तोड़े जा रहे हैं, जमीने हड़पी जा रही हैं ,यहां तक की सेना की जमीन को भी अडानी को दी गई ।अमित शाह का बेटा अयोध्या में फाइव स्टार होटल बना रहा है। यहां तक की राम मंदिर का प्रसाद भी गुजरात से आ रहा है। अयोध्या के लोगों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि इन्होंने अपने मत से बीजेपी वालों को एहसास दिलाया कि अब इनका अत्याचार नहीं चलने वाला। गुजराती उत्तर प्रदेश में इस तरह हावी हो गए हैं की बाबा विश्वनाथ का प्रसाद बनाने का ठेका भी गुजरात की अमूल कंपनी को दे दिया गया, काशी के गरीब लोगों की तरफ ध्यान भी नहीं दिया गया। ये जल नल योजना चला रहे हैं लेकिन अभी घर तक पानी नहीं पहुंचा है और आपको पता होगा कि इसका भी ठेका गुजरातियों को ही दिया गया है। हमारे लोगों को हिंदू मुस्लिम करके, अमीर-गरीब में बांटकर यह सत्ता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी हमारे कार्यकताओं का लगातार उत्पीड़न कर रही है उन्हें जेल में डाल रही है। उन्होंने यूपी की योगी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष संभल को जेल से रिहा नहीं किया तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे क्योंकि हम कांग्रेसी जेल जाने से नहीं डरते हम सड़क पर उतरेंगे और सड़क पर उतरकर जेलों को भर देंगे उन्होंने आगे कहा समय आने दीजिए जो गुजराती आपको प्रदेश में दिख रहे हैं यह गुजराती मैदान छोड़कर भाग जाएंगे और जो बुलडोजर नीति है इसका जवाब भी इनको दिया जाएगा ।कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा है कि आपका जोश बता रहा है कि मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी की जमानत जप्त हो जाएगी। ये मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव को टालना चाहते हैं क्योंकि यह डरे हुए हैं लेकिन यह उपचुनाव को टाल नहीं पायेंगे। बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि अपने झूठे अलापों के द्वारा बीजेपी वोट ले लेती है। बीजेपी की सरकार पिछले 10 वर्षों में एक भी ऐसी योजना नहीं ला पाई है जिससे गरीबों का भला हुआ हो। ये फ्री मे अनाज देने की बात करते हैं लेकिन यह खाद्य सुरक्षा योजना कांग्रेस सरकार ने ही शुरू की थी, लेकिन कांग्रेस ने कभी इस बात का ढिंढोरा नहीं पीटा न ही एहसान जताया क्यों की कांग्रेस सभी देशवासियों को अपना परिवार मानती है ।गरीबों की मदद करना ही कांग्रेस की नीति रही है ।ये बोलते हैं कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे लेकिन इनके लिए दो ही किसान है एक अडानी दूसरे अम्बानी, क्योंकि इन्हीं की आय मे प्रतिवर्ष 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है ।इन्होंने गरीबों को मिल रही चीनी को बन्द कर दिया, बच्चों का वजीफा बन्द कर दिया और ये गरीबों की मदद का ढिंढोरा पीट रहे हैं। श्री सिंह ने कहा प्रयास है सीट मिले लेकिन जो भी गठबंधन का प्रत्याशी होगा उसे ही जिताना है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष पीएल पुनिया ने कहा गठबंधन जो भी निर्णय लेगा वह हम सबके लिए मान्य होगा। हमारा लक्ष्य सिर्फ इतना है की दसों की दस सीट को गठबंधन की झोली में डालना है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

संक्षेप

44 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारण्टी व 6 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तथा 44 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

तस्कर गिरफ्तार, 55 ग्राम स्मैक बरामद

बाराबंकी। थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने अभियुक्त अनूप कुमार तिवारी पुत्र लल्लन निवासी भभुवा थाना करनैलगंज, गोण्डा को सनाकापुर कट के पास से 55 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

अपहृता सकुशल बरामद

बाराबंकी। थाना घुंघटेर पुलिस ने मुअसं 249/2024 धारा 87 भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

मेला से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा शाहमऊ में आयोजित मेला से बेखौफ चोरों द्वारा एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे शुकुल मजरे भागीरथपुर निवासी समाल अहमद पुत्र मोहम्मद कमाल ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह बीती बारह अक्टूबर को कस्बा शाहमऊ में आयोजित मेला देखने व घरेलू समान खरीदने के लिये अपनी मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस संख्या यूपी 36 के 3384 से आया था।वह समय करीब साढ़े चार बजे शाम को अपनी मोटर साइकिल जमील ट्रेडर्स के सामने खड़ी करके मेला देखने चला गया और जब मेला देखकर आया तो गाड़ी नदारद मिली। शाहमऊ मेला से दिनदहाड़े बाइक चोरी पर वाहन स्वामी के पैरों तले से जमीन खिसक गई और पीड़ित बाइक की तलाश करता रहा लेकिन कामयाबी हासिल नही हुई तो उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी का अभियोग दर्ज कर वाहन की तलाश में जुट गई है।

धूं-धूं कर जला रावण

अमेठी। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में आयोजित दो दिवसीय दशहरा मेला बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।मेला के पहले दिन रामलीला का मंचन हुआ जिसको देखने के लिये दूर दूर से लोगों का सैलाब उमड़ा। रामलीला के समापन के बाद रावण का पुतला धूं धूं कर जलाया गया।सेमरौता कस्बे में दो दिवसीय मेला के पहले दिन बुधवार को मेला परिसर में रामलीला का मंचन किया गया जिसमें कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया रामलीला के समापन पर रावण का पुतला का दहन किया गया जिसे देखने के लिये लोगों में उत्साह रहा मेला में हवाई झूला, मौत का कुआं, निशानेबाजी, खिलौना आदि आकषर्ण का केंद्र रहा मेला की सुरक्षा व्यवस्था को मददेनजर रखते हुये स्थानीय पुलिस मुस्तैद रही। रामलीला मेला कमेटी के प्रबंधक देवी शरण बाजपेई ने आगंतुकों के साथ दुकानदारों के प्रति आभार जताया। मेला कमेटी के व्यवस्थापक मनीष कुमार बाजपेई ने आरती पूजन किया और रावण की भूमिका शिव शंकर गुप्ता ने निभाई। इस मौके पर पूर्व जिपं सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी, गोपी बाजपेई, जानकी शरण, कमल किशोर शुक्ला, बाल कृष्ण, हिमांशु, अनुराग शुक्ला, आशीष, विकास, भानू बाजपेई, घिसियावन यादव, सतीश सिंह ,गोपी बाजपेई, रामू गुप्ता, राजेश बाजपेई, रोहित यज्ञसैनी, राहुल गुप्ता, मानस गुप्ता, मनीष सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्मार्ट बनें, सुरक्षा चुनें का लिया संकल्प

उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशास्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

- विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी छात्राओं को हेलमेट वितरण कर बढ़ाया हौसला
- जीवन अनमोल है इसे बचाने हेतु सड़क सुरक्षा नियम अनिवार्य : रवि चन्द्र त्यागी

बाराबंकी। सड़क हादसो को रोकने के लिये चलाये जा रहे 2 से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत परिवहन विभाग के तत्वाधान में आज बुधवार को पानियर माण्टेसरी स्कूल प्रांगण मे प्रशास्ति पत्र वितरण एंव समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारभ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त आये अतिथियो को बूके व मोमेटो देकर स्वागत किया गया। परिवहन विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय क्विज, रंगोली, कविता, पोस्टर, पेन्टिंग, स्लोगन, रंगोली प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं प्रशंसा त्रिपाठी, प्रगति गुप्ता, श्रेया सिंह समेत अन्य कों हेलमेट व प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में योगदान देने पर रोड सेफ्टी चैम्पियन के रुप में वायस आफ लखनऊ के पत्रकार सरदार परमजीत सिंह विक्की, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. शिल्पा राय, डॉ. दुर्गेशधर दूबे, शुभम वर्मा, डॉ.गिरजा शंकर, डॉ. पूनम सिंह, अर्चना पांडे, आशीष पाठक, अरुणिमा सिंह पवार, श्रीनाथ लाल, जिला स्कॉउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार सिंह, ऋषि टंडन, जिला गाइड कैप्टेन ऋतु अग्निहोत्री, ब्लाक स्कॉउट मास्टर सिद्धौर शिवम् शर्मा, समाजसेवी दीपक जैन, समाजसेवी/ रेड क्रॉस सोसाइटी शैलेन्द्र सिंह, ट्रक ओनर्स एंड ऑपरेटर एसो.अध्यक्ष अंगद कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल ,

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन

सुनील कुमार वर्मा, जमीलउद्दीन कैफी, मास्टर ट्रेनर ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क सड़क सुरक्षा पंकज शर्मा, नागेश पटेल, हरपाल सिंह, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, हेड़ आरक्षी राज कुमार, लालता सिंह, सत्यजीत सिंह, योगेन्द्र वर्मा कों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीटीओ श्री त्यागी ने जागरुक करते हुये कहा कि जीवन अनमोल है। इसे बचाना आवश्यक है इसके लिए सड़क सुरक्षा आम लोगों के लिए अनिवार्य है। यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने आम नागरिकों को अभियान चलाकर लगातार जागरुक किया जा रहा है। जिससे आम नागरिक सड़क दुघर्टनाओं से बच सकें। घर से निकलते समय हेलमेट पहने। जिससे होने वाली कोई बड़ी दुघर्टना से बच सकेगें। छात्राओं को संकल्प दिलाते हुये कहा कि वह अपने भाई, पिता व रिश्तेदारों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने को जागरुक करेंगे। सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने कहा कि छोटी छोटी बातों पर ध्यान देकर हम सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। इसके उपरान्त सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा सम्बधी बातो का ध्यान रख सड़क व यातायात नियमों का हमेशा पालन करुगा की शपथ दिलाई गयी।

संयुक्त टीम ने अतिक्रमण से कराया मुक्त

अमेठी। बुधवार को संयुक्त टीम ने डेढपसार में चक मार्ग और नाली पर अवैध अतिक्रमण सम्बंधी समाधान दिवस की शिकायत का निस्तारण किया। संयुक्त टीम ने शिकायत कर्ता को संतुष्ट करते हुए चकमार्ग संख्या -1568और नाली संख्या -1541का सीमांकन करते हुए अतिक्रमण से मुक्त कराया। लाल मुहम्मद पुत्र सादुल्ला ने समाधान दिवस में शिकायत की थी। नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा वराजस्व निरीक्षक विजय सिंह, राज कुमार,लेखपाल प्रवीण सिंह, सुधांशु शुक्ल, विवेक आदि मौजूद रहे।

कूरेभार में ऐतिहासिक दुगार्पूजा महोत्सव की मची धूम

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। देश भर में नवरात्र के अवसर पर मनाये जाने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव से हटकर सुलतानपुर जनपद का दुगार्पूजा महोत्सव नवरात्र की नवमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलने वाले एतिहासिक दुगार्पूजा की धूम पूरे जनपद में मची हुई है। बताते चले कि जनपद सुलतानपुर का दुगार्पूजा कलकत्ता की मशहूर पूजा महोत्सव की भव्यता के बाद दूसरे नम्बर पर आता है। उसी प्रकार जनपद के अयोध्या- प्रयाग राष्टीय राजमार्ग पर स्थित कस्बा कूरेभार का दुर्गा पूजा महोत्सव भी जनपद में विशिष्ट स्थान रखता है। सुलतानपुर के बाद कूरेभार मे दुर्गा पूजा कार्यक्रम की शुरूआत 45 वर्ष पूर्व हनुमान गढी कूरेभार के पुजारी द्वारा स्थानीय व्यापारी लोगो के सहयोग से हनुमान गढी पर श्री नवबाल दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा का प्रथम पण्डाल स्थापित किया गया था जिसे संस्थापक रामबली कसौधन थे। धीरे-धीरे कूरेभार में क्षेत्रीय लोगों एवं स्थानीय नागरिकों की की बढती रुचि बढती गई, जिससे दुर्गा पूजा महोत्सव में पण्डालों की भी संख्या बढती गई जिसमें स्थानीय लोगो का ही नहीं आसपास के गांवों का सहयोग रहा और नवबाल दुर्गा पूजासमिति हनुमान गढी, बड़ी दुगार्माता गीता मंदिर, अम्बे माता पूजा समिति गायत्री माता, पूजा समिति काली माता पूजा समिति, लक्ष्मी माता पूजा समिति, दुर्गा माता पूजा समिति, श्री संतोशी माता पूजा समिति, श्री अन्नपूर्णा माता समिति, श्री श्री वैशणो माता पूजा समिति, जगदम्बा माता पूजा समिति, लक्ष्मी माता समिति, श्री जय माता पूजा समिति, मां आदि शक्ति पूजा समिति, मां सिंहवाहिनी पूजा समिति, श्री राम वैश्णो पूजा समिति, बाबा बैजनाथ धाम पूजा समिति, श्री दुर्गा माता पूजा समिति सहित लगभग दो दर्जन पण्डालों पर देवी शक्ति के विभिन्न रुपों की मूर्तियां स्थापित कर पूरा माहौल माता की भक्ति में भक्तिमय हो गया है। पूरे कस्बे को आकर्षक रंग विरंगी लाइट की झालरों से सजाया गया है। जिससे कस्बे की खूबसूरती देखते ही बन रही है। जगह जगह पंडालों पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। जहां हजारों हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं माहौल पूर्णिमा के दिन यंहा लगने वाले दशहरा के मेला तक रहता है और उसी दिन राम बारात निकाली जाती है। यहां पर बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक रावण का पुतला दहन भी इसी दिन किया जाता है। और पूर्णिमा के दिन विसर्जन हेतु भक्तों द्वारा माता के विभिन्न रुपों को पूरे मान सम्मान के साथ शोभा यात्रा निकाल कर विदाई दी जाती है।

दुगार्पूजा महोत्सव में उमड़ रही भीड़ को लेकर स्थानीय पुलिस मुस्तैद नजर आ रही है। कूरेभार थानाध्यक्ष शारदेंदू दूबे ने बताया कि मेले में आये श्रद्धालुओं की शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार भ्रमण शील है। साथ ही सादे कपड़े में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति एवं रामलीला कमेटी कूरेभार के अध्यक्ष प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन कहते हैं यहां का दुर्गा पूजा महोत्सव सदैव सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाता है। यहां के स्थानीय लोग शांतिप्रिय एवं सहयोगात्मक रवैये वाले है, जिसके फलस्वरुप कूरेभार का दुगार्पूजा का समारोह अपनी भव्यता के लिये जाना जाता है।

बीएसए से मिला प्रतिनिधिमंडल

सुलतानपुर। उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अवनीन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त लेखाधिकारी बेसिक से अपनी समस्याओ को लेकर मिला। संगठन का यह कहना है कि बगैर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के अकारण किसी विद्यालय का बेतन या परिलब्धि न रोका जाय। इस संबंध में सेवा नियमावली 1978 की संसोधित नियमावली 2019 का हवाला देते हुए अध्यक्ष ने लेखाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि मासिक वेतन बाधित होने से शिक्षक कर्मचारी का दैनिक खर्च बाधित हो जाता है, जिससे समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसलिए वेतन बिल में यदि कोई कमी परिलक्षित होती है तो समय के अंदर उसका निस्तारण होना चाहिए जिससे किसी कर्मी का मासिक वेतन प्रभावित न हो। जिला बेसिक अधिकारी ने संगठन को आश्वस्त किया है कि सभी समस्याओ का निस्तारण शीघ्र कर दिया जायेगा।

बोलबम कांवड़िया भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम, चखा प्रसाद

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बरौंसा बाजार में बोल-बम कांवड़िया परिवार की ओर से बुधवार को आयोजित बोल-बम भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बोलबम का जयकारा लगाया गया। गौरतलब हो कि बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा के बाद बोल-बम कांवड़िया परिवार बरौंसा की तरफ से प्रतिवर्ष धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है और इस बार भी भंडारे के साथ-साथ जागरण प्रस्तुति और झांकी सजाई गई। महादेव के भक्ति भाव के गाने पर कावड़िया परिवार व श्रद्धालु थिरकने लगे। बुधवार को बरौंसा बाजार के बगिया चैराहा रोड किनारे मिश्रा ग्राउंड परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया भंडारे के दौरान हर-हर महादेव और बोल-बम के नारे से पूरा बाजार व क्षेत्र गूंज उठा शाम चार बजे से प्रसाद वितरण का सिलसिला शुरू हो गया और देर रात तक चलता रहा डीजे की धुन पर कावड़ियों ने जयकारे लगाते हुए भक्ति से सराबोर दिखाई दिए। ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला, भाजपा नेता राजेश शुक्ला, संजय गुप्ता समेत अन्य अतिथि भंडारे में शिरकत किया। बोलबम कावंडिया परिवार के तरफ से भूपेंद्र वर्मा, अजय यादव, शुभम मोदनवाल, पवन गुप्ता, शंकर दयाल, मक्खनलाल मोदनवाल, राजेंद्र ,शारदा मोदनवाल, अनूप, शुभम शर्मा सहित बोलबम श्रद्धालु भंडारे में सेवा में लगे रहे।

महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

जसवंतनगर, इटावा। श्रीराम लीला समिति के तत्वावधान में श्रीराम कथा के आयोजन के पूर्व नगर में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान सिर पर कलश रखकर महिलाएं पंक्तिबद्ध होकर चल रही थी। यह कलश यात्रा दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान से शुरू हुई तथा वहां से नगर पालिका, बड़ा चैराहा, कटरा बूलॉकीदास, कटरा पुख्ता, फक्कड़ पुरा होता हुआ बिलैया मठ पहुंचा इसके बाद कटरा विलोचियान, जैन बाजार, लोहा मंडी, पंसारी बाजार, सदर बाजार होते हुए वापस रामलीला मैदान में पहुंची। कलश यात्रा में सबसे आगे सिर पर पवित्र रामायण ग्रंथ रखकर रामलीला समिति के प्रबन्धक राजीव गुप्ता बबलू सपत्नीक चल रहे थे। इसके बाद पीत वस्त्र धारी महिलाएं एवं युवतियां सर पर कलश एवं श्रीफल लेकर सीताराम सीताराम, राधा कृष्ण राधा कृष्ण कहते हुए चल रही थी।

बीजेपी महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता में लाये बदलाव

जिला संवाददाता (vol)

- बीजेपी के मंत्री दिनेश सिंह द्वारा प्रियंका गांधी पर अशोभनीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेसियों में रोष

सुलतानपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी ने बीजेपी के मंत्री दिनेश सिंह द्वारा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर की गई अशोभनीय टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश सिंह का बयान न केवल अशोभनीय है, बल्कि यह उनकी घटिया मानसिकता को भी दशार्ता है।

राजेश तिवारी ने स्पष्ट किया कि प्रियंका गांधी के प्रति की गई टिप्पणियां केवल एक व्यक्ति की सोच नहीं, बल्कि बीजेपी में महिलाओं के प्रति व्यापक अपमान की संस्कृति का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के नेताओं की महिलाओं के प्रति यही सोच है, जिसमें न केवल सम्मान की कमी है, बल्कि महिलाओं को लेकर असंवेदनशीलता भी है।

तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी न केवल राजनीति को कलंकित करती है, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थिति को भी कमजोर बनाती है। उन्होंने बीजेपी से अपील की कि वे अपनी मानसिकता में बदलाव लाएं और महिलाओं के प्रति सम्मान और गरिमा को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठायें।

केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति की बैठक संपन्न

कादीपुर, सुलतानपुर। केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति की एक बैठक नगर पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बुधवार को आयोजित बैठक में केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी ने सभी समितियो के दुगार्पूजा महोत्सव के शानदार आयोजन आयोजित करने पर बधाई दी। बैठक में सभी समितियो के पदाधिकारी ने सर्वसम्मत से तय किया कि विसर्जन शोभा यात्रा 18 अक्टूबर को निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में जो भी मूर्ति बस स्टेशन परिसर में पहले पहुंचेगी उसे ही शोभा यात्रा में प्रथम स्थान पर रखा जाएगा। जो मूर्तियां जिस क्रम से आएंगी। उसी क्रम से उन्हें शोभायात्रा में शामिल किया जाएगा। शोभा यात्रा पटेल चैक केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के पंडाल से शाम काल 06:00 बजे से प्रारंभ की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि भारी मूर्तियो का विसर्जन करने में परेशानी होगी। उसके लिए जेसीबी/क्रेन की व्यवस्था रहेगी। बैठक में सभी समितियो के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

आईजी ने पूजा समितियों के साथ की बैठक

बल्दीराय, सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र में चल रही दुगार्पूजा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बुधवार को आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार व पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा क्षेत्र में पहुंचे तथा स्थानीय थाना पर पहुंचकर थाना परिसर में दुगार्पूजा समितियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा की व समितियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा सुरक्षा दृष्टगति से कहा कि मूर्ति विसर्जन के दिन क्षेत्र में पुलिस प्रशासन हर तरह से सुरक्षा गति विधियों पर नजर बनाए रहेगा जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल मौजूद हैं। आप लोग प्रशासन का सहयोग करें व अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम गामिनी सिंगला, तहसीलदार अरविंद तिवारी, क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत, थाना प्रभारी धीरज आदि मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूलों की प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रदर्शन

- बीईओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को माला पहना कर मेडल से नवाजा

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों का बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नौनिहालों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों के मन मोह लिया।

कुड़वार ब्लॉक के नरही और रवानिया पश्चिम में संकुल प्रभारी मोती खान और मुहम्मद अल्ताफ के संयोजन में न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान ने किया। नरही न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के परिणाम में प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम आर्यन सिंह द्वितीय हर्षित मिश्रा तृतीय महताब खान रहे। प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रिंसी नरही प्रथम अंशिका रेवती द्वितीय, शिवानी तृतीय 100 मीटर प्राथमिक बालिका संवर्ग में जान्हवी प्रथम अंशू द्वितीय उम्मे आयत तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर प्राथमिक बालक संवर्ग में अंकित प्रथम, आर्यन द्वितीय राजन तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर प्राथमिक बालक संवर्ग में मोनू प्रथम रियान द्वितीय हर्षित तृतीय स्थान पाए। 200 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग प्रिंसी प्रथम शिवानी द्वितीय कुमकुम तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ यूपीएस बालक संवर्ग में शैलेश प्रथम, सनी द्वितीय, शहीद तृतीय और बालिका संवर्ग में प्रियंका प्रथम दीपांशी द्वितीय अक्शा तृतीय स्थान पाई। अच्छा प्रदर्शन करने वाले नौनिहालों को बीईओ सुधीर सिंह ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण रजत कांस्य पदक और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौक पर कुड़वार अध्यक्ष निजाम खान, मंत्री बृजेश मिश्रा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धर्मेंद तिवारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह, महताब हुसैन, सुनील कन्नौजिया, सुधीर सिंह, शशांक सिंह, अनिल सिंह लोकेश सिंह, हरीशचंद्र यादव, मुजफ्फर कलीम खान, सुनील यादव अखिलेश यादव, रामपल यादव, राम सुमरन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री रामजी का राजतिलक संपन्न

बाराबंकी। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में प्रभु श्री राम के राजतिलक एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभु श्री राम के अयोध्या वापस आने पर आचार्य प्रमोद पाठक ने बतौर गुरु वशिष्ठ उनका राजतिलक संपन्न कराया। इस दौरान देवताओं ने प्रभु दरबार पर पुष्प वर्षा की। श्रद्धालु एवं समिति के कार्यकताओं ने श्री राम दरबार में शीश नवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पंडित प्रमोद पाठक ने रामचरितमानस की सुमधुर चैपाइयों से पूरे वातावरण में राम रस घोल दिया। श्री राम दरबार और स्वर्ण कांति वाले प्रभु श्री राम का राजा रूप और उनकी मंद मुस्कान मानो हर किसी के रोम-रोम में बस गया। राजतिलक होते ही जय श्री राम का जोरदार उद्घोष श्रद्धालुओं में भक्ति प्रवाह कर गया। कार्यक्रम मे मेरी सहेली ग्रुप लखनऊ की टीम ने भजन प्रस्तुति कर जमकर सराहना बटोरी। तथा प्रस्तुत झांकियों ने मन मोहा।

मत्स्य पालन से कमाये 7 लाख, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना रही कारगर

अमेठी। डीएम निशा अनंत व सीडीओ सूरज पटेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अमेठी के विकास खंड बहादुरपुर के समर बहादुर सिंह पुत्र राम केदार निवासी ग्राम मवई आलमपुर को मत्स्य पालन के लिए चयनित किया गया। उन्होंने अपनी 0.400 हेक्टेयर निजी भूमि पर तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन शुरू किया है। इस परियोजना की कुल लागत 4.40 लाख रही, जिसके बदले उन्हें 7 लाख की आय प्राप्त हुई, जिसमें से 2 लाख शुद्ध लाभ है। समर बहादुर सिंह को इस योजना के तहत मत्स्य पालन के लिए 2.64 लाख का अनुदान भी प्रदान किया गया। उन्होंने योजना से मिले लाभ के बारे में बताया, ₹प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मुझे आर्थिक रूप से सीधा लाभ प्राप्त हुआ है, और इससे मेरा जीवनस्तर बेहतर हुआ है। मत्स्य पालन से 7 लाख की आय समर बहादुर सिंह ने तालाब निर्माण और मत्स्य पालन से 0.400 हेक्टेयर भूमि पर की कमाई। 2.64 लाख का अनुदान मत्स्य पालन योजना के तहत अनुदान सहायता प्रदान की गई ।सीडीओ सूरज पटेल ने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जाए और उन्हें मत्स्य पालन से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का उद्देश्य मत्स्य पालन के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय में वृद्धि करना है। समर बहादुर सिंह की सफलता इस योजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है, जो अन्य किसानों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

शतचंडी यज्ञ संपन्न, हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

भादर , अमेठी । ब्लॉक के सिंगठी पूरे घूरे निवासी रमेश दुबे अपने पूज्य पिता श्री रामकरण दुबे जी की प्रेरणा से अपने संयुक्त परिवार के ओर से आयोजित सत चंडी यज्ञ के बाद महा भंडारे में हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के दौरान 26 विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ड्रेस व बैग, वृद्ध महिलाओं को साड़ी स्वेटर और बुजुर्गों को कंबल वितरित कर समाज में एक सकारात्मक पहल करते हुए यह संदेश दिया कि परहित करना भी एक यज्ञ के बराबर है। परिवार के द्वारा निरंतर क्षेत्र वासियों के लिए अच्छे इलाज के लिए प्रतिदिन होम्योपैथिक दवाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं वही रक्त के अभाव में किसी की भी व्यक्ति की जान ना जाए इसके लिए महापदम नंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन संगठन से मिलकर के घर पर रक्तदान कैंप भी करवाए चुके हैं, वही पर्यावरण के रक्षा हेतु निशुल्क फलदार वृक्ष बाँटकर हजारों लोगों को लब्वनित कर चुके हैं। रमेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान बहुत महान व पुनीत कार्य है इस तरह के मिशन से सभी लोगों को जुड़ना चाहिए वहीं एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, सूर्यनारायण शर्मा को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी एवं राम कथा वाचक गोविंद ओझा ने ओझा कथा वाचक श्री दुर्गा कथा वाचक अयोध्या प्रसाद, दवा वितरक में सहयोग प्रदान करने वाले देवराज उपाध्याय के साथ-साथ संजय दुबे, विजय दुबे, राहुल दुबे, अभिषेक दुबे राम बहादुर शर्मा दूधनाथ शर्मा ने कार्यक्रम में पूरी नजर बनाए रखें।

भक्तों के कल्याण के लिए होता है भगवान का अवतार

अमेठी। भक्त जब आर्त होकर भगवान को पुकारते हैं तो भगवान उनकी रक्षा के लिए दौड़े चले जाते हैं। भगवान के विविध अवतार भक्तों की रक्षा के लिए ही हुए हैं। जीवन में कष्टों निवारण के लिए ईश्वर स्मरण करते रहना चाहिए। क्षेत्र के सैठा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की चौथे दिन कथा व्यास डॉ. काशी नरेश आचार्य जी महाराज ने भगवान की विविध लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास ने गजेंद्र मोक्ष की कथा बताते हुए कहा कि जब ग्राह्य ने गज को पकड़ लिया तो गज ने अत्यंत दुखी भाव से भगवान का स्मरण किया और भगवान ने ग्राह्य को मार कर गज का उद्धार किया। उन्होंने महाराज अंबरीष की कथा अभी सुनाई और एकादशी के महात्म्य का वर्णन किया। देवासुर संग्राम और उसके बाद समुद्र मंथन का रोचक वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि देवताओं की श्रद्धा भगवान के चरणों में थी इसलिए उन्हें अमृत पान करने को मिला। जबकि असुर भगवान को नहीं मानते थे इसलिए उनके हिस्से में विष आया। कथा व्यास ने भगवान राम के अवतार की कथा भी भक्तों को सुनाई। इसके बाद कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरा प्रांगण हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारे से गूंज उठा।

10 विस सीटों के उपचुनाव में हारेंगे विपक्षी दल : अपर्णा

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए बुधवार को दावा किया कि राज्य की 10 विधानसभा सीटों के लिऐ होने वाले उपचुनाव में सभी विरोधी पार्टियों को पराजय का सामना करना पड़ेगा। यादव बाराबंकी में महिला उत्पीड़न की शिकायतों एवं समस्याओं के बारे में जिले के आला अधिकारियों के साथ बैठक करने पहुंची थीं। बैठक के बाद वह बाराबंकी जिला कारागार का निरीक्षण करने भी पहुंचीं और वहां की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों के उपचुनाव का जिक्र होने पर दावा किया, भाजपा सभी सीटों पर विजय पताका लहराएगी और राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी पार्टियों को मुंह की खानी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों गाजियाबाद, मझवां, मीरापुर, खैर, कटेहरी, करहल, सीसामऊ मिल्कीपुर, फूलपुर और कुंदरकी सीटों के लिये उपचुनाव होने हैं। इनमें से चार सीटों फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर पर भाजपा के विधायक थे। वहीं, मीरापुर सीट पर भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल का विधायक था। इसके अलावा पांच सीटों सीसामऊ कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर और कुंदरकी में सपा के विधायक थे। इन सीटों के लिए 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। परिणाम 23 नवंबर को घोषित किये जाएंगे। यादव ने बहराइच जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए उपद्रव को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं, जांच चल रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू व भाजपा नेता अपर्णा यादव ने उन्हें महिला आयोग का अध्यक्ष न बनाकर उपाध्यक्

संक्षेप

गली या सड़क पर कचरा फेंका तो लगेगा जुर्माना

आगरा। अगर आप नगर निगम आगरा की सीमा के बाशिंदे हैं और अपने घर का कचरा बाहर फेंक रहे हैं तो साबधान रहिए व इस आदत को बदल डालिए, अन्यथा आप पर सड़क या गली में कचरा फेंकने पर नगर निगम भारी जुर्माना लगा सकता है। सड़क पर कचरा फेंकते हुए आप आसमान से निगरानी कर रहे ड्रोन कैमरे में कैद कर सकते हैं। और, फिर नगर निगम आप पर भारी जुर्माना लगा देगा। नगर निगम ने दशहरे पर रावण दहन के बाद शहर की गंदगी के निपटारे के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की है। अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि शहर में गंदगी निपटारे के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। डिलीवरी सेवाओं जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट आदि से प्राप्त पैकेजिंग मैटेरियल और कोरियर कचरे में पाए जाते हैं तो उस घर को कचरा के जनक के रूप में चिन्हित कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। निगरानी शुरू कर दी गई है। नगर निगम स्वच्छता कॉरपोरेशन की मदद से डोर टू डोर वाहन भेजकर कचरा एकत्रित कराता है। फिर भी लोग इन वाहनों को कचरा न देकर सार्वजनिक स्थलों पर फेंक रहे हैं। पैकिंग कचरे में आग लगाने से वायु प्रदूषण हो रहा है। अपर नगर आयुक्त ने बताया अगर आपके घर कचरा गाड़ी नहीं जा रही है तो 'मेरा आगरा एप' पर शिकायत कर सकते हैं।

सज्जन मिश्र का आल्हा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज क्षेत्र के सुदनापुर बाजार में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में माता वैष्णो देवी पूजा समिति के संयोजन में बुधवार को पूर्वांचल के मशहूर आल्हा गायक अमऊ सुलतानपुर के सज्जन मिश्र व उनके साथियों ने वीर रस से ओतप्रोत अपनी कई रचनाओं को सुनाकर उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सज्जन मिश्र ने माड़वगढ़ की लडाई का आल्हा के माध्यम से कई खंडों का वर्णन सुनाया... भयो उपस्थित बटपर सैयद भेद बताओ तबही... वीर रस से ओतप्रोत रचनाओं से परिसर गुंजायमान हो गया। परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कोरस पर ओम प्रकाश दूबे, ढोल पर चंदन शर्मा ने सज्जन मिश्र का साथ दिया। इस अवसर पर विनोद तिवारी, मनोज तिवारी, काली प्रसाद, राज बहादुर, राम मूरत तिवारी, असलम, शोभ नाथ, मनोज, सुभाष पांडेय, सुभाष सोनी, प्रदीप, दद्दन मिश्र अजीत मौजूद रहे।

किशोरी को पार्टी के बहाने ले गया घर, पानी पिलाने के बहाने गिलास में शराब दे दी

आगरा। पुलिस प्रशासन के लाख कोशिश के बाद भी शहर में महिला अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला थाना एत्मादौला क्षेत्र का है। जहां पर 14 वर्षीय किशोरी को पानी के बहाने शराब पिलाकर एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। उसे आरोपी ने पार्टी के बहाने घर बुलाया था। पीड़िता ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता सिकंदरा क्षेत्र की है, जो कि हरीपर्वत क्षेत्र के एक अस्पताल में कैंटीन में कार्य करती है। आरोप है कि 10 अक्टूबर को रामबाग का गौरव अस्पताल आया। किशोरी को पार्टी के बहाने अपने घर ले गया। पानी पिलाने के बहाने गिलास में शराब मिलाकर दे दी। इससे किशोरी को नशा हो गया। युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध पर पिटाई की। पुलिस का कहना है कि किशोरी के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे। आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजा जाएगा।

जन्मभूमि पर धूमधाम से मना शरदपूर्णिमा महोत्सव

चंद्रलोक बंगले में विराजमान हो ठाकुरजी ने दिये दर्शन

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि का परंपरागत शरद् महोत्सव आज बुधवार शरद् पूर्णिमा तदनुसार 16 अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्रीकृष्ण सेवा मण्डल के विशिष्ट सहयोग एवं अथक प्रयासों से बड़ी ही भव्यता एवं दिव्यता से मनाया गया। महोत्सव का शुभारम्भ प्रातः 8:30 बजे गौसेवा से हुआ तदोपरान्त भगवान श्रीगिरिराज जी महाराज का पंचामृत महाभिषेक प्रातः 9:30 बजे हुआ। महाभिषेक में सम्मिलित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के अनुपम अलौकिक दर्शन तो प्राप्त किये साथ ही ब्रज के रसिक भक्तों ने प्रस्तुत सुन्दर भजन गायन का आनंद भी लिया। पंचामृत अभिषेक और अद्भुद भजन गायन से अभिभूत होकर श्रद्धालु उद्दाम नृत्य कर रहे थे।

जन्मस्थान पर श्रद्धालुओं को दुग्ध खीर भोग वितरित किया गया जो देर रात्रि 11 बजे तक चलता रहा। प्रातः 11:30 बजे से खीर, मालपुआ, मिष्ठान आदि का दिव्य भण्डारा भी अन्नक्षेत्र प्रांगण में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूप में प्राप्त किया। शरद् पूर्णिमा महोत्सव पर सांय 4 बजे से भगवान श्रीकेशवदेव जी के निज जगमोहन को चन्द्रलोक का स्वरूप प्रदान किया गया। चंद्रलोक में विराजमान श्रीठाकुरजी श्रीकेशव देवजी के श्रीविग्रह के दर्शन से श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति हो रही थी। जन्मस्थान पर स्थित श्रीगिरिराज जी सहित सभी मंदिरों में ठाकुरजी को सांय 5 बजे से छप्पनभोग अर्पित किये गये। छप्पनभोग के मध्य विराजमान ठाकुरजी का स्वरूप अत्यंत मनोहारी लग रहा था। ठाकुरजी को अर्पित छप्पनभोग प्रसाद रात्रि 9 बजे से श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण चबूतरा पर मुरारी लाल तिवारी के निर्देशन में कलाकारों ने परंपरागत महारास लीला का मंचन सांय 7:30 से रात्रि 11:30 बजे महाशयन आरती तक किया। श्रीकृष्ण चबूतरे पर दूधिया प्रकाश से आच्छादित पूर्ण चन्द्र की दिव्य चॉदनी से अभिसिक्त वातावरण में श्रीराधा कृष्ण युगल सरकार की महारास लीला स्थानीय एवं बाहर से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी, अधिकारी एवं श्रीकृष्ण सेवा मण्डल के सेवाभावीजन का विशिष्ट सहयोग रहा।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में हाईकोर्ट का फैसला रिजर्व, रिकॉल पर हुई सुनवाई

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिकॉल प्रार्थना पत्र पर बुधवार को सुनवाई। इसमें हिंदू और मुस्लिम पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया।

श्री कृष्ण जन्म भूमि विवाद के पक्षकार एवं श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया, न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ के समक्ष मंदिर और मस्जिद पक्ष की तरफ से बहस की गई। दोपहर दो बजे से हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हुई जो साढ़े तीन बजे तक चली। पक्ष ने आर्डर सात रूल 11 के तहत दिए गए प्रार्थना को खारिज कर स्वामित्व से जुड़े 15 सिविल वादों को एक साथ सुने जाने के कोर्ट के निर्णय खिलाफ रीकाल प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। की मंदिर पक्ष की तरफ से कहा गया है कि रीकाल प्रार्थना पत्र मामले को उलझाए रखने के लिए है। रीकाल प्रार्थना पत्र किसी आदेश को वापस लेने के लिए दी जाती है। अदालत रीकाल प्रार्थना पत्र निस्तारण करने के बाद सिविल वादों को लेकर वाद बिंदु तय करेगी। मंदिर पक्ष ने वाद बिंदु दे दिए हैं।

ये था मामला

हिंदू पक्ष ने सभी विवादों का एकत्रीकरण कर तत्काल वाद बिंदुओं को तय करके सुनवाई की जाए। मुस्लिम पक्ष की तरफ से इसका विरोध किया गया। कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने सभी मुकदमों की अलग- अलग सुनवाई करने की मांग कोर्ट से की। करीब डेढ़ घंटे तक चली सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले को सुरक्षित कर लिया।

गोसेवा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय का स्वागत किया

टूंडला। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य रमा कांत उपाध्याय का सदस्य बनने के बाद टूण्डला नगर में प्रथम बार आगमन पर भाजपा नेता रूपेश शुक्ला के कार्यालय पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी चलाकर ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी ही धूमधाम से स्वागत किया। स्वागत समारोह में बोलते हुए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य रमा कांत उपाध्याय ने कहा कि गो सेवा का मतलब होता है गाय की देखभाल करना उन्हें आश्रय देना और उनकी जरूरतों का ध्यान रखना उन्होंने आगे कहा कि गाय को पहली रोटी खिलाने से घर मे सुख समृद्धि आती है और माँ लक्ष्मी प्रसन्न होती है हमारे हिन्दू धर्म मे गाय को माता के रूप में पूजा जाता है स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपेश शुक्ला दीपक चौधरी दीपक राजोरिया संजय सिंह परमार मंजू गोड़ शिव दस्टि रावत रघु धाकरे अंकित शर्मा प्रदीप जैन राजेश अग्रवाल डॉ गौतम सिंह नोहवार उदय प्रताप सिंह विष्णु तिवारी गिरवर निशाद ताराचंद दिवाकर आदित्य प्रताप सिंह रमन वाल्मीक चंदा जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर में ब्राह्मण समाज द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों से गोसेवा को आगे आने की बात कही। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र शर्मा व ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा गो-सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय का फूलमाला व पटका पहनाकर जोशीला स्वागत किया। स्वागत समारोह में ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा योगेश उपाध्याय पूर्व सरपंच, दीपक राजौरिया, बनवारी लाल शर्मा, अंकित शर्मा रिकू लवानियां, भोला पचौरी, दिनेश शर्मा, विष्णु तिवारी, विनोद शर्मा, योगेन्द्र उपाध्याय इमलिया वाले मुकेश पचौरी, नरेन्द्र शर्मा, श्यामबिहारी शर्मा, धर्मेंद्र तैनगुरिया दिलीप गौड़ राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

दिवंगत होमगार्ड की पत्नी इंश्योरेंस कंपनी चैक किया प्रदान

मथुरा। जिला कमांडेंट होमगाड्र्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के दिवंगत होमगार्ड ज्ञानेंद्र सिंह की पत्नी संतोष देवी को प्रामेरिका लाइफ

इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा 28 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। मण्डलीय कमांडेंट होमगाड्र्स आगरा घनश्याम चतुर्वेदी, जिला कमांडेंट होमगाड्र्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की मैनेजर आरती सिंह एवं रेनू सिंह की उपस्थिति में दिवंगत होमगार्ड ज्ञानेंद्र सिंह की पत्नी संतोष देवी को चेक प्रदान किया गया। प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी केवल वर्दी धारी संगठन के जवानों का बीमा करती है। कंपनी द्वारा संतोष देवी को 28 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिला कमांडेंट होमगाड्र्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि होमगार्ड द्वारा मात्र दो प्रीमियम जमा किया गया था और बीमारी के कारण होमगार्ड की मृत्यु हुई थी। होमगार्ड विभाग द्वारा एक्सीडेंट में बैंक के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जाती है और होमगार्ड विभाग द्वारा किसी भी दिशा में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए की धनराशि दी जाती है, किंतु प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमारी में भी अगर मृत्यु होती है तब भी उनके आश्रित को 3500 की न्यूनतम किस्त पर 28 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मृतक होमगार्ड के आश्रित को इस तरह की आर्थिक सहायता दिलाने में जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा, इसके लिए मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड आगरा ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ समापन, हुए विविध कार्यक्रम

मथुरा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में परिवहन विभाग मथुरा द्वारा 02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है, इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में बढती हुई मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने एवं सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन किये जाने के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाना है।

इसी क्रम में आज सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन माँट टोल प्लाजा पर किया गया, जिसमें अभिनव जैन (एसडीएम माँट), एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव, गुंजन सिंह पुलिस उपाधीक्षक मॉट, राजेश राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम दल) मथुरा, शौर्य कुमार (टीएसआई), भुवनेश कुमार दीक्षित चैकी इंचार्ज मांट, भरत सिंह राठौर (एजीएम टोल), जेके शर्मा (सीनियर मेनेजर जेवर टोल प्लाजा), तुलसीराम गुर्जर (सीनियर मेनेजर आगरा टोल प्लाजा), विशान शर्मा (एडमिन मेनेजर ऐटीपी), देवेन्द्र सिंह वीरगोटा (टोल मेनेजर), लोकेन्द्र (असिस्टेंट मेनेजर सीआर) एवं बस, ट्रक, ई रिक्शा, टेक्सी यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड के द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया, डॉक्टर्स की टीम में डॉ रिक्की मित्तल (आई सर्जन), डॉ मयंक भास्कर (फिजीसियन), डॉ निर्देश गर्ग (मेडीकल ऑफीसर यमुना एक्सप्रेस-वे) मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम ऐक्सप्रेस-वे से गुजरने वाले बस, ट्रक एवं अन्य व्यवसायिक चालकों नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प के माध्यम से (नेत्र परीक्षण- 45, तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण-63) इस प्रकार कुल 108 चालक/परिचालक का हेल्थ परीक्षण किया गया। एसपी ट्रेफिक द्वारा समारोह में उपस्थित समस्त चालकों एवं टोल कर्मियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलाई गयी।

आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को 915 एरियर मिलने पर नगर आयुक्त का किया स्वागत अभिनंदन

आगरा। नगर निगम कर्मचारियों का वेतन और बोनस दीपावली से पूर्व कराने के लिए नगर आयुक्त से मिला महासंघ। आज 15 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ आगरा का एक प्रतिनिधिमंडल विनोद इलाहाबादी के नेतृत्व में संभव दिवस में बैठे नगर आयुक्त अंकित खण्डेलवाल एवं अपर नगर आयुक्त सुरेन्द्र प्रसाद यादव से मिला और मिलकर बताया कि उत्तर प्रदेश में पहली बार आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को 915 रुपए अप्रैल मई माह का एरियर का भुगतान आप दोनों के प्रयास से महासंघ के मांगपत्र पर हुआ है आज भुगतान होने पर महासंघ के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त का एक एक साफा और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि आप इसको आधार बनाकर पूरे प्रदेश की अन्य नगर निगम नगर पालिका परिषद नगर पंचायतों में इसका लाभ दिलवाए इलाहाबादी ने बताया कि शासन से वेतन बढ़ोतरी होने के बाद कहीं एक दो महीने कहीं चार पांच महीने बाद उनके वेतन में वृद्धि की जाती है परन्तु उनका एरियर कभी नहीं मिला इलाहाबादी ने आज देश के सबसे बड़े त्योहार दीपावली से पूर्व वेतन एवं बोनस देने का भी एक ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपा जिसमें नगर आयुक्त ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए की हर हाल में इनका वेतन बोनस दीपावली से पूर्व आहरित किया जाये जिससे किसी भी कर्मचारी को दीपावली त्यौहार बनाने में दिक्कत नहीं हो संभव दिवस में अपर नगर आयुक्त द्वितीय सत्येन्द्र तिवारी उप नगर आयुक्त श्रीमती सरिता सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव वर्मा सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम विनोद इलाहाबादी हरीबाबू वाल्मीकि मोहन गुलजार आदि मौजूद रहे।

विद्यालय में नागरिक शास्त्र मेली आयोजित

फिरोजाबाद। श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में विद्यालय में प्रथम बार नागरिक शास्त्र मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 11 एवं 12 के नागरिक शास्त्र विषय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। नीरज कुमार जैन ने विद्यार्थियों के पोस्टर, क्राफ्ट का अवलोकन करते हुए उनकी प्रशंसा की। इसके साथ ही उनसे विषय से सम्बंधित प्रश्न भी पूँछे। उन्होंने बताया कि इस मेले को लेकर विद्यार्थी उत्साह से परिपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि नागरिक शास्त्र मेले में विद्यार्थियों के अन्दर सीखने की प्रवृत्ति में वृद्धि हुई है। इस मेले में विद्यार्थियों ने नागरिक शास्त्र विषय के विभिन्न प्रकरणों जैसे भारत का संविधान, मौलिक अधिकार, आम चुनाव, वैश्वीकरण, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, राष्ट्र निर्माण की चुनौतियां, भारत के विदेश सम्बंध, पर्यावरण, विश्व में सुरक्षा, न्यायालय, नीति निदेशक तत्व, समानता आदि पर अपने पोस्टर, क्राफ्ट प्रस्तुत किए। जिनमें मोहिनी एवं हिमानी प्रथम, निवेदिता मिश्रा एवं मोनिका द्वितीय, ज्योति, कुलसुम, तान्या यादव एवं सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन सत्यपाल सिंह, शैलेन्द्र कुमार जैन, धीरज जैन एवं परेश जैन ने किया। सभी विजयी प्रतिभागियों एवं प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित भी किया गया। मेले में संजय कटारा प्रशांत जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, अंजय जैन, विष्णुमणि निर्भय जैन आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

जिले की सड़कें गड्ढा मुक्त न हुईं तो संबंधित विभाग कड़ी कार्रवाई के लिए रहे तैयार

आगरा। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी जिले की सड़कों को अभी तक गड्ढा मुक्त नहीं किए जाने पर बेहद सख्त दिखाई दिए। जिलाधिकारी ने जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के संबंध में एक अहम बैठक जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधीनस्थों की जमकर क्लास लगाई। अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया। कि जनपद में उनके विभाग के अंतर्गत आने वाली 50 प्रतिशत सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है तथा शेष पर गड्ढा मुक्ति का कार्य त्वरित गति से संचालित है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए।

तीन दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा गड्ढा मुक्ति का कार्य

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि उनके अधीन सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया परिचालित है, जो कि 21 अक्तूबर को पूर्ण होगी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सड़कों को गड्ढा मुक्ति का कार्य तीन दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में मंडी सचिव ने अवगत कराया कि उनके अधीन आने वाली सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना शासन को भेजी जा चुकी है और प्रकरण अभी शासन स्तर पर लंबित है, उक्त के सम्बंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उनके ओर से शासन को पत्राचार करने के मंडी सचिव को निर्देश दिए गए। ए एम ए जिला पंचायत ने बताया कि उनके अधीन सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए।

सड़कों को गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें

जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दीपावली पर्व से पूर्व जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विभाग द्वारा संबंधित सड़कों को दीपावली पर्व से पहले गड्ढा मुक्ति नहीं किया गया तो सबंधित की जिम्मेदारी का निर्धारण करते हुए कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उक्त के अतिरिक्त उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के प्रमुख मार्गों की मरम्मत का कार्य पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

मोर मुकुट कटि काछिनी, कर मुरली उर माल यहि बानिक मो मन बसौ सदा बिहारीलाल...

मथुरा। वृंदावन में शरद पूर्णिमा बुधवार श्वेत वस्त्रों में बांसुरी धारण कर बांके बिहारी महाराज ने भक्तों को दर्शन दिए। आराध्य के दर्शन करने को जनसैलाब उमड़ पड़ा। तीर्थनगरी वृंदावन स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर

बुधवार को आराध्य ने श्वेत वस्त्र में भक्तों को दर्शन दिए। महारास के मोहन वस्त्राभूषण, सिर पर मोर मुकुट और होठों पर मुरली धारण कर बांकेबिहारी महाराज के भक्तों को मनोहारी दर्शन दिए। वर्ष में एक बार इन विशेष दर्शनों की एक झलक पाने को भक्तों का उमड़ पड़े। ठा. बांकेबिहारी मंदिर में आराध्यदेव प्रभु बांकेबिहारी की विशेष पूजा-अर्चना की। प्रभु दर्शन के लिए पट खुलते ही देश-विदेशों से आए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में शरद पूर्णिमा की अद्भुत छटा भक्तों को दर्शन के दौरान देखने को मिली। प्रभु ने भक्तों को शरद पूर्णिमा के दिन विशेष पोशाक कमर पर बंधी कटि काछनी में दर्शन दिए। मंदिर के सेवाधिकारी शुभम गोस्वामी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन ठाकुरजी महारास के दर्शन भक्तों को देते हैं। उनको चंद्र कला और मेवाओं की खीर का भोग सेवित किया गया।

आलू के सड़े बीज की जांच करने पहुंचे उद्यान निरीक्षक

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। किसानों द्वारा लाए गए उद्यान पार्क अमहट से आलू के बीज सड़े होने पर मामले की जांच करने उद्यान निरीक्षक पहुंचे। बुधवार को उद्यान निरीक्षक मोतिगरपुर विजय सिंह गोरसरा गांव के किसान अजय वर्मा, पारसपट्टी गांव के किसान अशोक वर्मा व हांसापुर में कपिलदेव सिंह के यहां आलू बीज की जांच करने पहुंचे। उन्होंने किसानों के घर पर आलू बीज का बारीकी से निरीक्षण किया। बताते चलें कि मंगलवार को किसान अजय वर्मा व कपिलदेव सिंह ने सड़े हुए आलू बीज उद्यान विभाग द्वारा मिलने की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से जिलाधिकारी से की थी। उद्यान निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच किया गया है रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

महिला आयोग की सदस्या ने की जनसुनवाई

फिरोजाबाद। मिशन शक्ति 5 के अन्तर्गत राज्य महिला आयोग सदस्य उप्र मीना कुमारी ने महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जागरूक करने तथा जनपद फिरोजाबाद में महिलाओं पर होने वाली हिंसा उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु महिला जन सुनवाई का आयोजन निरीक्षण भवन, निकट आयकर कार्यालय, सिविल लाइन दबरई फिरोजाबाद में किया। जिसमें कृति राज एसडीएम फिरोजाबाद मिथलेश कुमार सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी अंकित वर्मा डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय फिरोजाबाद, नरेन्द्र मोहन जिला सूचना अधिकारी अरविन्द कुमार बाल विकास परियोजना अधिकारी, उपेन्द्र सिंह बीइओ, रंजना गुप्ता थानाध्यक्ष थाना मटसैना गीता कुमारी महिला-उप निरीक्षक महिला सहायता प्रकोष्ठ, सतीश कुमार पर्यवेक्षक समाज कल्याण विपिन मिश्रा आंकड़ा विश्लेषक अंजली वर्मा

सामाजिक कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे। महिला जन सुनवाई के दौरान 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 7 प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही हेतु सदस्या ने सम्बन्धित थानाध्यक्ष से दूरभाष से वार्ता कर निर्देशित किया कि उक्त प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही कर महिला आयोग को अवगत करायें। जन सुनवाई में उपस्थित थानाध्यक्ष मटसैना को निर्देशित किया गया उक्त प्रकरणों की मॉनीटरिंग करें तथा कार्यवाही से 7 दिन के अन्दर अवगत करायें। साथ ही महिलाओं के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं कमशः निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के विषय में विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की गयी।

महिला जन सुनवाई करनें के उपरान्त महिला आयोग सदस्या द्वारा वन स्टॉप सेन्टर फिरोजाबाद का निरीक्षण किया गया, जिसमें वन स्टॉप सेन्टर के भवन की स्थिति अच्छी नहीं पायी गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी को अतिशीघ्र विभागीय भवन में वन स्टॉप सेन्टर को शिफ्ट करनें हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि बजट प्राप्त न होनें के कारण सेन्टर का विभागीय भवन निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है, जिस कारण वन स्टॉप सेन्टर को विभागीय भवन में हस्तांतरित नहीं किया जा सका है। जिस पर सदस्या द्वारा पुनः निर्देशित किया गया कि किसी अन्यत्र सरकारी भवन में वन स्टॉप सेन्टर को शिफ्ट करायें। वन स्टॉप सेन्टर के निरीक्षण उपरान्त सदस्या द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, दबरई सिविल लाइन फिरोजाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के कक्षों तथा रसोईघर में गन्दगी पायी गयी। जिस पर सदस्या द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीइओ को निर्देशित किया गया कि साफ-सफाई की व्यवस्था सही करायें।

अज्ञात वाहन दुर्घटना में घायल गौ वंश का उपचार कराया

टूंडला। अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा नगर के तेल मिल रोड पर अज्ञात वाहन दुर्घटना में गम्भीर रूप घायल गौ वंश का उपचार कराया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने कहा कि बुधवार सुबह नगर के तेल मिल रोड के वाशिंदों ने सूचना दी कि एक निराश्रित गौ वंश वाहन दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया है जिसके पैर में बहुत खून बह रहा है इस पर तत्काल पशु चिकित्सक को बुला कर उक्त गौ वंश का उपचार कराया। अगर नगर में किसी भी सज्जन को निराश्रित घायल और बीमार गौ वंश मिले तो तुरन्त हमारे सब्जी मंडी स्टेशन रोड कार्यालय पर आकर सूचना करें अंतराष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ गौ वंशो की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक भवानी सिंह, नरेन्द्र चक डॉ मुकुल कुमार डॉ.गौरव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

सैमसंग ने किया गैलेक्सी इकोसिस्टम का विस्तार

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज भारत में अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी रिंग की प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। गैलेक्सी रिंग एक पारंपरिक अंगूठी की तरह आराम से उंगली में फिट हो जाती है, लेकिन इसमें गैलेक्सी की अत्याधुनिक एआई तकनीक और सेंसर लगे हुए हैं, जो एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। गैलेक्सी रिंगको टिकाऊ बनाने के लिए इसमें टाइटेनियम फिनिश दिया गया है और यह पानी और धूल से बचाने के लिए आईपी68 रेटिंग के साथ आती है। इसे 100 मीटर गहरे पानी में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

फैबइंडिया क्रॉस-कैटेगरी फैशन की नयी रेंज लॉन्च

वाराणसी। फैबइंडिया क्रॉस-कैटेगरी फैशन करवा चौथ पर कॉटन सिल्क बुनी साड़ी की नवीनतम रेंज लेकर आया है, वाइन रंग की यह साड़ी जो करवा चौथ जैसे त्यौहारों के लिए गहरे, समृद्ध रंगों को पसंद करने वालों के लिए बिल्कुल सही है। एक बेहतरीन कंट्रास्ट बनाने के लिए इसे पेस्टल पिंक या ब्लश ब्लाउज के साथ पहनें। लाल मोडल टाई और डाई साड़ी यह लाल मोडल टाई-डाई साड़ी पारंपरिक शान का एक आधुनिक रूप है। मुलायम मोडल फैब्रिक से बनी यह साड़ी आराम और स्टाइल दोनों प्रदान करती है, जो इसे करवा चौथ के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है।

कोलगेट स्ट्रॉन्ग टीथ का नया कैम्पेन #द डेली ग्राइंड लॉन्च

नई दिल्ली। ओरल केयर में मार्केट लीडर कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने कोलगेट स्ट्रॉन्ग टीथ ब्रांड के तहत अपना नवीनतम अभियान #द डेली ग्राइंड लॉन्च किया है। यह अभियान भारत भर में खाने की फ्रीक्वेंसी में बढ़ोत्तरी को दर्शाता रहा है जिसके परिणामस्वरूप दांत कमजोर होते हैं, जिससे संपूर्ण ओरल हेल्थ प्रभावित होता है। इसे परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि 44 फीसद भारतीय दिन के किसी भी समय कुछ न कुछ खाते या पीते रहते हैं।

मलाबार की 20 नये शो रूम खोलने की योजना

मुंबई। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉस एंजिल्स में यूएस का अपना फ्लैगशिप शोरूम खोला है। यह उत्तरी अमेरिका में मलाबार समूह के विकास का अहम पड़ाव है। यह अमेरिका में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का पांचवां और अब तक का सबसे बड़ा शोरूम है। शोरूम के उद्घाटन समारोह की अगुवाई कैलिफोर्निया की कांग्रेस वुमन मिशेल स्टील ने किया। इस अक्टूबर में वैश्विक स्तर पर 20 नए शोरूम खोलने की अपनी योजना का ऐलान करते हुए उत्साहित हैं।

भारत की तस्वीर बदल रही है जनरेशन जेड

नई दिल्ली। भारत में जेनरेशन जेड, यानी जेन जेड, 377 मिलियन की विशाल आबादी के साथ सबसे बड़ी जनसंख्या समूह है। इनकी अनोखी सोच और खरीदारी की शक्ति बिजनेस और मार्केटिंग की दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। स्नैप इंक. ने इस जनरेशन की गहरी समझ हासिल करने के लिए द $2 ट्रिलियन अपॉर्च्युनिटीः हाउ जेन जेड इज शेपिंग द न्यू इंडिया नामक एक रिपोर्ट को जारी किया है।

ग्लो-टर्निटी टूर का आयोजन

बंगलुरू। नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल ने हाल ही में अपने प्रमुख आयोजन ग्लो-टर्निटी का सफल ट्रि-सिटी टूर पूरा किया। यह शैक्षिक सेमिनार सीरीज सैलून पेशेवरों और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का उद्देश्य रखती है। कोची, दिल्ली और बेंगलुरु में आयोजित सेमिनारों ने 750 से अधिक सैलून पेशेवरों को आकर्षित किया।

फ्रीडम एड मिडनाइट में सिद्धांत का लुक रहा चर्चा में

मुंबई। सिद्धांत गुप्ता ने हाल ही में सोशल मीडिया पर सुर्खियाँ बटोरी हैं। गौरतलब है कि सोनी लिव के बहुप्रतीक्षित पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट में पंडित जवाहरलाल नेहरु का उनका लुक काफी चर्चा में है। यह सीरीज भारत की आजादी की लड़ाई पर आधारित है। इसमें उन महत्वपूर्ण घटनाओं तथा मशहूर हस्तियों के बारे में बताया गया है, जिनका देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरु उन्हीं हस्तियों में से एक हैं। जाने-माने सिद्धांत गुप्ता इस प्रमुख किरदार को अदा करेंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग करना कोई आसान काम नहीं था।

सेंसेक्स में 319 अंकों की गिरावट

मुंबई। विदेशी कोषों की लगातार निकासी और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वाहन क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से स्थानीय बाजारों में गिरावट रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 319 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 25,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहा और 318.76 अंक यानी 0.39 प्रतिशत फिसलकर 81,501.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 461.86 अंक गिरकर 81,358.26 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 86.05 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,971.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, आईटीसी और टाइटन के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनियों की आय कम होने की आशंका के कारण बाजार में नकारात्मक रुझान के साथ सीमित दायरे में कारोबार हुआ। इससे प्रीमियम मूल्यांकन की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। दूसरी तिमाही में आय वृद्धि की रफ्तार सुस्त होने की आशंका है। ऐसा फीकी मांग और कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण हो सकता है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि स्मॉलकैप में 0.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में 1.17 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.97 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि दूरसंचार खंड ने 0.91 प्रतिशत और रियल्टी खंड ने 0.64 प्रतिशत की तेजी हासिल की। बाजार नकारात्मक धारणा के असर में एक दायरे में रहे क्योंकि निवेशकों ने चुनिंदा शेयरों में मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। कमजोर वैश्विक संकेतों ने भी बाजार की समग्र कमजोरी को बढ़ाने का काम किया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी घरेलू कारोबारी सतर्क हो गए हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,748.71 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध रूप से बिकवाली की।

गुणवत्ता पर ध्यान दें, निर्यात प्रतिस्पर्धा सरकारी सब्सिडी से नहीं आयेगीः गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से कहा कि वह वैश्विक बाजारों का दोहन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने पर ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सरकारी सब्सिडी या समर्थन से पूरी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है, क्योंकि उद्योग जगत को यह स्वीकार कराना एक कठिन काम है कि उन्हें गुणवत्ता वाला सामान बनाना चाहिए।

सरकार को शुरुआत में गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों पर उद्योग से भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। मंत्री ने कहा कि हमारी निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सब्सिडी या सरकारी समर्थन से नहीं आने वाली है। यह दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए हमारे दरवाजे बंद करने से नहीं आने वाली है। अगर हम आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो यह तभी हो सकता है जब भारत आत्मविश्वासी होगा और यह आत्मविश्वास तभी आएगा जब हम सभी यह तय करेंगे कि गुणवत्ता हमारा काम नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय उद्योग किसी ऐसे उत्पाद में प्रतिस्पर्धी नहीं है, जिसे आयात किया जा सकता है, तो उद्योग को प्रतिस्पर्धा की दिशा में काम करना होगा जहां उसे अन्य देशों के साथ तुलनात्मक लाभ हो। सरकार देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जैसे कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि 2014 तक 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में सरकार ने 732 उत्पादों को कवर करते हुए 174 ऐसे आदेश जारी किए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक लोग बेहतर गुणवत्ता मानकों के साथ जुड़ सकें। ये आदेश घटिया उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाने, अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने तथा उपभोक्ताओं के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। आदेश के अनुसार, किसी वस्तु का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात व भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उस पर भारतीय मानक ब्यूरो का चिह्न न लगा हो।

भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर अगले दौर की वार्ता नवंबर में होने की उम्मीद

नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए अगले दौर की वार्ता नवंबर में होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ब्रिटेन में 30 अक्टूबर को बजट पेश किया जाएगा और उसके बाद हमें उम्मीद है कि ब्रिटेन अगले दौर की वार्ता के लिए आगे आयेगा।

ब्रिटेन के अधिकारी अपने नए मंत्रियों को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं। प्रस्तावित एफटीए के लिए भारत-ब्रिटेन वार्ता जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देश में आम चुनाव के मद्देनजर 14वें दौर की वार्ता रुक गई थी। वस्तु एवं सेवा दोनों क्षेत्रों में मुद्दे लंबित हैं। भारतीय उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों से अपने कुशल पेशेवरों के लिए ब्रिटेन के बाजार में अधिक पहुंच की मांग कर रहा है। इसके अलावा भारत शून्य सीमा शुल्क पर कई वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच की भी मांग कर रहा है। दूसरी ओर, ब्रिटेन स्कॉच व्हिस्की, इलेक्ट्रिक वाहन, भेड़ के मांस, चॉकलेट और कुछ कन्फेक्शनरी वस्तुओं जैसे सामानों पर आयात शुल्क में महत्वपूर्ण कटौती की मांग कर रहा है। ब्रिटेन दूरसंचार, कानूनी तथा वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में भारतीय बाजारों में ब्रिटेन सेवाओं के लिए अधिक अवसरों की तलाश कर रहा है।

सोने में 250 और चांदी में एक हजार की उछाल



नयी दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

मंगलवार को पिछले सत्र में सोना 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ताजा लिवाली के कारण चांदी भी 1,000 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को यह 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये उछलकर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 78,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में तेजी की वजह स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मजबूत मांग को बताया। इसके अलावा, शेयर बाजारों में गिरावट से भी सोने में तेजी को बल मिला क्योंकि निवेशकों ने सोने जैसी सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की ओर रुख किया।

ट्रस्ट एमएफ स्मॉल कैप फंड का अनावरण

मुंबई। ट्रस्ट म्यूचुअल फंड को ट्रस्ट एमएफ स्मॉल कैप फंड, एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम, पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो स्मॉल कैप शेयरों पर केंद्रित है। यह नया फंड निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआई इंडेक्स के खिलाफ बेंचमार्क किया जाएगा, जो निवेशकों को उच्च-विकास वाले क्षेत्रों और उभरती थीम्स तक पहुंचने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करेगा। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा।

देश का निर्यात सितंबर में 34.58 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। देश के वस्तु निर्यात में दो महीने की गिरावट के बाद सितंबर में मामूली बढ़त दर्ज की गई है। सितंबर में निर्यात 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 34.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में आयात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हो गया, जो सितंबर, 2023 में 54.49 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात तथा निर्यात के बीच का अंतर) 20.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अगस्त में यह 10 महीने के उच्चतम स्तर 29.65 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया था। भारत के वस्तु निर्यात में अगस्त माह में सालाना आधार पर 9.3 प्रतिशत और जुलाई में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में निर्यात एक प्रतिशत बढ़कर 213.22 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.16 प्रतिशत बढ़कर 350.66 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 137.44 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सितंबर और इस वित्त वर्ष के पहले छह महीने में निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

आयातित कोयला बिजलीघर दिसम्बर तक पूरी क्षमता से काम करेंः मंत्रालय

नयी दिल्ली। विद्युत मंत्रालय ने देश में बिजली की बढ़ती मांग के बीच आयातित कोयले का उपयोग करने वाले सभी बिजलीघरों से अगले ढाई महीने यानी 31 दिसंबर तक पूरी क्षमता पर काम करने को कहा है।

मंत्रालय ने इस साल की शुरुआत में बिजली अधिनियम की धारा 11 का उपयोग करते हुए आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाने के लिए कहा था। बिजली मंत्रालय ने आयातित कोयले का उपयोग कर बिजली संयंत्र चला रहीं 15 कंपनियों को लिखे एक पत्र में कहा, देश में बिजली मांग की स्थिति को देखते हुए, आयातित कोयला आधारित बिजलीघरों के लिए धारा 11 के निर्देश की समय अवधि को 31 दिसंबर, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय किया गया है। इससे पहले, मंत्रालय ने 12 अप्रैल को 15 आयातित कोयला-आधारित तापीय बिजली परियोजनाओं को एक नोटिस में कहा था, अब आयातित कोयला-आधारित संयंत्रों वाली बिजली उत्पादक कंपनियों के लिए धारा 11 निर्देश की समयसीमा को 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने अक्टूबर, 2023 में इन आयातित कोयला-आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने की समयसीमा एक नवंबर, 2023 से बढ़ाकर 30 जून, 2024 कर दी थी।

गोडैडी एयरो भारतीय उद्यमियों का समय बचाने में कर रहा है मदद

नई दिल्ली। गोडैडी ने पाया कि 94 फीसद भारतीय छोटे व्यवसाय मालिक मानते हैं कि उनके व्यवसायों में एआई लागू करने से उनके निचले लाभ स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एआई को लागू न करने के शीर्ष तीन कारणों में उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता की कमी (50 फीसद), लाभों की समझ की कमी (45 फीसद), संभावित लागत (43 फीसद) और इन टूल्स को लागू करने के लिए समय की कमी (29 फीसद) शामिल हैं। जनरेटिव एआई का उपयोग तेज और आसान बनाने के लिए, गोडैडी ने गोडैडी एयरोट्रु लॉन्च किया, जो एक एआई-पावर्ड अनुभव है।

स्कोडा इंडिया ने पेश किया नया काइलैक

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो ने इस साल फरवरी में कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं का स्पष्ट संकेत दिया था। देशभर में हुए नामकरण अभियान के बाद इस नई एसयूवी को काइलैक नाम मिला। इसका ग्लोबल प्रीमियर 6 नवंबर 2024 को किया जाएगा। काइलैक के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया अपने ग्राहकों को अलग-अलग रेंज की गाड़ियों का विकल्प देने जा रही है, जिसमें कोडियाक जैसी लक्जरी एसयूवी और कुशाक जैसी मिड-साइज एसयूवी शामिल हैं, जो इंडिया 2.0 परियोजना के तहत लॉन्च की गई थी। भारत के तेजी से बढ़ते कार बाजार में लगभग 30प्रतिशत हिस्सेदारी पर कब्जा कर चुकी स्कोडा ऑटो, काइलैक को 4 मीटर से कम श्रेणी में लाएगी, जो कॉम्पैक्ट एसयूवी की श्रेणी में आती है। यह श्रेणी भारत में बेहद लोकप्रिय हो रही है।

रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 84 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार के बाद चार पैसे की बढ़त के साथ 84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की घटती कीमतों से निवेशकों की कारोबारी धारणा को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मजबूत डॉलर और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के कारण रुपये पर दबाव पड़ा, जबकि कमजोर कच्चे तेल की कीमतों और भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी संभावित हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.03 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.98 से लेकर 84.07 प्रति डॉलर के दायरे में रहने के बाद अंत में चार पैसे की तेजी के साथ 84 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 84.04 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच विदेशी कोषों की निकासी से रुपये में गिरावट रही। अक्टूबर में कुल मिलाकर विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आठ अरब डॉलर की निकासी की है। इससे रुपये की धारणा प्रभावित हुई है। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशक बृहस्पतिवार को आने वाली अमेरिकी खुदरा बिक्री और बेरोजगारी दावों की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो अमेरिका में नीतिगत दरों के भविष्य के मार्ग के बारे में संकेत देंगे। इससे डॉलर को महत्वपूर्ण दिशा मिल सकती है।

फ्लिपकार्ट ने ओरिएंटेशन वर्कशॉप का किया आयोजन

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर वाराणसी में ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों को फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर कदम रखने, अपने उत्पादों को लिस्ट करने और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपना कारोबार बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी, समझ एवं जरूरी टूल्स प्रदान करते हुए सशक्त करना था। फ्लिपकार्ट समर्थ ने पूरे देश में 18 लाख से ज्यादा आजीविकाओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विकास के नए अवसर प्रदान करते हुए स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण महिला उद्यमियों को समर्थन देने में अहम भूमिका निभा रहा है।

पेज एक का शेष

नौ जिलों में

में विधानसभा उपचुनाव होने पर पूरे जिले में आचार संहिता लागू हो जाती है।केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा यूपी की मंगलवार को उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों का ऐलान कर दिया है। 2022 विधानसभा चुनावों के नतीजों को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका की वजह से चुनाव आयोग अधिसूचना में अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा में उपचुनाव की घोषणा नहीं की गई। 2022 विधानसभा चुनाव प्रक्रिया में सपा प्रत्याशी के दस्तावेजों में कानूनी चूक को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ को 13 हजार से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा नेता के अधिवक्ता रुद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सपा नेता के दस्तावेजों में गलत हलफनामा दाखिल किया गया था। अभी सपा नेता अवधेश प्रसाद वहां से विधायक भी नहीं हैं जिस वजह से याचिका का औचित्य नहीं रह गया है। एक दो दिन में उच्च न्यायालय में याचिका को वापस लेने की अपील करेंगे। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे भाजपा प्रत्याशी बाबा गोरखनाथ की कोर्ट में याचिका के चलते उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है।

न्याय की देवी

ने ले ली है। सुप्रीम कोर्ट में जजों के पुस्तकालय में ये मूर्ति लगाई गई है। ताकि यह संदेश दिया जा सके कि देश में कानून अंधा नहीं है और गलती करने पर कड़ी सजा का भी प्रविधान है। आंखों पर पट्टी कानून के समक्ष समानता को दशार्ती है, जिसका अर्थ है कि अदालतें अपने सामने आने वाले लोगों की संपत्ति, शक्ति या स्थिति के अन्य चिह्नों को नहीं देख सकती हैं, जबकि तलवार अधिकार और अन्याय को दंडित करने की शक्ति का प्रतीक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में स्थापित की गयी नयी मूर्ति में आंखें खुली हैं और तलवार की जगह संविधान को बाएं हाथ में रखा गया है। इस कदम को औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है, ठीक उसी तरह जैसे भारतीय दंड संहिता जैसे औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को भारतीय न्याय संहिता से बदलकर किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का मानना है कि भारत को ब्रिटिश विरासत से आगे बढ़ना चाहिए और कानून कभी अंधा नहीं होता, यह सभी को समान रूप से देखता है। इसलिए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्याय की देवी का रूप बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मूर्ति के एक हाथ में संविधान होना चाहिए न कि तलवार, ताकि देश को यह संदेश जाए कि वह संविधान के अनुसार न्याय करती हैं। एक सूत्र ने बताया कि तलवार हिंसा का प्रतीक है, लेकिन न्यायालय संवैधानिक कानूनों के अनुसार न्याय करते हैं।सूत्र ने बताया कि न्याय के तराजू को दाहिने हाथ में इसलिए रखा गया है क्योंकि यह समाज में संतुलन का प्रतिनिधित्व करता है और यह विचार कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले न्यायालय दोनों पक्षों के तथ्यों और तर्कों को तौलता है।

राजधानी में

10 हजार लोगों की क्षमता वाले इस कन्वेंशन सेंटर में अलग-अलग ऑडिटोरियम होंगे। बैठक कक्ष, वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है। विशाल परिसर में पंचतत्वों को प्रदर्शित करती विशेष 'पंच वाटिका' आकर्षण का केंद्र होगी।

केंद्रीय कर्मियों

होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को वाराणसी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दे दी। इस पर 2,642 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रस्तावित परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल और अन्य बुनियादी ढांचा सुविधाओं को आधुनिक बनाने के अलावा वाराणसी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) जंक्शन मार्ग के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन को शामिल करना शामिल है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना परिचालन को आसान बनाएगी और भीड़भाड़ को कम करेगी। इससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर जरूरी ढांचागत सुविधाओं का विकास होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय में कहा गया है, वाराणसी रेलवे स्टेशन, भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यह प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ता है और तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय आबादी के लिए प्रवेश द्वार के रूप में काम करता है। बयान के अनुसार, यात्री और माल ढुलाई दोनों के लिए महत्वपूर्ण वाराणसी-डीडीयू जंक्शन मार्ग, कोयला, सीमेंट और खाद्यान्न जैसे सामान के परिवहन के साथ-साथ बढ़ती पर्यटन और औद्योगिक मांग को पूरा करने में अपनी भूमिका के कारण भारी भीड़ का सामना करता है। इसमें कहा गया है, इस मुद्दे का हल करने के लिए, बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। इसमें गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल और तीसरी और चौथी रेलवे लाइन बनाने का काम शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य क्षमता, दक्षता में सुधार करना और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है।७

वाराणसी में

को डाफी बाइपास से आना होता है। इससे समय और ज्यादा डीजल खर्च करना होता है। काशी स्टेशन के पास से शुरू होने वाले पुल के बनने से एक साथ यहां पर चार तरह की पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। काशी स्टेशन के ठीक बगल में ही नमो घाट के पास गंगा पर फेरी सर्विस, हेली सेवा, रोपे-वे और रोड ट्रांसपोर्ट की सेवा एक ही स्थान पर मिल सकेगी। यहीं पर विश्व का सबसे बड़ा पानी पर तैरता सीएनजी स्टेशन भी पहले से स्थापित है। नए प्रोजेक्ट के लिए रेलवे, पीडब्लूडी, नगर निगम, जल-कल सभी की एनओसी पहले ही मिल चुकी है। चार साल में होगा तैयार पुल के बारे में जानकारी देते हुए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपनी प्रजेंटेशन में बताया कि इसका डीपीआर भी फाइनल हो गया है। चार लेन का रेलवे ट्रैक और सिक्सलेन की ऊपर सड़क का ब्लू प्रिंट भी साझा किया। रेलमंत्री ने बताया कि आने वाले 100 साल पहले की रेलवे और सड़क यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा।

वीवीआईपी सुरक्षा

बताया कि संसद में पिछले साल सुरक्षा में चूक का मामला सामने आने के बाद संसद की सुरक्षा सीआरपीएफ से सीआईएसएफ को सौंप दी गई थी। सूत्रों के अनुसार नया कार्यभार संभालने की प्रक्रिया के तहत आंध्र प्रदेश पुलिस की एक टीम हाल में अपने मुख्यमंत्री की सुरक्षा को एनएसजी से बदलकर सीआरपीएफ को सौंपने के मद्देनजर दिल्ली में थी। सूत्रों के अनुसार, इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं। 40वां स्थापना दिवस मना रही है एनएसजी केंद्र सरकार ने एनएसजी को 'पुनर्गठित' करने और अयोध्या में राम मंदिर के पास और देश के दक्षिणी हिस्से में स्थित कुछ महत्वपूर्ण संपत्तियों के आसपास कुछ उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'स्ट्राइक टीम' को बढ़ाने और तैनात करने के लिए अपनी श्रमशक्ति का उपयोग करने का फैसला किया है। 'ब्लैक कैट' कमांडो को दो दशक से अधिक समय पहले इस काम में लगाया गया था। यह काम 1984 में बल की अवधारणा और स्थापना के समय मूल रूप से इसके लिए निर्धारित नहीं था। एनएसजी बुधवार को अपना 40वां स्थापना दिवस मना रहा है। केंद्र सरकार का विचार है कि एनएसजी को आतंकवाद-रोधी और विमान अपहरण-रोधी अभियानों के विशिष्ट कार्यों को संभालने के अपने मूल चार्टर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और उच्च जोखिम वाले वीआईपी की सुरक्षा का कार्य इसकी सीमित और विशेषज्ञ क्षमताओं पर 'बोझ' साबित हो रहा है। सूत्रों ने कहा था कि वीआईपी सुरक्षा कर्तव्यों से एनएसजी को हटाए जाने के बाद लगभग 450 'ब्लैक कैट' कमांडो को मुक्त किए जाने की उम्मीद है।

उमर अब्दुल्ला

कि यह सरकार जितनी बाकी लोगों की है, उतनी ही उनकी भी है।

उन्होंने यह भी कहा कि तीन मंत्रिपद खाली हैं और उन्हें धीरे-धीरे भरा जाएगा। इस बात की अटकलें तेज हो गईं कि क्या वे सीटें गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को मिलेंगी? विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस ने जहां 42 सीटें जीती हैं तो वहीं कांग्रेस को छह सीट पर जीत मिली है। शपथ ग्रहण समारोह इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए अपनी एकता प्रदर्शित करने का भी अवसर था। नेकां सरकार का शपथ ग्रहण समारोह जम्मू-कश्मीर में नेकां-कांग्रेस की जीत और हरियाणा में भाजपा के हाथों कांग्रेस की हार की पृष्ठभूमि में हुआ। इस अवस

संक्षेप

तेंदुलकर की मौजूदगी एनसीएल चैम्पियंस के लिए यादगार

डलास। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिये इसे यादगार पल बना दिया। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाये और तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने कहा, क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।

एशेज श्रृंखला 2025 26 पर्थ में शुरू होगी

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को कहा कि आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज टेस्ट श्रृंखला वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी। पहला टेस्ट 21 से 25 नवंबर तक पर्थ में खेला जायेगा जबकि दूसरा टेस्ट चार से आठ दिसंबर तक ब्रिसबेन में होगा जो दिन रात का टेस्ट होगा। एडीलेड ओवल में तीसरा टेस्ट 17 से 21 दिसंबर के बीच खेला जायेगा। मेलबर्न में पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से और सिडनी में पांचवां टेस्ट चार से आठ जनवरी के बीच खेला जायेगा। एशेज इस समय आस्ट्रेलिया के पास है जिसने 2023 में इंग्लैंड में ड्रॉ खेला था।

यूपी रुद्रास ने हार्दिक, ललित उपाध्याय और 4 अन्य खिलाड़ियों को खरीदा

नई दिल्ली। यूपी रुद्रास ने आगामी हॉकी इंडिया लीग सीजन के लिए पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन रविवार को भारत के मार्की मिडफील्डर हार्दिक सिंह, उनके साथी ओलंपिक पदक विजेता फॉरवर्ड ललित उपाध्याय और चार अन्य खिलाड़ियों को खरीदा। यदु स्पोर्ट्स द्वारा प्रमोटेड, यूपी रुद्रास फ्रैंचाइजी ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता डिफेंडर लार्स बाल्क (नीदरलैंड) के साथ-साथ केन रसेल (न्यूजीलैंड) और स्पेनिश फॉरवर्ड अल्वारो इग्लेसियस को एक्शन से भरपूर दोपहर में खरीदा, जिसमें प्रमुख खिलाड़ियों के लिए कुछ गहन बोलियाँ देखी गईं।

पारस म्हाम्ब्रे फिर मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच

मुंबई। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे बुधवार को इसी भूमिका में फिर से पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैम्पियन मुंबई इंडियंस से जुड़ गये। भारतीय टीम के साथ उनका गेंदबाजी कोच के तौर पर कार्यकाल इस साल भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद जून में समाप्त हुआ था। मुंबई इंडियंस ने कहा कि म्हाम्ब्रे (52 वर्ष) गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। जयवर्धने दो साल के अंतराल बाद फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। म्हाम्ब्रे इससे पहले मुंबई इंडियंस के साथ काम कर चुके हैं जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2013 में और चैम्पियंस लीग टी20 में 2011 और 2013 में खिताब जीता था। मुंबई इंडियंस ने सोमवार को जयवर्धने को मुख्य कोच के तौर पर फिर से अपनी टीम में शामिल किया था जिन्होंने 2017 से 2022 के बीच टीम को अपने मार्गदर्शन में तीन खिताब दिलाये थे।

डेनमार्क ओपन : महिला व मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती समाप्त

ओडेन्से (डेनमार्क)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की एक बार फिर खराब शुरूआत हुई और बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में देश की चुनौती समाप्त हो गई। भारत की दोनों जोड़ियों को अपने शुरूआती मुकाबलों में तीन गेम में हार झेलनी पड़ी जिसमें त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी शामिल थे। त्रिसा और गायत्री एक घंटे 14 मिनट तक चले महिला युगल के शुरूआती दौर के मैच में एक गेम की बढ़त गंवाकर मलेशिया की पीयर्ली टान और मुरलीथरन थिनाह से 21-19 17-21 15-21 हार गईं।

सिद्धांत ने सौरभ को हराकर की बड़ी उलट-फेर

योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विपिनखंड गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में चल रही योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 के पांचवें दिन बुधवार को मुख्य ड्रॉ में पुरुष एवं महिला एकल के पहले राउंड और पुरुष महिला एवं मिश्रित युगल के राउण्ड के मैच खेले गये।

पुरुष एवं महिला एकल के मुख्य दौर में 64-64 खिलाड़ी तथा पुरुष, महिला और मिश्रित युगल में मुख्य दौर की 32-32 खिलाड़ियों सहित कुल 224 खिलाड़ी मुख्य दौर में प्रतिभाग कर रहे हैं। पुरुष एकल में उत्तर प्रदेश के सिद्धांत सलार ने पेट्रोलियम के सौरभ वर्मा सीडेट खिलाड़ी को 21-16, 21-19 से हराकर उलट-फेर किया। साथ में उत्तर प्रदेश के चिराग सेठ ने अपने ही प्रदेश के हर्षित तोमर को 18-21, 21-12, 21-7 से हराकर अगले राउंड मे प्रवेश किया। महिला एकल में उत्तर प्रदेश के अमोलिका सिंह ने मध्य प्रदेश की अनुष्का साहपुरकर को 21-14, 21-11, उत्तर प्रदेश की स्नेहा सिंह ने असम की सूजैन को 21-14, 21-18 तथा उत्तर प्रदेश की मानसी सिंह ने हरियाणा की मुस्कार संगवान को 21-13, 21-17 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। महिला युगल में उत्तर प्रदेश की सोनाली सिंह व अमरूथा पी. (कर्नाटक) ने शिखा ओवला व महेश्वरी जी. को 21-15, 21-10 से हराया। मिश्रित युगल में प्रदेश के अर्श मोहम्मद व ओडिशा की प्रगति परिदा की जोड़ी ने केरला की अरविन्द वी. सुरेश व गौरीकृष्णा टी.आर की जोड़ी को 21-13, 22-20 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश में धुला

एजेंसी

बेंगलुरू। बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिये बारिश रूकी। लेकिन हालात को देखकर दो बजकर 34 मिनट पर खेल रद्द करने का फैसला किया गया।

इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिये हटाई गई तो दर्शक काफी रोमांचित हो गए। लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था। सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह नौ बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंडोर अभ्यास करते देखकर दर्शक काफी रोमांचित भी हो गए। दूसरे दिन भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। दोनों टीमें बारिश के कारण अभ्यास भी नहीं कर सकी थी। दूसरे दिन का खेल सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा और टॉस आठ बजकर 45 मिनट पर कराया जायेगा।

भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराने का विकल्प नहीं, अन्य विकल्प उपलब्ध हैं: ईसीबी के शीर्ष अधिकारी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन सहित शीर्ष अधिकारियों ने सुझाव दिया है कि भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराना कोई विकल्प नहीं है और अगर रोहित शर्मा की टीम मेजबान देश पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है तो कई अन्य विकल्प उपलब्ध हैं। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है और उनकी यात्रा पूरी तरह से सरकार की मंजूरी पर निर्भर होती है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सरकार से टीम को लाहौर भेजने की अनुमति मिलने की संभावना नहीं है जिससे हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी सबसे संभावित विकल्प लग रहा है। पिछले साल एशिया कप की तरह भारत अपने मैच किसी तीसरे देश में खेल सकता है जबकि अन्य मुकाबले पाकिस्तान में आयोजित किए जा सकते हैं।

विश्व कप : आस्ट्रेलिया का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर भारी

एजेंसी

दुबई। आठवीं बार फाइनल में प्रवेश की कोशिश में जुटी आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। आस्ट्रेलिया 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल खेल चुका है। छह बार की चैम्पियन टीम का सामना दक्ष्ज्ञिण अफ्रीका से होगा। दोनों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। आंकड़ों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका टीम आस्ट्रेलिया के आगे कहीं नहीं ठहरती। आस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ दस महिला टी20 मैचों में से नौ जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एकमात्र जीत जनवरी में दर्ज की। महिला टी20 विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ सातों मुकाबले जीते हैं। मौजूदा आस्ट्रेलियाई टीम का कोर ग्रुप बरसों से साथ खेल रहा है, सिर्फ मेग लानिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। बाकी सभी दस खिलाड़ियों ने 2023 का फाइनल खेला था। एलिसा हीली, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगान शट, एशले गार्डनर के प्रदर्शन पर सभी की नजरें होंगी। दुबई के धीमे विकेट पर आस्ट्रेलिया की ताकत उसकी बल्लेबाजी की गहराई साबित हुई है। फोबे लिचफील्ड और अनाबेल सदरलैंड आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताकत उसकी स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा है जो अभी तक चार ग्रुप लीग मैचों में दस विकेट ले चुकी है। कप्तान लौरा वोल्वार्ट, सलामी बल्लेबाज तजनीम ब्रिट्ज और अनुभवी मियानो काप सभी मैच विनर हैं। लेकिन इस बार सामना हीली एंड कंपनी से है और दक्षिण अफ्रीकी खेमा दुआ कर रहा होगा कि इस बार वे सारे मिथक तोड़कर जीत दर्ज करेंगे।

शाकिब टेस्ट विदाई के लिए तैयार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश टीम में

ढाका। आलराउंडर शाकिब अल हसन घरेलू दर्शकों के सामने टेस्ट क्रिकेट में अपना आखिरी मुकाबला खेलने के लिए तैयार हैं और उन्हें सोमवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले मैच के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ कानपुर में दूसरे और अंतिम टेस्ट से पहले शाकिब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हॉकी इंडिया लीग में सबसे महंगे खिलाड़ी हरमनप्रीत और उदिता

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग की नीलामी में सबसे महंगे बिके हरमनप्रीत सिंह और उदिता दुहान टूर्नामेंट में अपने प्रशंसकों से दर्शकों का दिल जीतने के लिये बेताब हैं। हरमनप्रीत सिंह को पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब ने तीन दिन तक चली नीलामी के पहले दिन 78 लाख रूपये में खरीदा। वहीं उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रूपये में खरीदा। पुरूषों की लीग में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार हो रही महिला लीग में चार टीमें भाग लेंगी। हरमनप्रीत ने कहा, मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। मेरा नाम नीलामी के लिये आया तो मैं आंखें गड़ाकर देख रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि सरदार सिंह मेरे नाम पर बोली लगायें ताकि मुझे हरियाणा और पंजाब के लिये खेलने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा, जब सूरमा हॉकी क्लब ने मुझे खरीदा तो मैने राहत की सांस ली। मैं बहुत ही खुश हूं। भारतीय कप्तान ने कहा, हमारे पास काफी संतुलित टीम है। इसमें अनुभवी, बड़े नामी और युवा खिलाड़ी हैं जो भविष्य में काफी बड़े सितारे बन सकते हैं। भारतीय महिला टीम की डिफेंडर उदिता ने कहा, हॉकी इंडिया ने पुरूषों के साथ महिला लीग शुरू करके नये मानदंड कायम किये हैं। हमारे लिये यह अपनी प्रतिभा दिखाने और बतौर खिलाड़ी खुद को निखारने का सुनहरा मौका होगा।

नयी दिल्ली में खो-खो विश्व कप 13 जनवरी से

एजेंसी

नयी दिल्ली। अगले साल 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहला खो खो विश्व कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह टूर्नामेंट भारत के स्वदेशी खेल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का मौका है। टूर्नामेंट के घोषणा समारोह के दौरान टीम महाराष्ट्र और शेष भारत के बीच एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र 26-24 से विजयी रहा। समारोह के दौरान विश्व कप के आधिकारिक लोगो (प्रतीक चिन्ह) और टैगलाइन का भी अनावरण किया गया। टूर्नामेंट में 24 देशों का प्रभावशाली लाइन अप होगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक डिविजन में 16 टीम होंगी जिससे दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, खो खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है। इसलिए हमें इस खेल को मैदान पर लाने पर बहुत गर्व है। खो खो को अंतरराष्ट्रीय खेल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले महासंघ को बहुत धन्यवाद। इस मौके पर युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी मौजूद थीं।

एआईटीए अगले साल जनवरी से मार्च के बीच 13 टूर्नामेंट आयोजित करेगा

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने बुधवार को घोषणा की कि उसने 2025 सत्र में जनवरी से मार्च तक घरेलू कोर्ट पर 13 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बनाई है जिसमें चार एटीपी चैलेंजर्स और एक डब्ल्यूटीए 125 टूर्नामेंट शामिल है जिनकी मिलाकर पुरस्कार राशि लगभग 10 करोड़ रुपये और 1100 रैंकिंग अंक हैं। महिलाओं के लिए लगातार तीन आईटीएफ टूर्नामेंट जनवरी 2025 में कराये जायेंगे जिसकी शुरूआत 13 जनवरी से नयी दिल्ली में 40,000 डॉलर के टूर्नामेंट से होगी। फिर 20 जनवरी से बेंगलुरु में 10,000 डॉलर राशि और पुणे में 70,000 डॉलर राशि का टूर्नामेंट खेला जायेगा। मुंबई में तीन फरवरी से एल एंड टी मुंबई ओपन के दूसरे चरण का आयोजन होगा। एआईटीए की विज्ञप्ति के अनुसार, इन चार टूर्नामेंटों से 350 से अधिक डब्ल्यूटीए अंक मिलेंगे और कुल पुरस्कार राशि 350000 अमेरिकी डॉलर होगी जो भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए अपने विकास में तेजी लाने का बड़ा मौका होगा। महासंघ के प्रबंधन के लिए हाल में नये पदाधिकारियों की एक टीम चुनी गई थी लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर चुनाव के परिणाम घोषित नहीं किए गए जो मतदान की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। विज्ञप्ति में कहा

अर्जेंटीना ने बोलिविया को 6-0 से हराया

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेस्सी की हैट्रिक और दो गोल में सहायता की मदद से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6 . 0 से हरा दिया। अक्टूबर में हो रही प्रतिस्पर्धा के दो दौर में दाहिने टखने की चोट की वजह से नहीं खेल सके मेस्सी ने मंगलवार को पूरा मैच खेला। उन्होंने 19वें मिनटमें पहला गोल किया। इसके अलावा लौटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। 37 वर्ष के मेस्सी ने 84वें और 86वें मिनट में भी गोल दागे।

अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4 . 0 से हराया। अर्जेंटीना 10 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनायेंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जायेंगे।

मेस्सी ने दागे तीन गोल

एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने बलात्कार संबंधी स्वीडन मीडिया की रिपोर्ट को खारिज किया

स्टॉकहोम। फ्रांस के फुटबॉल स्टार काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने स्वीडन के मीडिया में छपी उस रिपोर्ट को झूठी और गैर जिम्मेदाराना बताया है जिसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ बलात्कार के एक मामले में जांच चल रही है। सूत्रों का हवाला दिये बिना स्वीडन के कई मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि रीयाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे के खिलाफ बलात्कार के मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद स्वीडन के अभियोजकों ने मंगलवार को छोटा सा बयान जारी किया कि पुलिस के पास बलात्कार की एक शिकायत आई है लेकिन इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया। बयान में कहा गया, रिपोर्ट के अनुसार यह घटना स्टाकहोम के एक होटल में 10 अक्टूबर 2024 की है। एमबाप्पे की मीडिया टीम ने कहा, ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर जिम्मेदाराना है। काइलियान एमबाप्पे अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करेंगे। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी एमबाप्पे ने लिखा, फेक न्यूज।

गोल नहीं कर सके रोनाल्डो, पुर्तगाल ने स्कॉटलैंड से ड्रॉ खेला

मैड्रिड। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतरराष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आये लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप एवन में शीर्ष पर है जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3 . 0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3 . 3 से ड्रॉ खेला। कोसोवो ने साइप्रस को ग्रुप सी के मैच में 3 . 0 से हराया जबकि रोमानिया ने लिथुआनिया को 2 . 1 से मात दी। बेलारूस ने लक्जेमबर्ग से 1 . 1 से ड्रॉ खेला।

मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच आईएसएल मुकाबला 11 जनवरी को

नयी दिल्ली। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच इंडियन सुपर लीग फुटबॉल का मुकाबला 11 जनवरी को होगा। आयोजकों ने 2024 . 25 सत्र के कार्यक्रम की पूरी सूची आज जारी की। कोलकाता के दो दिग्गज क्लबों के बीच दूसरे चरण का मुकाबला एक फरवरी को होगा जब मोहन बागान की टक्कर मोहम्मडन स्पोर्टिंग से होगी। मोहम्मडन और ईस्ट बंगाल का सामना 16 फरवरी को होगा। सारे मुकाबले विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में खेले जायेंगे।

बेंगलुरू एफसी टीम जेआरडी टाटा खेल परिसर में खेलने चार जनवरी को जमशेदपुर जायेगी। वहीं पंजाब एफसी पांच फरवरी को दिल्ली में केरला ब्लास्टर्स से खेलेगा। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा के बीच मैच चार जनवरी को होगा। नार्थ ईस्ट युनाइटेड एफसी शिलॉंग के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर सात फरवरी को मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इसके बाद 21 फरवरी को उसे बेंगलुरू एफसी से और आठ मार्च को ईस्ट बंगाल से खेलना है। केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयिन एफसी का सामना 30 जनवरी को चेन्नई में होगा। चेन्नइयिन और बेंगलुरू एफसी की टक्कर 25 फरवरी को होगी।

इंग्लैंड दूसरे टेस्ट में लड़खड़ाया

एजेंसी

मुल्तान (पाकिस्तान)। बेन डकेट के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड का शीर्ष क्रम दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान के स्पिनरों के मुफीद पिच पर लड़खड़ा गया जिससे स्टंप तक पहली पारी में उसका स्कोर छह विकेट पर 239 रन रहा। इंग्लैंड की टीम पहली पारी के हिसाब से पाकिस्तान से 127 रन से पीछे है। पाकिस्तान की टीम लंच के तुरंत बाद पहली पारी में 366 रन पर सिमट गई।

डकेट ने 129 गेंद में 114 रन की शतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड की टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन उसने पाकिस्तान के स्पिनरों साजिद खान (86 रन देकर चार विकेट) और नोमान अली (75 रन देकर दो विकेट) ने चार विकेट जल्दी जल्दी गंवा दिये। खान ने इंग्लैंड का बड़ा विकेट जो रूट (34 रन) के रूप में हासिल किया। फिर उन्होंने डकेट और हैरी ब्रुक (09) के विकेट चटकाये। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले बेन स्टोक्स ने पांच गेंद में एक रन ही बनाया था कि वह अली की बायें हाथ की स्पिन के झांसे में आ गये और विकेट गंवा बैठे। स्टंप तक जेमी स्मिथ 12 और ब्रायडन कार्स दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले डकेट ने शानदार स्वीप शॉट्स की बदौलत स्पिनरों पर दबदबा बनाया और रूट के साथ 86 रन की भागीदारी निभाई। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की पारी और 47 रन की जीत में 262 रन की यादगार पारी खेलने वाले रूट 34 रन बनाकर खान की गेंद पर पगबाधा आउट हो गये और फिर डकेट ने इस ऑफ स्पिनर की गेंद पर बल्ला छुआकर स्लिप में कैच दे बैठे। पिछले हफ्ते इसी स्थल पर तिहरा शतक जड़ने वाले ब्रुक भी खान की लेंथ बॉल पर क्लीन बोल्ड हो गये। इस तरह पाकिस्तान ने अपने स्पिनरों की बदौलत इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप को लड़खड़ा दिया। सलामी बल्लेबाज जाक क्राउले ने 27 रन बनाये और डकेट के साथ पहले विकेट के लिए 73 रन की भागीदारी निभाई।

6 विकेट के नुक्सान पर 239 रन

निज्जर मामले में सहयोग नहीं कर रहा भारत : अमेरिका

भारतीय एजेंटों को बताया सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारत पिछले साल एक सिख अलगाववादी की हत्या के मामले में कनाडा की जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कनाडा के मामले की बात करें तो हमने स्पष्ट कर दिया है कि आरोप बेहद गंभीर हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत सरकार कनाडा के साथ जांच में सहयोग करे। जाहिर है, उन्होंने वह रास्ता नहीं चुना है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक दिन पहले आरोप लगाया था कि पिछले साल जून में सरे में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारी शामिल थे। ट्रूडो ने आरोप लगाया, देश के राष्ट्रीय पुलिस बल रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के पास स्पष्ट और पुख्ता सबूत हैं कि भारत सरकार के एजेंट ऐसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं और अब भी शामिल हैं जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हैं। इसमें गुप्त सूचना एकत्र करने की तकनीकें, दक्षिण एशियाई कनाडाई लोगों को निशाना बनाने वाला बलपूर्वक व्यवहार और हत्या सहित एक दर्जन से अधिक धमकी भरे और हिंसक कृत्यों में शामिल

होना शामिल है। यह अस्वीकार्य है। इन आरोपों को खारिज करते हुए भारत ने न केवल कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया, बल्कि नयी दिल्ली से उसके छह राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा कुछ आरोप लगाए जाने के बाद से कनाडा सरकार ने हमारी ओर से कई अनुरोधों के बावजूद भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। यह हालिया कदम उन बातचीत के बाद उठाया गया है जिसमें फिर से बिना किसी तथ्य के दावे किए गए हैं। इससे इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि यह जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर भारत को बदनाम करने की एक रणनीति है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री ट्रूडो का भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख लंबे समय से देखने को मिल रहा है। ट्रूडो ने 2018 में भारत की यात्रा की थी जिसका मकसद वोट बैंक को साधना था, लेकिन यह यात्रा उन्हें असहज करने वाली साबित हुई। उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो भारत को लेकर चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से खुले तौर पर जुड़े हुए हैं। दिसंबर 2020 में भारत की आंतरिक राजनीति में उनका स्पष्ट हस्तक्षेप दिखाता है कि वह इस संबंध में कहां तक जाना चाहते थे। मंत्रालय ने कहा, उनकी सरकार एक राजनीतिक दल पर निर्भर थी, जिसके नेता भारत के खिलाफ खुलेआम अलगाववादी विचारधारा का समर्थन करते हैं जिससे मामला और बिगड़ गया। कनाडा की राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप को नजरअंदाज करने के लिए आलोचना झेल रही उनकी सरकार ने नुकसान को कम करने के प्रयास में जानबूझकर भारत को शामिल किया है। भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाला यह ताजा घटनाक्रम अब उसी दिशा में अगला कदम है। यह कोई संयोग नहीं है कि यह उस समय हुआ है जब प्रधानमंत्री ट्रूडो को विदेशी हस्तक्षेप पर एक आयोग के समक्ष गवाही देनी है।

पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए खुद यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करनाउ भाजपा के एक कार्यकर्ता के रूप में पहला सक्रिय सदस्य बनने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे। प्रधानमंत्री के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नड्डा ने कहा कि जमीनी स्तर पर भाजपा की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने आज सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की है और इस अभियान के पहले सक्रिय सदस्य बन गए हैं। उन्होंने कहा यह आंदोलन हमारे कार्यकर्ताओं के बीच प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना को मजबूत करेगा और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के लिए सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त करेगा।

संक्षेप

तुर्किये में भूकंप के झटके महसूस किये

अंकारा। पूर्वी तुर्किये में बुधवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये जिससे लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण किसी के गंभीर रूप से घायल होने या नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। एएफएडी के नाम से जानी जाने वाली सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5.9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में पूर्वाह्न 10 बजकर 46 मिनट पर आया। हेबरतर्क टेलीविजन की खबर के अनुसार, भूकंप का असर निकटवर्ती शहरों दियारबाकिर, एलाजिग, सनलीउर्फा और टुन्सेली में भी महसूस किया गया। मालाट्या और एलाजिग में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया। हैबरतर्क टेलीविजन की खबर के अनुसार मेयर साहिन सेरीफोगुल्लारी ने बताया कि एलाजिग में लगभग 12 लोग दहशत में खिड़कियों से बाहर कूदने के कारण मामूली रूप से घायल हो गए। मालाट्या में लगभग 20 ऐसी घटनाएं सामने आईं। मालाट्या उन 11 प्रांतों में से एक था जो पिछले साल तुर्किये और उत्तरी सीरिया के कुछ हिस्सों में आए जबरदस्त भूकंप से तबाह हो गया था। तुर्किये में 53,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

चुनौतियों के लिए एससीओ को मजबूत करें सदस्य देश : शहबाज

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने और निकट सहयोग स्थापित करने के लिए संगठन के ढांचे को मजबूत करने का आग्रह किया। शरीफ ने एससीओ के सदस्य देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की 23वीं बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, बहुपक्षवाद के प्रतीक शंघाई सहयोग संगठन के प्रतिष्ठित मंच पर मैं इस विश्वास के साथ खड़ा हूं कि हमारे पास, हमारे लोगों के लिए, ऐसा अधिक समृद्ध और सुरक्षित भविष्य बनाने की न केवल क्षमता है, बल्कि इच्छा भी है जो समावेशी हो और सभी सदस्य देशों की साझा आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता हो। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा, हम परिवर्तन के एक ऐसे ऐतिहासिक क्षण में हैं, जब बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव वैश्विक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता, बेहतर संपर्क और सतत सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई।

जम्मू-कश्मीर को दिलायेंगे पूर्ण राज्य का दर्जा : खरगे

एजेंसी

श्रीनगर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि दोनों दल पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए मिलकर लड़ाई लड़ेंगे।

उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। खरगे ने कहा, हमें खुशी है कि हमारे गठबंधन के सहयोगी मुख्यमंत्री बन गए हैं और यह जम्मू-कश्मीर के लिए एक बड़ी सफलता है। आज लोकतंत्र बहाल हो गया और हम इसे मजबूत करने के लिए मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा, हम तब तक लड़ते रहेंगे जब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा वापस नहीं मिल जाता। उमर के शपथ ग्रहण समारोह में विपक्षी इंडिया गठबंधन के लगभग सभी नेताओं ने हिस्सा लिया।

शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में आयोजित शपथ ग्रहण में हिस्सा लेने के लिए आए नेताओं में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी (सपा) के अखिलेश यादव, वामपंथी नेता प्रकाश करात और डी. राजा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) की कनिमोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती शामिल थीं।

रूस पर जीत की योजना में यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता शामिल : जेलेंस्की

एजेंसी

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि रूस के खिलाफ जीत की उनकी योजना से क्षेत्र में अगले साल तक शांति बहाल हो सकती है, लेकिन इसमें युद्ध समाप्त होने से पहले कीव को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य बनाने की आवश्यकता शामिल है, जिसका कुछ प्रमुख पश्चिमी सहयोगियों ने अभी तक समर्थन नहीं किया है।

जेलेंस्की ने यूक्रेन की संसद वेरखोव्ना राडा में दिए संबोधन में कहा, अगर हम अपनी जीत की योजना के मुताबिक बढ़ना शुरू करें, तो अगले साल तक युद्ध समाप्त करना संभव हो सकता है। उन्होंने पांच सूत्री विजय योजना पेश की, जिसका पहला बिंदु-युद्ध के बीच यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देना-संभवतः सबसे महत्वाकांक्षी और पश्चिमी सहयोगियों को सर्वाधिक परेशान करने वाला है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता प्रदान करना युद्ध में कीव के समर्थन के (सहयोगी देशों के) दृढ़ संकल्प का प्रमाण होगा। नाटो का अनुच्छेद-5 सामूहिक सुरक्षा की गारंटी देता है और इसे वह स्तंभ माना जाता है, जिस पर संगठन की विश्वसनीयता टिकी हुई है। यह सभी सदस्य देशों के उस सदस्य की मदद के लिए आगे आने की राजनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसकी संप्रभुता या क्षेत्रीय अखंडता खतरे में है। नाटो आम सहमति से अपने फैसले लेता है। अमेरिका और जर्मनी सहित कई सदस्य देश रूस से युद्ध के बीच यूक्रेन को संगठन में शामिल किए जाने के खिलाफ हैं, क्योंकि उन्हें मॉस्को के साथ बड़े पैमाने पर जंग में शामिल होने की आशंका है।

जुलाई में वाशिंगटन में आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन में इसके 32 सदस्य देशों ने घोषणा की थी कि यूक्रेन पश्चिमी सैन्य गठबंधन की सदस्यता हासिल करने के लिए अपरिवर्तनीय मार्ग पर है। सदस्यता के लिए वार्ता शुरू करने के संबंध में कोई भी फैसला जून 2025 में नीदरलैंड में प्रस्तावित अगले शिखर सम्मेलन से पहले संभव नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, जेलेंस्की की विजय योजना में रूसी सरजमीं पर विभिन्न लक्ष्यों पर लगातार हमले करना, अगस्त में रूस के कुर्स्क क्षेत्र में शुरू हुई सैन्य कार्वाई को जारी रखना और रूस के बुनियादी ढांचे को ड्रोन व मिसाइल से निशाना बनाना शामिल है।

चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को राजनीतिक चश्मे से न देखें

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में बीजिंग की बेल्ट एंड रोड पहल की वकालत की और इसका समर्थन करने की भारत की अनिच्छा के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि ऐसी संपर्क परियोजनाओं को संकीर्ण राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

शरीफ ने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित करते हुए कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड पहल और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे जैसे प्रयासों का विस्तार किया जाना चाहिए। भारत ने चीन की एकतरफा पहल के प्रति खास उत्साह नहीं दिखाया है। उसने चीन-पाकिस्तान गलियारे की कई बार आलोचना करते हुए कहा है कि यह उसकी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है क्योंकि इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। शरीफ ने भारत के रुख को परोक्ष चुनौती देते हुए कहा, हमें ऐसी परियोजनाओं को संकीर्ण राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए, बल्कि अपनी सामूहिक संपर्क क्षमताओं में निवेश करना चाहिए जो आर्थिक रूप से एकीकृत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। एससीओ में चीन, भारत, रूस, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं।

इजराइली हमलों से लेबनान में 15 की मौत

एजेंसी

बेरूत। लेबनान के दक्षिण काना शहर में इजराइल के हमलों में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी है। इस शहर का हिजबुल्ला के साथ अतीत में हुए संघर्षों के दौरान इजराइली हमलों में कई नागरिकों के मारे जाने का इतिहास रहा है। इस बीच, इजराइल ने करीब एक सप्ताह बाद पहली बार बुधवार तड़के बेरूत के दक्षिण उपनगरों में हमले किए। इजराइली सेना ने मंगलवार देर रात काना में किए हमलों पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। लेबनान के सिविल डिफेंस ने कहा कि एक इमारत के मलबे से 15 शव बरामद किए गए हैं और बचाव प्रयास अब भी जारी हैं। काना में ही 1996 में संयुक्त राष्ट्र के परिसर पर इजराइल के हमले में कम से कम 100 नागरिक मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हो गए थे। इस परिसर में सैकड़ों विस्थापित लोग रह रहे थे। 2006 के युद्ध के दौरान एक रिहायशी इमारत पर इजराइल के हमले में करीब 36 लोग मारे गए थे जिनमें से एक तिहाई बच्चे थे। इजराइल ने उस समय कहा था कि उसने इमारत के पीछे हिजबुल्ला के एक रॉकेट लॉन्चर को निशाना बनाया था।

इंटरटेनमेंट...

शाहरुख के टीवी शो 'फौजी' का बनेगा सीक्वल

मुंबई। शाहरुख खान का आइकॉनिक सीरियल फौजी अब 35 साल बाद टीवी पर वापसी करने वाला है। फिल्ममेकर संदीप सिंह ने दूरदर्शन के साथ मिलकर फौजी 2 का अनाउंसमेंट किया है। ये शो सेना के लोगों की चुनौतियों, संघर्षों और दोस्ती पर आधारित होगा।

इसमें नए कलाकारों को अहम रोल में दिखाया जाएगा। फिल्ममेकर संदीप सिंह ने कहा, 'हम टीवी के सबसे बेहतरीन शो में से एक को नए और मजेदार तरीके से वापस ला रहे हैं। 1989 का 'फौजी' ने हमें शाहरुख खान जैसा एक्टर दिया। देखते ही देखते शाहरुख बॉलीवुड के बादशाह बन गए। अब 'फौजी 2' के साथ, मैं फिर से इतिहास बनाना चाहता हूं और हर भारतीय, खासकर युवाओं से जुड़ना चाहता हूं।'फौजी 2' में अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन अपना एक्टिंग डेब्यू करेंगे। इस शो में विक्की कर्नल संजय सिंह के रोल में नजर आएंगे।

गौहर खान लेफ्टिनेंट कर्नल सिमरजीत कौर का किरदार निभाएंगी, जो हथियार चलाने में स्पेशलैटी रखने वाली कैडेट ट्रेनर हैं। इसके अलावा इस शो से 12 एक्टर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखेंगे।

लैक्मे 2024 फिनाले : एक साल बाद रोहित बल की वापसी

नयी दिल्ली। लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई 2024 के ग्रैंड फिनाले में मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल ने अपने ताजा कलेक्शन को पेश किया और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझने के कारण करीब 10 महीने बाद रैंप पर वापसी की। बल ने रविवार रात को अपने परिधानों का संग्रह - कायनात : ए ब्लूम इन द यूनिवर्स पेश किया। अभिनेत्री एवं लैक्मे की मॉडल अनन्या पांडे बल के इस संग्रह के लिए शो स्टॉपर बनीं।

बल के इस संग्रह में मखमली लहराते कपड़ों पर जटिल कढ़ाई और चटख रंगों का प्रयोग शामिल था, जो ब्रह्मांड के रहस्यों को दर्शाते थे। नाजुक फूलों की आकृतियां जीवन में भरे रंगों का प्रतीक थीं तथा उनका हर परिधान कली के फूल बनकर खिलने और तारों से जगमग आकाश के नीचे झिलमिलाती रोशनी के सफर को बयां करते थे। बल ने कायनात को कुदरत के चमत्कारों का सफर करार दिया है जिसमें जीवन और खूबसूरती के खिलने का जश्न मनाया गया है। बल (63) ले कहा, लक्मे के साथ साझेदारी करना एक रोचक अनुभव रहा और यह संग्रह प्रकृति के श्रृंगार और सौंदर्य की शक्ति, दोनों को दर्शाता है।

आदित्य चोपड़ा ने बड़े बजट की फिल्म में रोल देने से किया मना

मुंबई। फिल्म अभिनेता वरुण धवन ने मंगलवार को खुलासा किया कि उन्होंने एक बार फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा से किसी एक्शन फिल्म में भूमिका देने की मांग की थी, लेकिन निर्माता ने यह कहते हुए उन्हें मना कर दिया था कि फिलहाल उनको लेकर अधिक बजट की फिल्म बनाना उचित नहीं होगा।

सिटाडेल: हनी बनी सीरिज पूर्व में लोगों की पसंदीदा जासूसी श्रृंखला सिटाडेल का भारतीय रूप है और इसमें सामंथा रूथ प्रभु के साथ वरुण धवन नजर आएंगे। धवन ने प्राइम वीडियो शो का ट्रेलर जारी होने के मौके पर इस वाकए का जिक्र किया। धवन ने कहा, लॉकडाउन के दौरान मैं आदित्य चोपड़ा से मिला, वह उस समय फिल्म टाइगर-3 पर काम कर रहे थे। मैंने उनसे पूछा, आप युवा प्रतिभाओं के साथ एक्शन फिल्म क्यों नहीं बनाते? उन्होंने कहा, मैं आपको अभिनय वाली भूमिकाएं देना चाहता हूं।

भारतीय साइबर अपराध की ब्रांड एंबेसडर बनी रश्मिका मंदाना

नयी दिल्ली। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को मंगलवार को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) का राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। आई4सी भारत में साइबर अपराध से निपटने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक पहल है।

पुष्पा : द राइज, डियर कॉमरेड और एनिमल जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाली रश्मिका साल की शुरुआत में तब सुर्खियों में आई थीं, जब सोशल मीडिया पर उनका एक डीप फेक वीडियो बड़े पैमाने पर प्रसारित हुआ था। साइबर अपराध का दंश झेल चुकी रश्मिका ने कहा, हमारी ऑनलाइन दुनिया की रक्षा करने के लिए कड़े उपाय करने का समय आ गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, आइए हम सब मिलकर खुद के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित साइबर स्पेस बनाएं। मैं आई4सी की ब्रांड एंबेसडर के रूप में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को साइबर अपराधों से बचाना चाहती हूं। मुझे और भारत सरकार को आपकी मदद करने दीजिए। इंस्टाग्राम पर रश्मिका को 4.42 करोड़, जबकि एक्स पर 49 लाख लोग फॉलो करते हैं। अभिनेत्री ने लोगों से 1930 पर कॉल करके या वेबसाइट पर जाकर साइबर अपराधों की शिकायत करने की अपील की।

एक्स पर गृह मंत्रालय के साइबर सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जागरूकता हैंडल साइबर दोस्त पर रश्मिका का आई4सी की राष्ट्रीय ब्रांड एंबेस्डर के रूप में स्वागत किया गया। साइबर दोस्त पर जारी एक पोस्ट में कहा गया, पूरे भारत में लोकप्रिय रश्मिका मंदाना को आई4सी की राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके खुशी हो रही है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com